आषाढ़ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 19 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 329, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



बाइडन फिर कोविड-19 से संक्रमित हुए : व्हाइट हाउस 16
रेस 4 में दिखेंगे सलमान और सैफ 2

# गोंडा में रेल हादसा, दो की मौत, 34 घायल

## चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन की 8 बोगियां पलटीं, मुख्यमंत्री ने हादसे का लिया संज्ञान, रेलवे ने बैठाई जांच

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन गुरुवार दोपहर ढाई बजे मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप अचानक डिरेल हो गई। ट्रेन के एसी कोच के तीन डिब्बे पलट गए, जबकि 5 अन्य बोगियां पटरी से उतर गईं।

हादसे में दो यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 34 यात्री घायल हो गए। घायलों में 11 यात्रियों की हालत गंभीर है। 9 घायल जिले के मेडिकल कॉलेज में भर्ती है, जबकि तीन घायलों को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया है। रेलवे ने घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

रेलवे के अनुसार एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार की शाम को चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जाने के लिए निकली थी। ट्रेन करीब 2:15 बजे गोंडा स्टेशन पहुंची ही थी और 2:25 बजे गोंडा स्टेशन से गोरखपुर के लिए रवाना हुई थी। गोंडा गोरखपुर रेल खंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप करीब 2:40 बजे अचानक ट्रेन डिरेल हो गई। इंजन के पीछे लगी एसी की तीन बोगियां पटरी से उतरकर ट्रैक के किनारे खेतों में जाकर पलट गईं। जबकि ट्रेन की पांच अन्य बोगी पटरी से उतर गईं। हादसे के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए राहत व बचाव कार्य शुरू किया और ट्रेन में फंसे यात्रियों को बाहर निकाल कर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। हादसे में दो यात्रियों की मौके पर मौत हुई है, जबकि 34 यात्री घायल हुए हैं। घायलों में 11 यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। 9 यात्रियों को जिले के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जबकि तीन घायलों को लखनऊ रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलने पर देवीपाटन मंडल के कमिश्नर शशि भूषण लाल श्रीवास्तव, डीएम नेहा शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व पूर्वोत्तर रेलवे की डीआरएम सौम्या माथुर की घटनास्थल पर पहुंची और हादसे की जानकारी ली।

**दर्दनाक** घायलों में 11 की हालत गंभीर



मनकापुर-गोंडा के बीच पिकौरा गांव के पास बेपटरी हुई चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस। ● एजेंसी

### यूं हुआ घटनाक्रम

- ट्रेन नंबर 15904
- दोपहर 2 : 40 बजे हुआ हादसा
- अपराह्न 3 :30 बजे दुर्घटना यान पहुंचा
- शाम 6 :30 बजे डीआरएम सौम्या माथुर पहुंची
- 22 बोगियों में दो पूरी तरह पलट गईं, पांच पटरी से उतर गईं

### आर्थिक मदद की घोषणा

पूर्वोत्तर रेलवे के संरक्षा आयुक्त की ओर से मृतकों को दस लाख, गंभीर घायलों को ढाई लाख तथा कम घायलों को 50 हजार देने की घोषणा की है। हादसे के बाद सीआरएस की हाई लेवल मीटिंग में यह आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है।

### डीएम बोलीं- राहत व बचाव कार्य जारी

डीएम नेहा शर्मा ने हादसे में दो यात्रियों के मौत की पुष्टि की है। डीएम ने बताया कि इस हादसे में ट्रेन के आठ डिब्बे डिरेलमेंट का शिकार हुए हैं। हादसे में पांच यात्री घायल हुए हैं। घायलों को फर्स्ट एड देकर उनका इलाज कराया जा रहा है। मौके पर राहत व बचाव कार्य पूरा कर लिया गया है। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए रोडवेज के बसें लगाई गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार मौके पर चार लोगों की मौत हुई है। रेल प्रशासन ने अभी तक घायलों व मरने वालों की सूची जारी नहीं की है। जबकि जिला प्रशासन ने दो लोगों के मृत्यु की पुष्टि की है।

“ हादसे में दो लोगों की मौत हुई है। कई लोगों के घायल होने की भी सूचना है। जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा रेलवे की तरफ से की गई है।
– **पंकज कुमार सिंह**, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर

## सेंसेक्स पहली बार 81,000 अंक के पार

**मुंबई।** शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी का सिलसिला गुरुवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 627 अंक उछलकर पहली बार 81,343 अंक के ऊपर बंद हुआ। निफ्टी भी 24,800 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया। आईटी, तेल एवं गैस तथा दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। बाजार में शुरुआत कमजोर रही और एक समय यह 80,390.37 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। हालांकि आईटी शेयरों तथा सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी में लिवाली से सूचकांक नुकसान से उबर गया।



- सेंसेक्स 627 अंक ऊपर चढ़ा, निफ्टी 24,800 अंक के नये शिखर पर

## विवादित ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की मां गिरफ्तार

**पुणे।** विवादित ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को ग्रामीण पुलिस ने कथित तौर पर बंदूक दिखाकर किसानों को धमकाने के आरोप में गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। मनोरमा के खिलाफ किसानों को धमकाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। मनोरमा को रायगढ़ जिले के महाड स्थित एक होटल से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पिछले काफी समय से मनोरमा की तलाश कर रही थी।



### एक नजर

#### केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति घोटाला मामलों में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर बृहस्पतिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अपने वकीलों के साथ दो अतिरिक्त बैठकों की अनुमति दिये जाने का अनुरोध किया है। ईडी और तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने इस कदम का विरोध किया और कहा कि कानून सभी के लिए समान है।

#### बब्बर खालसा के सदस्य हथियारों सहित गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल समर्थित आतंकी मॉड्यूल के एक सदस्य को हाथियार सहित गिरफ्तार किया है। डीजीपी ने गुरुवार को बताया कि अमृतसर के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने अमेरिका स्थित आतंकवादी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया और इटली स्थित उसके सहयोगी रेशम को गिरफ्तार किया है।

## नक्सलियों ने सुरंग को उड़ाया, दो जवान शहीद

बीजापुर, एजेंसी

- गंभीर रूप से घायल चार जवानों को रायपुर अस्पताल भेजा

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया, जिससे विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के दो जवानों की जान चली गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के दो आरक्षक-भरत साहू और सत्येर सिंह कांगे की मौत हो गई, जबकि चार अन्य जवानों के घायल होने की खबर है। अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी।

इसके बाद 16 जुलाई को इन जिलों से एसटीएफ, डीआरजी और सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया। अधिकारियों के मुताबिक, संयुक्त दल जब अभियान पूरा कर लौट रहा था, तभी बुधवार देर रात बीजापुर जिले के तर्रेम क्षेत्र में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया।

### शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी : विष्णु देव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा माओवाद के खात्मे के लिए हमारी सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान से नक्सली विचलित हैं और कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। माओवाद के खात्मे तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

## सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश की नाकाम दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को नियंत्रण रेखा से घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी और दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों को खुफिया सूचना मिली थी कि आतंकवादी उत्तरी कश्मीर जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा से घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सतर्क सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की हरकत को देखा और उन्हें ललकारा तथा इस दौरान हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान जारी है। पिछले चार दिन में केरन सेक्टर में यह दूसरी मुठभेड़ है। इससे पहले 14 जुलाई को केरन सेक्टर में तीन विदेशी आतंकवादी मारे गये थे, जब वे घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे।

# नीट-यूजी के केंद्रवार नतीजे हों जारी : कोर्ट

## अभ्यर्थियों की पहचान जाहिर न करने के दिए निर्देश, 20 जुलाई को परिणाम घोषित करने के आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को अभ्यर्थियों की पहचान गुप्त रखते हुए 20 जुलाई की दोपहर 12 बजे तक नीट-यूजी 2024 के केंद्र और शहर-वार परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया है। परीक्षा के संचालन में गड़बड़ी के आरोपों का समाधान करने का प्रयास करते हुए प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इसे नए सिरे से आयोजित करने का कोई भी आदेश इस ठोस निष्कर्ष पर आधारित होना चाहिए कि पूरी प्रक्रिया की शुचिता प्रभावित हुई है।



शीर्ष अदालत 5 मई को आयोजित प्रतिष्ठित परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोपों के मद्देनजर परीक्षा को रद करने, दोबारा परीक्षा कराने और अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर 22 जुलाई को फिर से सुनवाई शुरू करेगी। दिन भर चली सुनवाई के दौरान पीठ ने अभ्यर्थियों के वकीलों से परीक्षा के आयोजन में व्यापक उन अनियमितताओं के बारे में अपना दावा साबित करने को कहा, जिसमें प्रश्नपत्र लीक होना भी शामिल है, जिसके कारण परीक्षा रद कर दोबारा कराने की आवश्यकता हो। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि प्रश्नपत्र लीक की घटना पटना और हजारीबाग तक ही सीमित थी तथा गुजरात के गोधरा में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है। पटना और हजारीबाग में प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक हो गए, जबकि गोधरा में दावा किया गया कि परीक्षा आयोजित कराने वाले एक व्यक्ति ने कुछ अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट भरने के लिए पैसे लिए।

### पटना एम्स के चार छात्रों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में गुरुवार को पटना एम्स में पढ़ने वाले एमबीबीएस के चार छात्रों को गिरफ्तार किया है। एम्स पटना के निदेशक जीके पॉल ने बताया, सीबीआई पटना एम्स के चार छात्रों को अपने साथ ले गई है। इनमें चंदन सिंह, राहुल अनंत और कुमार शानू तीसरे वर्ष के छात्र हैं जबकि करण जैन दूसरे वर्ष का छात्र है। आरोप है कि कुमार ने हजारीबाग में एनटीए के ट्रंक से नीट-यूजी का प्रश्नपत्र चुराया था। सीबीआई ने राजू सिंह नामक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है, जिसने कथित तौर पर प्रश्नपत्र चुराने में कुमार की मदद की थी।

### पुनः परीक्षा के लिए ठोस आधार जरूरी : सीजेआई

सीजेआई ने कहा पुन : परीक्षा कराने के लिए यह ठोस आधार होना चहिए कि पूरी परीक्षा की शुचिता पर असर पड़ा है। इस मामले की जारी जांच के मुद्दे पर पीठ ने कहा सीबीआई जांच कर रही है। सीबीआई ने हमें जो बताया है अगर उसका खुलासा कर दिया जाता है तो इससे जांच पर असर पड़ेगा। उच्चतम न्यायालय 40 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है।

# मकान खरीदारों को सुप्रीम राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने बैंक और बिल्डर को एनसीआर में जबरिया कार्रवाई नहीं करने का दिया निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में अपने फ्लैट का कब्जा न मिलने से परेशान घर खरीदारों को बड़ी राहत देते हुए निर्देश दिया है कि मासिक किस्त (ईएमआई) भुगतान को लेकर बैंक, वित्तीय संस्थान या बिल्डर उनके खिलाफ कोई जबरिया कार्रवाई नहीं करेंगे।

उनके खिलाफ चेक बाउंस का भी कोई मामला नहीं चलेगा। शीर्ष अदालत दिल्ली उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कई मकान खरीदारों की याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था।



याचिकाओं में अनुरोध किया गया था कि बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों को निर्देश दिया जाए कि वे रियल एस्टेट डेवलपर द्वारा उनके फ्लैट का कब्जा दिए जाने तक ईएमआई न लें। उच्च न्यायालय के याचिकाएं खारिज करने के बाद मकान खरीदारों ने शीर्ष अदालत का रुख किया था। शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे की जांच करने पर सहमति व्यक्त की तथा संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है।

### अगली सुनवाई की तारीख 27 सितंबर तय की

शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 27 सितंबर तय की है। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में इस आधार पर रिट याचिकाओं पर विचार करने से इनकार कर दिया था कि याचिकाकर्ताओं के पास उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता तथा रियल एस्टेट विनियमन व विकास अधिनियम जैसे विभिन्न कानूनों के तहत वैकल्पिक उपाय मौजूद हैं।

## डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में स्थापित होगा परीक्षण केंद्र

**लखनऊ।** मिधानि समूह यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड में परीक्षण केंद्र स्थापित करेगा। इसमें रक्षा विभाग से जुड़े उत्पादों का परीक्षण होगा। गुरुवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की उपस्थिति में यूपीडा और मिधानि समूह के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। कॉरिडोर के लखनऊ नोड में डिफेंस टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए इसे एडवांस मैटेरियल (डिफेंस) टेस्टिंग फाउंडेशन नाम दिया गया है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश रक्षा विनिर्माण व इनोवेशन का वैश्विक हब बनने के साथ ही देश के डिफेंस इंडस्ट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। लखनऊ नोड डिफेंस कॉरिडोर का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रदेश में पहला व देश में दूसरी बार डिफेंस टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण से आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति मिलेगी। मैकेनिकल, सामग्री परीक्षण सुविधा न केवल भारत के रक्षा विनिर्माण बुनियादी ढांचे के निर्माण और नवाचार को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, बल्कि उत्तर प्रदेश को रक्षा के केंद्र के रूप में भी आगे बढ़ाएगा।

# ताजिया दफनाने के दौरान बवाल

संवाददाता,गंजडुण्डवारा (कासगंज)

**अमृत विचार:** मुहर्रम पर बुधवार की रात गंजडुंडवारा में ताजिया दफनाने के दौरान बवाल हो गया। पुलिस के लाठीचार्ज करने पर भड़के ताजियेदारों ने जाम लगा दिया और कई घंटे प्रदर्शन व हंगामा करते रहे। गुरुवार सुबह गंडडुंडवारा का बाजार बंद रहा।

गंगडुंडवारा में बुधवार की रात करीब तीन बजे ताजिया दफनाने के लिए कर्बला ले जाया जा रहा था। इस दौरान वहां सैकड़ों लोग मौजूद थे। कोतवाली पुलिस ने ताजिया जल्द दफनाने को कहा। अचानक दो पुलिस कर्मियों ने लाठी चार्ज कर दिया। लाठीचार्ज से भगदड़ मच गई जिससे ताजिया टूट गया और कई लोग घायल हो गए। इसके बाद भड़के लोगों ने पुलिस के विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी पहुंच गए। उन्होंने सीओ विजय कुमार राना एवं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार से लाठी चार्ज को लेकर तीखी नाराजगी जाहिर की।



गंजडुंडवारा में मौके पर पहुंचे पुलिस अफसर।

- पुलिस के लाठीचार्ज करने से भड़के ताजियेदारों ने लगाया जाम, धरना देकर कई घंटे किया हंगामा

“ लाठीचार्ज को लेकर विवाद हुआ था। लाठीचार्ज का क्या कारण रहा है इसकी जांच की जा रही है। दो पुलिस कर्मियों के विरुद्ध तहरीर प्राप्त हुई है। – **विजय कुमार राणा**, सीओ पटियाली

### हाईटेंशन लाइन से टकराया 50 फुट ऊंचा ताजिया, एक की मौत

**अमीरनगर (लखीमपुर खीरी)।** मोहर्रम जुलूस के दौरान गुरुवार दोपहर कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव गरदहा में बड़ा हादसा हो गया। करीब 50 फुट ऊंचे ताजिए का जुलूस निकालते समय ऊपर से निकली हाइटेंशन लाइन में छू गया। हादसे में 19 लोग झुलस गए, जिन्हें सीएचसी ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण सभी को शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया। शाहजहांपुर जिला अस्पताल रेफर में 15 लोगों का इलाज चल रहा है, जिसमें से एक की मौत हो गई है। एसडीएम मोहम्मदी ने बताया कि इनमें से 20 वर्षीय हसीब को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसडीएम मोहम्मदी ने बताया कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में तहसील प्रशासन शाहजहांपुर अस्पताल में तैनात हैं।

## 100 जोड़े हुए तो डीएम कराएंगे सामूहिक विवाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने दिए निर्देश

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अगर 100 से ज्यादा जोड़े हुए तो जिलाधिकारी स्वयं उपस्थित होकर सामूहिक विवाह कराएंगे। समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने इस सिलसिले में सभी जिला समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देश जारी किया है। राज्यमंत्री ने विभाग की ओर से जारी मानक परिचालन प्रक्रिया एसओपी का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। राज्यमंत्री की ओर से बीती 17 जुलाई को जारी निर्देश में कहा गया है कि सामूहिक विवाह में विवाह योग्य जोड़ों की संख्या 100 के अंदर रखी जाए। अगर संख्या 100 से ऊपर हो तो जिलाधिकारी स्वयं उपस्थित रहकर कार्यक्रम को व्यवस्थित कराएं। समाज कल्याण अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जाकर स्थानीय जनप्रतिनिधि सांसद, विधायक, ब्लॉक प्रमुख आदि को इन कार्यक्रमों में शामिल कराने के लिए आमंत्रित करें। सांसद व विधायक से पूछकर ही विवाह कार्यक्रम की तारीख तय की जाए। समाज कल्याण निदेशक की ओर से जारी एसओपी का सख्ती से पालन कराया जाए।

## विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं, तो भी लगेगा दोगुना टोल टैक्स

**नई दिल्ली।** सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर जानबूझकर वाहन के अगले शीशे पर फास्टैग नहीं लगाने वालों के लिए कड़ा रुख अपनाते हुए सभी टोल प्लाजा को दिशानिर्देश जारी करके कहा है कि शीशे पर अंदर से फास्टैग चिपकाए बिना टोल प्लाजा की लेन में आने वाले वाहनों से दोगुना टोल टैक्स वसूला जाएगा। सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि कुछ लोग जानबूझकर विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं लगाते हैं और टोल प्लाजा की लेन में आ जाते हैं जिससे अनावश्यक देरी होती है।

# सपा प्रमुख ने कहा-100 लाओ, सरकार बनाओ

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

## अंदरूनी कलह के चलते अखिलेश यादव ने भाजपा विधायकों को दिया मानसून ऑफर

**अमृत विचार:** प्रदेश की भाजपा सरकार में चल रही अंदरूनी उथल-पुथल के बीच समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर भाजपा नेताओं को मानसून ऑफर देकर चर्चा का बाजार और गर्म कर दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए नेताओं से कहा, 100 लाओ और सरकार बनाओ।

सपा प्रमुख ने एक्स पोस्ट के माध्यम से भाजपा खेमें में धड़कनें बढ़ाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा का कोई भी नेता 100 विधायकों को लेकर उनके पास आता है तो समाजवादी पार्टी उसे मुख्यमंत्री बनाने के लिए समर्थन दे सकती है। इतना ही नहीं, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दिल्ली से लखनऊ आने के बाद अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए तंज भी कसा। कहा कि लौट के बुद्धू घर को आए। मालूम हो कि केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को एक्स पर अखिलेश यादव को सपा बहादुर की संज्ञा दी थी। उन्होंने कहा था कि उप्र. और केंद्र में मजबूत सरकार है।

साल 2017 की तरह 2027 में भी हम उप्र. में अपनी सरकार बनाएंगे। केशव ने सपा के पीडीए को धोखा बताते हुए यह भी कहा कि प्रदेश में सपा के गुंडाराज की वापसी असंभव है। इसके पहले सोमवार को भाजपा की कार्यसमिति और अगले दिन दिल्ली में आलाकमान के साथ बैठक के उपरांत केशव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करके राजनैतिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी थी। चर्चा को लौ देने में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी को दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा तलब करना भी है। जिसके बाद सत्ता के अंदर उलट फेर की बातें शुरू हो गई थीं।



### समाज में भाईचारा बिगाड़ रही भाजपा

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सामाजिक भाईचारा बिगाड़ने को अमादा दिख रही है। मुजफ्फरनगर में ठेले-ढाबे सहित सभी दुकानदारों को अपना नाम ठेले पर लिखने का आदेश पुलिस द्वारा दिया गया है। यह कतई उचित नहीं है, सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला है। इसके पीछे सरकार की मंशा अल्पसंख्यक वर्ग को समाज से अलग बांटने और उन्हें शक के दायरे में लाने की है। अखिलेश ने आगे कहा कि भाजपा की ऐसी ही विभाजनकारी नीतियों के चलते प्रदेश का सामाजिक वातावरण प्रदूषित हो रहा है।

# इंग्लैंड ने 4.2 ओवर में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया

नॉटिंघम, एजेंसी

इंग्लैंड ने अपना आक्रामक रवैया जारी रखते हुए गुरुवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ 4.2 ओवर में सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया।

सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और ओली पोप ने मिलकर इंग्लैंड ने 1994 में द ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4.3 ओवर में अर्धशतक के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। सबसे तेज टीम अर्धशतक की सूची में पहले तीन स्थान पर इंग्लैंड काबिज है। ओली पोप के शतक की बदौलत दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज के खिलाफ चाय तक चार विकेट पर 259 रन बना लिए। चाय ब्रेक तक पोप 115 रन और बेन स्टोक्स 15 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को बल्लेबाजी का न्योता दिया। जाक क्राउले खाता भी नहीं खोल सके और अल्जारी जोसफ का शिकार हो गये। फिर पोप और बेन डकेट (71 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 105 रन की शतकीय साझेदारी निभाई। शमार जोसफ ने डकेट को आउट कर इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। जो रूट (14) ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सके जबकि हैरी ब्रुक ने 36 रन की पारी खेली। पोप ने 143 गेंद में 14 चौके और एक छक्के की मदद से अपना शतक पूरा किया।

● वेस्टइंडीज के खिलाफ ओली पोप का शतक, इंग्लैंड ने चाय तक चार विकेट पर बनाए 259 रन



# भारत फीफा रैंकिंग में 124वें स्थान पर, अर्जेंटीना ने शीर्ष पर

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को जारी फीफा पुरुष रैंकिंग में 124वें स्थान पर बरकरार है जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन और कोपा अमेरिका विजेता अर्जेंटीना ने अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। जून में जारी फीफा रैंकिंग में भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम सूची में तीन पायदान खिसक गई थी। ऐसा उसके कतर और अफगानिस्तान से 2026 विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने में विफल होने के कारण हुआ था।

पिछले साल दिसंबर से भारत का रैंकिंग में खिसकना जारी है। भारतीय टीम पिछले साल शीर्ष 100 में पहुंची थी जिसमें उसकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 99 रही थी, लेकिन इसके बाद से उसका खिसकना जारी है। एशिया में भारत 22वें स्थान पर बरकरार है जिसमें वह लेबनान, फलस्तीन और वियतनाम से पीछे है। अर्जेंटीना ने सफलतापूर्वक कोपा अमेरिका खिताब बरकरार रखने के बाद रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पकड़ मजबूत कर ली है।

फ्रांस (दूसरी रैंकिंग) यूरो 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दूसरे स्थान पर है। हाल में यूरोपीय चैंपियन बनी स्पेन पांच पायदान के फायदे से तीसरी रैंकिंग पर पहुंची। वहीं उससे हारने वाली इंग्लैंड एक पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गयी और उसने ब्राजील को पछाड़ दिया जो एक पायदान खिसककर पांचवें स्थान पर पहुंची। बेल्जियम रैंकिंग में छठे, नीदरलैंड सातवें, पुर्तगाल आठवें और कोलंबिया नौंवे स्थान पर काबिज हैं।

# परिवार और गांव का अधूरा सपना सच करेंगे गाजीपुर के राजकुमार

नई दिल्ली, एजेंसी

करीब तीन हजार की आबादी वाले करमपुर गांव से हॉकी स्टिक थामकर सैकड़ों लड़कों ने ओलंपिक खेलने का सपना देखा लेकिन इसे पूरा करने का मौका सिर्फ राजकुमार पाल को मिला है और 'गाजीपुर के राजकुमार' के नाम से मशहूर मिडफील्डर की ख्वाहिश पेरिस में अच्छा प्रदर्शन करके हर एक अधूरे सपने को पूरा करने की है।

वाराणसी से करीब 40 किलोमीटर दूर गाजीपुर के गांव करमपुर के मेघबरन स्टेडियम पर हॉकी का ककहरा सीखने वाले बच्चों के प्रेरणास्रोत बन गए हैं राजकुमार। एक ऐसा गांव जहां से 400 से अधिक लड़कों को हॉकी के जरिए रोजगार तो मिला लेकिन भारत की नुमाइंदगी का मौका नहीं। इनमें राजकुमार के दोनों भाई जोखन और राजू भी शामिल हैं जो देश के लिये नहीं खेल पाए। राजकुमार ने अपने पहले ओलंपिक के लिए रवाना होने से पहले कहा हम तीनों भाई हॉकी खेलते हैं। बीच वाले भाई भारतीय टीम के शिविर में रह चुके हैं और बड़े भाई राष्ट्रीय स्तर पर खेले हैं। दोनों भारत के लिए नहीं खेल सके और अब एक रेलवे से और एक सेना से खेलते हैं। अभावों के बीच अपने कोच तेज बहादुर सिंह की मदद से हॉकी के शौक को परवान चढाने वाले 26 वर्ष के इस मिडफील्डर ने कहा मेरे गांव के मैदान से 400 से ज्यादा लड़कों को हॉकी के जरिये नौकरी मिल गई लेकिन इस स्तर पर कोई नहीं खेला। मेरे गांव के लोगों की नजरें मुझ पर है और मैं अपने भाइयों और उन सभी के अधूरे सपने पूरे करने के लिए पेरिस में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा।

10 वर्ष की उम्र में करमपुर के मेघबरन स्टेडियम से हॉकी के अपने सफर की शुरूआत करने वाले राजकुमार ने 2018 में बेल्जियम में पांच देशों के अंडर 23 टूर्नामेंट में खेला और 2020 में भारतीय टीम में पदार्पण किया।



● करमपुर के मेघबरन स्टेडियम पर हॉकी का ककहरा सीखकर ओलंपिक तक पहुंचना था सपना

## खेल डायरी

### विश्व जूनियर में अगुआई करेंगे बावा और अनाहत

**नई दिल्ली।** शौर्य बावा और अनाहत सिंह ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में क्रमश: लड़कों और लड़कियों की टीम स्पर्धाओं में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। बावा ने एकल में कांस्य पदक जीता था, वह युवराज वाधवानी, अयान वाजिराल्ली और अरिहंत केएस के साथ गुरुवार से शुरू होने वाली लड़कों की स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। एकल में क्वार्टरफाइनल तक पहुंची राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत फिर महिलाओं की टीम स्पर्धा में उन्नति त्रिपाठी, निरूपमा दुबे और शमीना रियाज के साथ मिलकर चुनौती पेश करेंगी। भारतीय लड़कों का सामना पहले दौर में कुवैत से होगा जबकि लड़कियां पहले दौर में चीनी ताइपे से भिड़ेंगी।

### विश्व सुपरबाइक चैंपियनशिप में पहले भारतीय क्विंटल

**चेन्नई।** राइडर केविन क्विंटल विश्व एसबीके एसएसपी300 प्रतियोगिता में ऐतिहासिक पदार्पण करने को तैयार हैं जिससे वह विश्व सुपरबाइक चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पहले भारतीय राइडर बन जाएंगे। आयरिश टीम 109 रेट्रो ट्रैफिक कावासाकी और इसकी प्रबंधन कंपनी गामन रेसिंग ग्लोबल सर्विस ने क्विंटल को यह मौका मुहैया कराया जिससे उनकी एसएसपी प्रतियोगिता में चौथे दौर के लिए प्रविष्टि स्वीकार ली गयी। यह एसएसपी स्पर्धा शुक्रवार को चेक गणराज्य के मोस्ट में शुरू होगी। चेन्नई के 19 साल के स्टार क्विंटल आयरलैंड की टीम के मुख्य राइडर स्पेन के डेनियल मोगेडा की जगह लेंगे जिन्हें सुपरस्पोर्ट 300 क्लास के बाद एक दुर्घटना में चोट लग गई थी। इसके बाद ही आयरिश टीम ने भारतीय राइडर को शामिल किया। क्विंटल इस समय यूरोपीय स्टॉक चैम्पियनशिप और एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

### एचसीएल साइक्लोथॉन का दूसरा संस्करण अक्टूबर में

**चेन्नई।** एचसीएल साइक्लोथॉन का दूसरा संस्करण छह अक्टूबर को यहां आयोजित किया जाएगा। एचसीएल समूह ने गुरुवार को साइक्लोथॉन चेन्नई 2024 के दूसरे संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की। नोएडा में दो सफल संस्करणों और चेन्नई में 5000 से अधिक साइकिल चालकों की भागीदारी के बाद, एचसीएल साइक्लोथॉन चेन्नई के ईसीआर पर छह अक्टूबर से शुरू होगा। तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण (एसडीएटी) द्वारा संचालित और भारतीय साइकिलिंग महासंघ के तत्वावधान में इस आयोजन में 33 लाख रुपये का पुरस्कार पूल है। पंजीकरण 22 सितंबर तक खुले हैं। तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण के सदस्य सचिव मेघनाथ रेड्डी ने गुरुवार को कहा कि इस संस्करण का विषय चेंज योर गियर है, जो साइकिल चलाने की शक्ति और व्यक्तिगत कल्याण और पर्यावरणीय स्थिरता पर इसके सकारात्मक प्रभाव पर जोर देता है।

### शिखर धवन बने मोटोजीपी के ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई।** यूरोस्पोर्ट इंडिया ने भारत में मोटोजीपी के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में भारतीय क्रिकेट आइकन शिखर धवन की नियुक्ति की आज घोषणा की। धवन यूरोस्पोर्ट इंडिया के अभियान फेस कर रेस कर के जरिए रेसिंग के प्रति अपने जुनून का प्रदर्शन करेंगे। धवन ने कहा प्रतिष्ठित मोटोजीपी के साथ इसके भारत के राजदूत के रूप में साझेदारी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत में मोटोजीपी को लेकर बढ़ता उत्साह वास्तव में रोमांचकारी है, और यह मेरे लिए एक पूर्ण-चक्र क्षण जैसा है, खासकर जब मैं अपने गृहनगर, दिल्ली की सड़कों पर अपनी पसंदीदा बाइक की सवारी करने के अपने दिनों को याद करते हुए सोचता हूं। इस जीवंत शहर में जन्मे और पले-बढ़े एक क्रिकेटर के रूप में मेरी यात्रा यूरोस्पोर्ट इंडिया के माध्यम से इस नई भूमिका के साथ एक व्यक्तिगत संबंध जोड़ेगी। 2024 मोटोजीपी सीजन में अब तक नौ रेस हो चुकी हैं।

# स्वर्ण के लिए सर्वश्रेष्ठ करूंगी : सिंधू

## अपने तीसरे ओलंपिक में अतीत के अनुभव का फायदा उठाएंगी बैडमिंटन खिलाड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने कहा कि वह पेरिस में तीसरा व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी जिसके लिए वह अतीत के अनुभव से फायदा उठाना चाहेंगी।

सिंधू की निगाहें आगामी ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने पर लगी हैं जिससे वह इतिहास रच सकती हैं क्योंकि उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में रजत और 2020 तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। जियो सिनेमा के द ड्रीमर्स पर बातचीत के दौरान सिंधू ने पेरिस में इतिहास रचने पर ध्यान लगाने के बारे में बात की। हालांकि इस भारतीय स्टार के लिए यह काफी मुश्किल होगा। सिंधू ने कहा पेरिस में तीसरा पदक जीतने के बारे में सोचने की बात निश्चित रूप से मुझे प्रेरित करती है और मैं स्वर्ण पदक जीतने के लिए अथक प्रयास करूंगी। मेरे लिए ओलंपिक ऐसे खेल हैं जिसमें मैं अपना 200 प्रतिशत देती हूं। उन्होंने कहा यह यात्रा 2016 में और 2020 में शानदार रही है जिसमें काफी अथक प्रयास रहे और ऐसे पल रहे जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। पेरिस 2024 के लिए तैयारी नई शुरूआत है और कुछ भी हो, मुझे अपना शत प्रतिशत देना होगा। विश्व रैंकिंग की शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल सिंधू ने कहा ओलंपिक में पिछले प्रदर्शन का काफी अनुभव मेरे पास है जिससे मैं पेरिस 2024 में मदद लूंगी लेकिन मैं पदकों के बारे में सोच सोचकर अतिआत्मविश्वासी नहीं होना चाहती।

उन्होंने कहा मुझे उम्मीद है कि मैं देश की उम्मीदों को पूरा कर सकती हूं और तीसरा पदक जीत सकती हूं क्योंकि लगातार तीन पदक जीतना हंसी मजाक का खेल नहीं है। मेरी सोच स्वर्ण पदक जीतने पर लगी है जिससे मेरा मनोबल बढ़ा हुआ है। सिंधू ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक चलने वाले ओलंपिक की तैयारियों के बारे में लंबी बातचीत की।

उन्होंने कहा मेरे तैयारियां कड़ी मेहनत करने पर लगी हैं। ओलंपिक में काफी कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है और सभी खिलाड़ी अपने शिखर पर होते हैं। दुनिया की शीर्ष 10 से 15 खिलाड़ियों का स्तर समान ही होता है जिसमें आन से यंग, अकाने यामागुची, कैरोलिना मारिन और ताई जु यिंग शामिल हैं। सिंधू ने कहा ओलंपिक में कोई भी अंक आराम से नहीं मिलता जिससे हर अंक के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है। ओलंपिक में कुछ भी हो सकता है, एक छोटी सी गलती सबकुछ बदल सकती है।




# तैराक श्रीहरि नटराज की नजरें ओलंपिक सेमीफाइनल पर

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक 7 दिन शेष

PARIS 2024

पिछले साल राष्ट्रीय खेलों में आठ स्वर्ण समेत दस पदक जीतने वाले भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज 2017 से लगातार खेल रहे हैं और कड़े अभ्यास से थककर आखिर उन्हें कुछ समय का ब्रेक लेना पड़ा।

नटराज ने कहा मुझे आराम की जरूरत थी क्योंकि 2023 सत्र काफी व्यस्त था जिसमें इतने सारे टूर्नामेंट थे। मुझे लगा कि अगर ब्रेक नहीं लिया तो शरीर टूट जाएगा। इससे चोट का भी डर रहता या अभ्यास की इच्छा ही मर जाती। शरीर पर काफी दबाव था लिहाजा मैने कुछ समय का ब्रेक ले लिया। ब्रेक के बाद तरोताजा होकर 23 बरस के नटराज दूसरा ओलंपिक खेलने को तैयार हैं जिसमें वह सौ मीटर बैकस्ट्रोक में भाग लेंगे। यूनिवर्सिलिटी कोटा से ओलंपिक जा रहे नटराज ने तोक्यो ओलंपिक के लिये सरधे क्वालीफाई किया था। यूनिवर्सिलिटी कोटा के तहत जिस देश के तैराक सीधे क्वालीफाई नहीं कर सके हों, उनके सर्वोच्च रैंकिंग वाले दो तैराकों को ओलंपिक खेलने का मौका मिलता है। यह निराशाजनक था कि मैं सीधे क्वालीफाई नहीं कर सका लेकिन इसे लेकर चिंतित नहीं हूं। मुझे कोटा मिल गया है और अब या तो मैं अपने अभ्यास पर फोकस कर सकता हूं या इसका दुख मना सकता हूं कि मुझे सीधे क्वालीफिकेशन नहीं मिला। ब्रेक से लौटने के बाद उन्होंने स्पेन और फ्रांस में मेयर नोस्ट्रम मीट में दो रजत पदक जीते।



# हमारे पास अगले ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की हैं योजनाएं : मनिंदर

**चेन्नई।** भारतीय साइकिलिंग महासंघ (सीएफआई) के महासचिव मनिंदर पाल सिंह ने गुरुवार को कहा कि कोविड -19 महामारी ने भारतीय खिलाड़ियों के पेरिस ओलंपिक में भाग लेने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, लेकिन उनके पास 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए योजनाएं है। भारत ने एशियाई खेलों में साइकिलिंग में तीन पदक जीते हैं लेकिन अभी तक ओलंपिक में किसी खिलाड़ी को प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। मनिंदर कहा कि साइकिलिंग में ओलंपिक क्वालीफिकेशन दूसरे खेलों से काफी अलग है। हम अगले ओलंपिक (लॉस एंजिल्स में) में जगह बनाने की राह पर हैं। हमारी योजनाएं सही हैं और हम पहली बार क्वालीफाई करने को लेकर आशान्वित और आश्वस्त हैं।



# उद्घाटन समारोह से पहले सीन नदी को किया सील

**पेरिस।** सीन नदी के किनारे ओलंपिक आतंकवादी विरोधी इंतजामों की शुरुआत के साथ गुरुवार को मध्य पेरिस में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई जिसके चलते पहले से पास के लिए आवेदन नहीं करने वाले पेरिसवासियों और पर्यटकों के लिए कई किलोमीटर लंबा क्षेत्र सील कर दिया गया। कई लोगों की जुबान पर क्यूआर कोड शब्द थे।

यह वह पास है जो 26 जुलाई को होने वाले ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह की सुरक्षा के लिए स्थापित सुरक्षा घेरे में लगाए गए धातु अवरोधों के पार जाने की स्वीकृति देता है। जिन लोगों के पास फोन पर या कागज के टुकड़ों पर यह कीमती कोड था वे धातु अवरोधों के बीच विभिन्न अंतराल पर बनी पुलिस चौकियों से आसानी से गुजर गए। अपवाद के रूप में पेरिस ने पिछले मेजबान शहरों की तरह स्टेडियम के बजाय नदी पर उद्घाटन समारोह करने का फैसला किया है। बाद में नदी के आस-पास अधिकांश सुरक्षा उपाय हटा दिए जाएंगे।

# सूर्या होंगे श्रीलंका दौरे में टी-20 टीम के नए कप्तान, शुभमन बने उपकप्तान

मुबंई, एजेंसी



श्रीलंका के दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान गुरुवार को कर दिया है। भारत की टी-20 टीम की कमान सूर्य कुमार यादव को सौंपी है जबकि वनडे टीम की कप्तानी रोहित शर्मा के पास ही रहेगी। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने विज्ञप्ति के जरिए यह जानकारी साझा की। भारतीय टीम श्रीलंका दौरे में तीन टी20 और तीन एक दिवसीय मैच खेलेगी। गौतम गंभीर को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है।

कप्तान की रेस में हार्दिक पांड्या और सूर्य कुमार यादव का नाम आगे चल रहा था जिसमें सूर्य कुमार को नए कोच गौतम गंभीर की पसंद माना जा रहा था। शाह ने बताया कि टी-20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल होंगे। टीम के अन्य सदस्यों में यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप, खलील अहमद और सिराज शामिल हैं। एक दिवसीय टीम में भी उपकप्तान की भूमिका में शुभमन गिल होंगे। टीम के अन्य सदस्यों में विराट, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ (विकेटकीपर), श्रेयस, शिवम दुबे, कुलदीप, सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद और हर्षित राणा को शामिल है। शाह ने कहा कि आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र, 2024-25 में खिलाड़ियों की उपलब्धता और भागीदारी पर नजर रखना जारी रखेगा।

## बॉलीवुड हलचल



### रेस 4 में काम करेंगे सलमान और सैफ

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और सैफ अली खान रेस 4 में काम करते नजर आ सकते हैं। रेस एक एक्शन-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसके अभी तक 3 पार्ट आ चुके हैं। फिल्म के पहले दो पार्ट में सैफ अली खान ने लीड रोल निभाया था और रेस 3 में सलमान खान नजर आए थे। अब इसके चौथे पार्ट यानी रेस 4 पर काम किया जा रहा है। कुछ दिनों पहले फिल्म के निर्माता रमेश तौरानी ने रेस 4 की शूटिंग और अन्य जानकारी शेयर की थी। कहा जा रहा है कि रेस 4 में सलमान खान और सैफ अली खान नजर आ सकते हैं। दोनों कलाकार इस फिल्म में एक साथ काम करने के लिए तैयार हैं, लेकिन अभी उन्होंने स्क्रिप्ट पर मंजूरी नहीं दी है। यदि इस फिल्म में दोनों एक्टर्स ऑफिशियल तौर पर काम करने के लिए तैयार हो जाते हैं तो ऐसा पहली बार होगा जब बॉलीवुड के ये दोनों सितारे रेस फ्रेंचाइजी में साथ दिखाई देंगे। निखिल आडवाणी रेस 4 को निर्देशित करेंगे।

### आसान नहीं है दर्शकों को हंसाना: विक्की कौशल

**लखनऊ।** उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक, मसान और सैम बहादुर जैसी सुपरहिट फिल्मों में अपने किरदार का लोहा मनमाने वाले बालीवुड स्टार विक्की कौशल का मानना है कि अपने अभिनय से दर्शकों को हंसाना और गुदगुदाना आसान काम नहीं है। अपनी अगली फिल्म 'बैड न्यूज' के प्रमोशन के सिलसिले में नवाब नगरी पहुंचे विक्की ने गुरुवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा अभी तक जितनी भी फिल्में की हैं, उनसे 'बैड न्यूज' काफी अलग है, क्योंकि इसमें मुझे कॉमेडी करने का मौका मिला है। हालांकि कॉमेडी करना इतना आसान नहीं होता है, लेकिन मैंने इसे स्वीकार करते हुए अपने आपको थोड़ा चेंज करने की कोशिश की है। विक्की पिछले साल सैम बहादुर फिल्म में नजर आये थे। इस फिल्म में उनके अभिनय की खूब तारीफ हुयी थी। विक्की ने साल 2015 में फिल्म 'मसान' से बतौर लीड एक्टर बॉलीवुड डेब्यू किया था। उनके फिल्मी करियर को नौ साल हो गए हैं। इस दौरान उन्होंने 10 फिल्में दी हैं जिनमें तीन हिट और एक ब्लॉकबस्टर फिल्म रही है। आनंद तिवारी के निर्देशन में बनी बैड न्यूज में विक्की के साथ एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी और एमि विर्क लीड रोल्स में है।

**महिला एशिया कप** — पहला मुकाबला आज शाम 7 बजे से, आठ टीमें खिताब के लिए करेंगी प्रतिभा का प्रदर्शन

# पाकिस्तान के खिलाफ जीतने उतरेगा भारत

दांबुला, एजेंसी

कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय महिला टीम शुक्रवार को अपने चिरप्रतिद्वंदी पाकिस्तान को हरा कर अपने महिला एशिया कप 2024 अभियान का आगाज करेगी। महिला एशिया कप 2024 के बहुप्रतीक्षित मुकाबला टूर्नामेंट के पहले दिन ही दांबुला में खेला जाएगा। ग्रुप ए में भारत के अलावा पाकिस्तान, यूएई, नेपाल की टीमें शामिल है जबकि ग्रुप बी में मेजबान श्रीलंका के अलावा बांग्लादेश, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें रखी गई हैं। दोनो टीमों के बीच मुकाबला भारतीय समयानुसार आज शाम 7 बजे से शुरु होगा।

आंकड़ों के लिहाज से भारतीय टीम पाकिस्तान की तुलना में काफी भारी है। एशिया कप में भी भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ छह में से मैच जीते हैं, हालांकि भारत को पाकिस्तान के खिलाफ हार भी पिछले एशिया कप के दौरान ही मिली थी। अब तक दोनों टीमों के बीच 14 मैच खेले गए हैं, जिसमें भारत को 11 में जीत मिली है। टी-20 विश्व कप 2016 में दिल्ली में खेले गए मैच में भारत को पाकिस्तान से दो रनों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। यह उन तीन मैचों में से एक मैच था जब भारत को पाकिस्तान के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। यह इकलौता ऐसा मैच भी जो इन दोनों टीमों ने एक दूसरे के देश में अब तक खेला है। स्मृति मांधना और शेफाली वर्मा के रूप में भारत के पास एक विध्वंसक सलामी जोड़ी है। मांधना ने टी20 में 28.13 की औसत और 121.83 के स्ट्राइक रेट से 3320 रन बनाए हैं। जबकि शेफाली ने 129.48 के स्ट्राइक रेट और 24.27 की औसत से 1748 रन बनाए हैं। भारत पर अगर पाकिस्तान को दबाव बनाना है तो उसे इन दोनों को ही जल्दी पवेलियन भेजना होगा।

पाकिस्तान के लिए सबसे अहम खिलाड़ी खुद उनकी कप्तान निदा डार साबित हो सकती हैं। हरफनमौला डार गेंदबाजी के दौरान अधिकांश समय विकेट निकाल पाने में सफल होती हैं और अपनी टीम के लिए प्रायः उपयोगी रन भी बनाती हैं। सिदरा अमीन इस समय क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में बेहतरीन लय में हैं। उन्होंने अपनी पिछली आठ टी20 पारियों में 205 रन बनाए हैं। हरमनप्रीत कौर की टीम ने पिछले एक साल में 17 टी-20 मुकाबले खेले हैं जिनमे से दस में उनके हाथ जीत लगी है जबकि पांच में उसे हार का सामना करना पड़ा है।




महिला एशिया कप 2024 के आगाज से पहले प्रेसवार्ता में पहुंचीं सभी टीमों की कप्तान। ● एजेंसी

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 40.8° | 29.4° |
| सूर्योदय 05 : 27 | सूर्यास्त 07 : 02 |

## एक नजर

### श्रीबाला जी धाम के महंत वीरेंद्र पांडेय का निधन



**रूरा।** क्षेत्र के धनीरामपुर स्थित श्रीबाला जी धाम के मुख्य महंत वीरेंद्र पांडेय (85) का निधन हो गया। उनका बीमारी के चलते कानपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। सूचना मिलते ही लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। नगर पंचायत अध्यक्ष रामजी गुप्ता, मनोज यादव, मोहित तिवारी, अश्वनी पांडेय आदि ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। महंत के निधन से उनके भक्तों पर शोक की लहर है। तमाम लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए श्रीबाला जी धाम पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की।

### ऑटो में सवारी बनकर बैठी महिलाओं ने पार किए झाले

**रूरा।** ऑटो में सवारी बनकर बैठी महिलाओं ने एक महिला के पर्स से उसके झाले पार कर दिए। जिगनिश गांव ससुराल से दीपा अपनी मायके अकबरपुर ऑटो से जा रही थी। रास्ते में दो महिलाएं सवारी बनकर ऑटो में बैठ गई। दीपा ने बताया कि वह जैसे ही रूरा पहुंची और बैग चेक किया तो उसमें से झाले गायब थे। वह ऑटो के पास आकर उन महिलाओं को ढूंढने लगी, लेकिन दोनों गायब हो गई। उसने थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है। छानबीन कराई जा रही है।

### हमले के आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज नहीं

**रूरा।** क्षेत्र के लक्ष्मणपुर निवासी मनोज कुमार ने बताया कि 3 जुलाई को उसके पिता गुरुचरण पर गांव के ही चार लोगों ने साथियों के मिलकर पीछे से कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था, जिससे उसके पिता के सिर में गंभीर चोट आई हैं। वह पिता को लेकर थाने पहुंचा तो पुलिस ने मेडिकल परीक्षण तो करा दिया, लेकिन अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़ित ने अब मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर मदद की गुहार लगाई है।

# पतारी गांव में फैला बुखार किशोर में मलेरिया की पुष्टि

## स्वास्थ्य टीम ने 15 लोगों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** पतारी गांव में जलभराव और गंदगी से बुखार का प्रकोप फैल गया है। जिला अस्पताल में भर्ती बुखार पीड़ित एक किशोर की जांच में मलेरिया की पुष्टि हुई। इसके बाद गुरुवार को राजपुर पीएचसी से स्वास्थ्य टीम गांव पहुंची और 15 लोगों के खून के नमूने लेकर परीक्षण के लिए भेजा।

सिकंदरा तहसील क्षेत्र के औडेरी गांव के मजरा पतारी गांव निवासी उमेश चंद का बेटा अंश (12) एक सप्ताह से बुखार से पीड़ित है। बुधवार को अंश इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां खून की जांच में मलेरिया की पुष्टि हुई। इसकी जानकारी होने पर गुरुवार को राजपुर पीएचसी से चार सदस्यीय स्वास्थ्य टीम गांव पहुंची और गांव में बुखार पीड़ित 15 लोगों के खून की जांच के लिए सैंपल लिए गए।



पतारी गांव में बुखार पीड़ितों का सैंपल लेते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

- गांव में गंदगी और जलभराव से बीमारी फैलने की संभावना
- बीमार लोगों की हालत पर नजर रख रही स्वास्थ्य टीम

राजपुर पीएचसी के प्रभारी डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अंश के परिजनों ने जिला अस्पताल से छुट्टी कराकर उसे मुंगीसापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पड़ोस में रहने वाले 15 लोगों की स्लाइड बनाई गई है। गांव में गंदगी व जलभराव के कारण बीमारी फैलने की संभावना है।

फिलहाल गांव में लगातार नजर रखी जा रही है। स्वास्थ्य टीम में एलटी अजीत सिंह, सीएचओ कोमल श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट कल्याण सिंह, आशा देवकली मौजूद रहे।



राजपुर पीएचसी में मरीजों का इलाज करते डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

# उमस भरी गर्मी से बढ़े मरीज

संवाददाता, राजपुर

- जांच के बाद बीमारियों से बचने की सलाह दे रहे डॉक्टर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के चलते राजपुर पीएचसी में संक्रामक मरीजों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को डाक्टर परीक्षण के दवा देकर बीमारी से बचने के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

राजपुर पीएचसी में भीषण गर्मी के चलते बढ़ रही बीमारियों से गुरुवार को 125 मरीज पहुंचे। चिकित्सकों ने मरीजों का चेकअप के बाद दवा दी। कुंवरपुर से आई दीपा ने बताया कि दो दिनों से बुखार आ रहा है। बदन दर्द व जुकाम बना रहता है। डाक्टर अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने मरीज की खून की जांच के बाद दवा दी गई है। साथ ही संक्रामक बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए हैं।

वहीं गर्भवतियों की जांच के बाद खान-पान के लिए ताजा खाना व हरी सब्जियों का सेवन अधिक करने तथा समय पर टीकाकरण व स्वास्थ्य का परीक्षण कराने की सलाह दी गई ह। उन्होंने बताया कि गुरुवार को 125 मरीज खांसी-जुकाम, बुखार के 55, खुजली 65 तथा 5 लूज मोशन के मरीज आए।

## सार-संक्षेप

### बिजली गिरने से किसान की मौत, एसडीएम पहुंचे



गंगाचरन।

**मूसानगर।** क्षेत्र के बउवां गांव में बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से भैंस चरा रहे किसान की मौत हो गई। एसडीएम ने मौके पर जाकर जानकारी ली और आर्थिक मदद का आश्वासन दिया। बउवां गांव निवासी मुलायम सिंह ने बताया कि उनके बड़े भाई गंगाचरन (42) गुरुवार को खेतों में मवेशी चराने के लिए गए थे। तभी अचानक तेज बारिश होने लगी। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से वह चपेट में आ गए और मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी पर मृतक की वृद्ध मां रामश्री, पत्नी लक्ष्मी देवी, पुत्री प्रिया, श्रेया समेत अन्य परिजन रोते-बिलखते रहे। जानकारी पर एसडीएम सर्वेश कुमार ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को किसान दुर्घटना बीमा के तहत कार्रवाई कर दो दिनों में चार लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। उन्होंने क्षेत्रीय लेखपाल राजेश पटेल से रिपोर्ट मांगी है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि मृतक के भाई की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### सहायक निदेशक सूचना ने कार्यभार किया ग्रहण



**कानपुर देहात।** ललितपुर से तबादले पर आए सहायक निदेशक सूचना सुरजीत सिंह ने कानपुर देहात में कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने बताया कि हमारी शीर्ष प्राथमिकता होगी कि शासन व पत्रकारों के मध्य निरंतर तालमेल बना रहे। साथ ही केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों का सघन प्रचार-प्रसार हो। उन्होंने जिला सूचना कार्यालय पहुंचकर स्टाफ के साथ में बैठक की और उनके पटलों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### बिजली गिरने से महिला की चली गई जान

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के भीखा पुरवा निवासी अशोक पाल की 30 वर्षीय पत्नी नीलम पाल शाम करीब 4 बजे धान की बेल उखाड़ने के लिए के लिए खेत जा रही थी, तभी तेज गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतका अपने पीछे पुत्र सूरज व पुत्री शिवांगी को छोड़ गई। घटना की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार अनिरुद्ध, चौकी इंचार्ज झींझक अनुज अवस्थी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। नायब तहसीलदार ने आर्थिक सहायता का भरोसा दिया है।

### जान से मारने की धमकी देने पर केस दर्ज

**रूरा।** कस्बा निवासी गांधी नगर निवासी तबस्सुम ने पुलिस को बताया कि कालीगंज अकबरपुर का रहने वाला उसका जीजा पुराने मुकदमे को लेकर आए दिन फोन पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देता है। जिससे परेशान होकर उसने थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पूरे मामले की गहराई से जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### युवक के लापता होने पर गुमशुदगी दर्ज

**रूरा।** युवक ने अपने भाई की लापता हो जाने की गुमशुदगी दर्ज कराई है। शेखीपुर गांव के जितेंद्र ने पुलिस को बताया कि बुधवार को उसका भाई सतेंद्र किसी निजी काम से रूरा गया था। वह देर शाम तक घर वापस नहीं आया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि गुमशुदगी की दर्ज कर ली गई है। युवक की तलाश की जा रही है।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**पुखरायां।** डींघ गांव के समीप ट्रैक्टर पलटने से चालक की दबकर मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के डींघ गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह (25) गुरुवार को ट्रैक्टर लेकर खेत जा रहा था। अभी वह गांव के बाहर पहुंचा ही था तभी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर पलटने से धर्मेंद्र उसके नीचे दब गया। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर को सीधा किया और फिर धर्मेंद्र को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई।

### विद्युत तारों से टकराकर मोर की मौत

**मूसानगर।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर चार अशोक नगर में ट्रांसफार्मर में लगे विद्युत तारों से टकराकर राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारी ने कार्रवाई की। भोगनीपुर के रेंजर स्वामी दीन ने बताया कि ट्रांसफार्मर में लगे तारों से टकराकर मोर की मौत की जानकारी मिली है। वन विभाग के क्षेत्रीय दरोगा रामचंद्र व उनकी टीम को मौके पर भेजा गया है।

# शादी कराने के नाम पर 5 लाख रुपये की ठगी

संवाददाता, रूरा

- पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अधेड़ ने शादी के नाम पर पांच लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाकर तहरीर दी। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

रूरा क्षेत्र के एक गांव निवासी श्रीराम ने बताया कि उसकी पत्नी का देहांत हो गया है। जिससे वह अकेला है और कोई खाना पीना बनाने वाला भी नहीं है। जिसपर वह शादी करना चाहता है। आरोप है कि पड़ोस के एक गांव के दीपू और उसकी पत्नी सोनी ने शादी का लालच दिया और एक युवक-युवती से मिलवा दिया। साथ ही शादी की बातचीत भी करा दी। कुछ बीतने के बाद युवती ने उससे पैसे मांगना शुरू कर दिया। वह किसी अंजान व्यक्ति भेज कर पैसे मंगा लेती थी। धीरे-धीरे वह पांच लाख रुपये दे चुका है।

मंगलवार को भी अधेड़ के पास उसी अज्ञात युवक का फोन आया और कहा कि पांच लाख रुपये लेकर बाला जी मंदिर के पास आए जाए। जहां वह लड़की को लेकर आएगा और उसकी शादी करा देगा। जिसपर उसने शिकायत थाने में की। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर दर्ज नंबर पर लोकेशन लगा कर लक्ष्मणपुर गांव के कृष्ण कुमार को हिरासत में लिया है। पूछताछ की जा रही है।

# हादसे में पिता की मौत, बेटा गंभीर

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार।** मिण्डाकुंआ के समीप रूरा मार्ग पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने अनियंत्रित होकर बाइक में टक्कर मारी दी। हादसे में बाइक सवार पिता की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि नाबालिग बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने चालक को डंपर समेत हिरासत में लिया है।

रसूलाबाद कस्बा के केशव नगर निवासी संजय (40) अपने चौदह वर्षीय पुत्र सोहन के साथ गुरुवार की सुबह बाइक से अपनी ससुराल घाटमपुर से वापस अपने घर आ रहे थे। तभी रसूलाबाद क्षेत्र के मिण्डाकुंआ गांव के समीप रूरा की ओर जा रहे तेज रफ्तार डंपर ने अनियंत्रित होकर बाइक में जोरदार टक्कर मारी थी। जिससे बाइक सवार संजय (40) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बेटा सोहन गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायल को सीएचसी भेजा। जहां ईएमओ डॉ. ब्रजेश कुमार ने हालत गंभीर देख सोहन को कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। उप निरीक्षक देव नारायण द्विवेदी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।



हादसे में पिता की मौत पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार



संजय।



घायल सोहन।

# अब गेटवे पोर्टल से पंचायतों में विकास कार्यों का होगा भुगतान

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- पंचायत सहायकों का फोटो सहित ब्योरा पोर्टल पर अपलोड

**अमृत विचार।** अब गेटवे पोर्टल के माध्यम से ही ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्यों का भुगतान किया जाएगा। इसके लिए पंचायत सहायकों का फोटो सहित ब्योरा पोर्टल पर अपलोड किया गया है। संबंधित पंचायत सहायक का फोटो सत्यापित होने के बाद ही भुगतान हो सकेगा।

निदेशक पंचायती राज के निर्देश इसकी तैयारी शुरू हो गई है। जिले में 618 ग्राम पंचायतें हैं। इन गांवों में ग्राम सचिवालय स्थापित हैं। ग्राम पंचायतों में ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर योजनाओं को अपलोड किए जाने व कार्य के बाद भुगतान किए जाने की व्यवस्था है। अब ग्राम सचिवालयों में स्थापित कंप्यूटर के माध्यम से भुगतान की तैयारी है। सेवा प्रदाता की ओर से विकसित पंचायत गेटवे पोर्टल सभी ग्राम सचिवालयों में स्थापित कंप्यूटर में इंस्टॉल किया जा रहा है। पंचायत गेटवे पोर्टल पर सभी सुविधाओं को शामिल करते हुए पंचायत सहायक एप पर पंचायत सहायकों की आनलाइन उपस्थिति के लिए पंचायत भवन की जियो टैगिंग की गई है।

> ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों का ऑनलाइन भुगतान किया जाएगा। पंचायत सहायक के फोटो के सत्यापन के बाद ही भुगतान होगा। इस बारे में सभी ग्राम पंचायतों को निर्देश जारी किए गए हैं।
>
> -विकास पटेल, डीपीआरओ

पंचायत सहायक के चेहरे की फोटो के माध्यम से अटेंडेंस सिस्टम को पंचायत गेटवे साफ्टवेयर में एकीकृत किया गया है। इसके बाद पंचायत सहायक, एकाउंटेंट-कम-डाटा इंट्री ऑपरेटर की ओर से अपने रजिस्टर्ड मोबाइल फोन से पंचायत गेट-वे पर क्यूआर कोड सत्यापित कर लागिन किया जा सकेगा। पंचायत सचिवालय में स्थापित कंप्यूटर से ही सभी भुगतान किए जा सकेंगे।

इसके पूर्व पंचायत सहायकों के चेहरे की पहचान भी सत्यापित होगी। इसके लिए सभी पंचायत सहायक या अकाउंटेंट कम डाटा इंट्री आपरेटर अपने मोबाइल फोन पर पंचायत गेटवे एप और पंचायत गेट वे पोर्टल इंस्टाल करेंगे। इसके लिए आनलाइन प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

# पंचायत भवन में ताला बंद, ग्रामीण परेशान

संवाददाता, संदलपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के पंचायत भवनों की स्थिति ठीक नहीं है। क्योंकि जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते अधिकतर पंचायत भवन तालाबंदी का शिकार हो गए हैं। सहायक इसमें बैठने नहीं आते है। जबकि कुछ पंचायतों में अभी तक सहायकों की नियुक्ति भी की गई है। ऐसे में लोग प्रमाण पत्रों के लिए ब्लाक व जिले पर भागदौड़ करते हैं।

संदलपुर ब्लॉक के फिरोजापुर ग्राम पंचायत के ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव में पंचायत भवन पर हमेशा ताला लटका रहता है। ऐसे में न तो विकास कार्यों को लेकर कभी बैठक की जाती है न ही ग्रामीणों को प्राथमिक स्तर की सुविधा मिल पाती हैं। जिससे ग्रामीणों को सात से आठ किलोमीटर की दूरी तय कर ब्लॉक कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। पंचायत भवन पर सहायक के रूप में तैनात कर्मी नहीं बैठते हैं और वह घर बैठे ही छह हजार रुपये मानदेय ले रहे हैं। जिससे लोगों को परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। बीडीओ धन प्राप्त यादव ने कहा कि पंचायत सहायक को निर्देश देकर जल्द ही सचिवालय खोलने का पत्र भेजा जाएगा। तालाबंदी को लेकर स्पष्टीकरण लिया जाएगा।



पंचायत भवन में लटका ताला।

# झमाझम बारिश से सड़कें बनीं तालाब

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और उमस के बाद गुरुवार को झमाझम बारिश होने से कस्बे की सड़कों पर तालाब सा नजारा हो गया। जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ी। हालांकि बारिश से कुछ राहत जरूर मिली।

मूसानगर कस्बे के नय्यूम अली, सुभम गुप्ता, सुरेश कुमार, राजीव सोनी, शुभम द्विवेदी आदि ने बताया कि गुरुवार दोपहर हुई झमाझम बारिश से कस्बे की सड़कें तालाब बन गई। सफाई कर्मचारियों की लापरवाही से नालियां चोक पड़ी है। जिससे पानी नहीं निकल पा रहा और मेन बाजार शंकर जी मंदिर के पास सड़क पर पानी भर गया। वहीं वार्ड नंबर बारह विकास नगर में भी भीषण जलभरा रहा। जिसमें बच्चों ने नहाने का लुफ्त उठाया।

वहीं मुगल रोड के पास ईदगाह वाली गली में नालियां जाम होने से जलभराव हो गया। लोगों का कहना है कि जल निकासी की व्यवस्था दुरस्त न होने से जलभराव हो जाता है।

ऐसे में लोग पानी से होकर निकलने को मजबूर हैं। वहीं सफाई कर्मचारी नियमित सफाई नहीं करते और केवल जिओ टैग फोटो डालकर इतिश्री कर लेते हैं। ऐसे में आम जनमानस को समस्या का सामना करना पड़ता है। वहीं झमाझम बारिश होने से लोगों को उमस भरी गर्मी में काफी राहत मिली।



बारिश के बाद मूसानगर कस्बे में सड़कों पर जलभराव के बीच निकलते लोग।

- सफाई न होने से नालियां चोक पड़ीं, आवागमन में दिक्कत

# वादी के बयान पर एसओजी प्रभारी गिरफ्तार किए गए थे

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- बलवंत हत्याकांड में प्रथम विवेचक के कोर्ट में बयान

**अमृत विचार।** चर्चित बलवंत हत्याकांड में प्रथम विवेचक पुलिस निरीक्षक शैलेंद्र कुमार मिश्र के बयान दर्ज हुए। उन्होंने कहाकि वादी के बयान पर तत्कालीन एसओजी प्रभारी को गिरफ्तार किया गया था। यह जानकारी वादी पक्ष के वकील जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने दी।

विवेचक ने बताया कि घटना के वादी अंगद सिंह के बयान उसके घर पर दर्ज किए और उसी आधार पर आरोपी तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि एसपी के आदेश पर 16 दिसंबर 2022 तक विवेचना की थी। विवेचक से तत्कालीन शिवली एसओ राजेश सिंह, एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम, मैथा चौकी प्रभारी ज्ञानप्रकाश पांडेय, एसओजी के सदस्य आरक्षी सोनू यादव, प्रशांत पांडेय, दुर्वेश एवं अनूप कुमार की तरफ से जिरह पूरी की गई। कोर्ट ने अगले विवेचक सीओ शिवप्रताप सिंह की गवाही के लिए 22 जुलाई की तिथि नियत की है। अधिवक्ता जितेंद्र चौहान ने बताया कि वादी अंगद सिंह, साक्षी बलबीर सिंह, गुड्डू उर्फ राघवेंद्र सिंह, रामजी, जिला अस्पताल के डॉ. निशांत पाठक और बलवंत सिंह का पोस्टमार्टम करने वाले पैनल डॉक्टर दीपेंद्र उत्तम के न्यायालय में बयान दर्ज हो चुके हैं। मामले की सुनवाई अपर जिला जज कक्ष संख्या पांच पूनम सिंह की न्यायालय में चल रही है। गुरुवार को सातों पुलिस कर्मी जेल से न्यायालय में पेश किए गए।

**बैठक** सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित फ्लैशिप विकास कार्यक्रमों की जिलाधिकारी ने प्रगति समीक्षा की

# सभी विभाग पोर्टल पर फीड करें आंकड़े

कार्यालय,संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी के अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित फ्लैशिप विकास कार्यक्रमों की प्रगति व सीएमआईएस पोर्टल पर प्रर्दशित निर्माण कार्यों की माह जून की प्रगति की समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में की गई।

गुरुवार को डीएम आलोक सिंह ने सबसे पहले सी, डी एवं ई श्रेणी में आए हुए विभागों की समीक्षा की। निर्देशित किया कि सभी विभाग त्रुटि रहित आंकड़े समय से पोर्टल पर फीड कराएं। यदि आंकड़ों से संबंधित कोई समस्या हो तो अपने निदेशालय से संपर्क कर तत्काल ठीक कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग की परियोजना की रैंक आने वाले माह में नीचे नहीं जानी चाहिए। इसके साथ ही कोई भी विभाग पोर्टल पर गलत रिपोर्टिंग नहीं करेगा। इसलिए सभी विभाग नियमित अपने-अपने फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा जरूर करें और योजनाओं की प्रगति से संबंधित आंकड़े अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय में समय से उपलब्ध कराएं।

साथ ही सीडीओ लक्ष्मी एन. द्वारा आंकड़ों की पुष्टि किए जाने पर ही डाटा पोर्टल पर फीड करें। बैठक में अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पीओ नेडा ने बताया कि जनपद में विद्युत उपभोक्ताओं के घरों पर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत घरेलू सोलर रूफटॉप की स्थापना कराई जानी है। सभी आवासीय विद्युत कनेक्शन धारक उपभोक्ता जिनका विद्युत बिल जमा है, इस योजना के पात्र हैं। उपभोक्ता विद्युत विभाग से स्वीकृति विद्युत भार के समतुल्य या कम क्षमता का सोलर रूफटॉप संयंत्र अपने निज आवास पर लगवा सकते हैं।

इस संयंत्र की स्थापना से उपभोक्ता के विद्युत बिल में 60 से 70 प्रतिशत की मासिक बचत संभव है। इसके साथ ही पीएम सूर्यघर योजना में अनुदान भी अनुमन्य है। इस मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी आलोक सिंह। अमृत विचार

# सफाई न होने से फत्तेपुर गांव की नालियां चोक

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत मूसानगर के वार्ड नंबर पांच फत्तेपुर में सफाई कर्मचारियों की लापरवाही से नालियां चोक पड़ी है। जिससे हर फैली गंदगी से बीमारियों की आशंका बनी हुई है। शिकायत के बावजूद अधिकारी सफाई कराने पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

नगर पंचायत मूसानगर के वार्ड नंबर पांच फत्तेपुर में नियमित साफ-सफाई न होने से गलियों में गंदगी फैली हुई है और जलभराव से बजबजाती नालियां बीमारियों को दावत दे रही हैं। वार्ड निवासी राजेश पाल, प्रेम, पप्पू, बब्लू, अवधेश आदि ने बताया कि नगर पंचायत में शिकायत करने के बावजूद सफाई व्यवस्था खस्ताहाल है। बजबजाती नालियों से उठती दुर्गंध से लोग परेशान हैं।

वहीं बजबजाती नालियां मच्छरों के पनपने का अड्डा बन गई हैं। जिससे लोगों को संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा है। वार्ड नंबर पांच फत्तेपुर के सभासद सुनील पाल ने बताया कि नगर पंचायत कार्यालय में शिकायत करने के बावजूद वार्ड में साफ-सफाई नहीं हो रही है। जिससे गलियों में गंदगी के साथ-साथ नालियां चोक है।



फत्तेपुर में चोक पड़ी नाली। अमृत विचार

# चादर पर खून का दाग देखकर उप मुख्यमंत्री बिफरे

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, बाहर से दवा लिखने की मिली शिकायत, जांच के निर्देश

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** अचानक जिला मुख्यालय पहुंचे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सीधे जिला अस्पताल पहुंच गए। उपमुख्यमंत्री के निरीक्षण से अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। अस्पताल में गंदगी, मरीज के बेड पर पड़े चादर पर खून का दाग और बिजली के खुले तार को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों सहित सीएमएस को फटकार लगाई और तत्काल व्यवस्था को दुरुस्त करने का आदेश दिया। कुछ तीमारदारों ने बाहर की दवा लिखने की शिकायत की, जिस पर उपमुख्यमंत्री ने सीएमएस से जवाब मांगा तो सही उत्तर नहीं दे सके।

जिले में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक गुरुवार को लखनऊ से होकर फतेहपुर होते हुए महोबा जिला जा रहे थे। फतेहपुर सर्किट हाउस में रुकने के बाद अचानक काफिला जिला अस्पताल पहुंच गया। सीधे भर्ती मरीजों से मिलकर जिला अस्पताल में मिल रहे इलाज के बारे में जानकारी की। इस बीच डिप्टी सीएम के आने की सूचना पर सीएमओ, सीएमएस भी मौके पर पहुंच गए। डिप्टी सीएम ने वार्ड में फैली गंदगी को देखकर साफ-सफाई के लिए सीएमएस को निर्देश दिया। इसके बाद जब डिप्टी सीएम इमरजेंसी कक्ष में पहुंचे तो एक बेड पर पड़ी चादर में खून का दाग देखा और उस पर मरीज का इलाज करते देख भड़क गए और फटकार लगाई। व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर कार्रवाई की बात कही। वहीं डिप्टी सीएम जब जिला अस्पताल का निरीक्षण कर रहे थे उस समय ओपीडी और जगह-जगह खुले बिजली के तारों को देखकर नाराजगी जाहिर करते हुए सीएमएस को फटकार लगाई। बिजली के तार को सही कराने का आदेश दिया। ट्रामा सेंटर से वार्ड की ओर जाने वाले रास्ते पर स्वास्थ्य विभाग कर्मियों की बाइक गैलरी में खड़ी देखकर नाराजगी जाहिर की।



फतेहपुर जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

### बाहर से दवा लिखने की शिकायत

**फतेहपुर।** जिला अस्पताल में इलाज कराने आए मरीज और कुछ तीमारदारों ने जिला अस्पताल का पर्चा दिखाते हुए कहा कि डॉक्टर बाहर की दवा लाने के लिए दबाव बनाते हैं। इस पर डिप्टी सीएम ने सीएमएस से जिला अस्पताल में उपलब्ध दवाओं की जानकारी ली और कहा कि सभी प्रकार की दवा जिला अस्पताल में उपलब्ध हैं, जिस डॉक्टर ने बाहर की दवा लिखी है उसकी जांच करवाई जाए। इस मौके पर अयाहशाह विधायक विकास गुप्ता, डीएम सी इंदुमती, एसपी उदय शंकर सिंह, एसडीएम सदर, डीएसपी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### यह अस्पताल है या बूचड़खाना

**बछरावां, रायबरेली।** इससे पहले उप मुख्यमंत्री ने बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें चारों तरफ गंदगी देखने को मिली जिससे उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने अधीक्षक को जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि यह अस्पताल है या बूचड़खाना। ओपीडी में चिकित्सक नदारद थे। मरीजों की शिकायत पर उन्होंने अधीक्षक से पूछताछ की। उपस्थिति रजिस्टर देखा तो 11 कर्मचारी नदारद मिले।

## स्टाफ नर्स के भरोसे पीएचसी, भड़के उप मुख्यमंत्री

संवाददाता, बांदा

- सीएमओ को फोन पर फटकारा
- निरीक्षण का वीडियो भी बनाया

**अमृत विचार।** एक ओर योगी सरकार चिकित्सा, शिक्षा पर विशेष फोकस करके जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का दावा करती है, वहीं हकीकत सरकारी दावों के बिलकुल उलट है। गुरुवार की दोपहर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मटौंध में सड़क किनारे स्थित नवीन पीएचसी का औचक निरीक्षण किया तो वहां की अव्यवस्थाएं देखकर उनका पारा चढ़ गया। ताज्जुब की बात यह है कि डिप्टी सीएम व विभागीय मंत्री के भ्रमण के दौरान जिले के सीएमओ उनके साथ नहीं थे। इस पर डिप्टी सीएम ने वहीं से सीएमओ को फोन करके जमकर फटकार लगाई और अव्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। इतना ही नहीं उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर पूरा वीडियो भी लाइव किया है। गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजकर 10 मिनट पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का काफिला अचानक मटौंध स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंच गया। वहां का नजारा देखकर डिप्टी सीएम का गुस्सा सातवें आसमान पर चढ़ गया। स्वास्थ्य केंद्र में मात्र एक स्टाफ नर्स पुष्पा ही मौजूद मिलीं। पूछताछ के बाद स्टाफ नर्स सटीक जवाब नहीं दे सकी तो उन्होंने अपने सहायक से मुख्य चिकित्सा अधिकारी को फोन करने की हिदायत दी। डिप्टी सीएम श्री पाठक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एके श्रीवास्तव की फोन पर ही जमकर क्लास ली। डिप्टी सीएम ने जब उनसे स्वास्थ्य केंद्र में तैनात स्टाफ की जानकारी मांगी तो वह भी उपलब्ध नहीं करा सके। हालांकि डिप्टी सीएम ने उन्हें जल्द ही स्टाफ की पूरी जानकारी देने की हिदायत दी। स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद स्टाफ नर्स पुष्पा ने बताया कि यहां उनके अलावा रुचि, रेनू गुप्ता और अमिता चार स्टाफ नर्स तैनात हैं। डिप्टी सीएम ने स्वास्थ्य केंद्र की जर्जर हालत पर नाराजगी जाहिर की और स्टाफ नर्स से पूछताछ की। जिस पर स्टाफ नर्स ने मेंटीनेंस को लेकर कई बार लिखा पढ़ी करने की बात कही, लेकिन जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया। डिप्टी सीएम श्री पाठक ने स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए आए मरीजों से बातचीत की और एक मरीज को तत्काल भर्ती करने की हिदायत दी। डिप्टी सीएम श्री पाठक महोबा जनपद में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, रास्ते में उन्होंने मटौंध स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया तो स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत सामने आ गई। बता दें कि श्री पाठक डिप्टी सीएम होने के साथ साथ स्वास्थ्य विभाग के मंत्री भी हैं। लेकिन अफसरों की लापरवाही का आलम यह है कि विभागीय मंत्री के भ्रमण के दौरान सीएमओ या स्वास्थ्य विभाग का कोई अफसर उनके साथ मौजूद नहीं रहा।

## दलित-पिछड़ों पर हो रहा अत्याचार

संवाददाता, फतेहपुर

- पीड़ित युवक से मिलने पहुंचे स्वामी प्रसाद मौर्या
- परिजनों को न्याय दिलाने का दिया भरोसा

**अमृत विचार।** पीड़ित युवक को न्याय दिलाने के लिए गुरुवार को राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्या टीम के साथ पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और न्याय का भरोसा दिया। बता दें कि एक दलित युवक को कुछ दबंग लोगों ने मामूली बात पर जमकर पीटा और बाद में पैर के नाखून को प्लास से नोच दिया था। इसके बाद भी मन नहीं भरा तो गाड़ी से जंगल ले जा रहे थे, वहां जेसीबी मशीन से गड्ढा करके जिंदा दफन करने की तैयारी थी। इसी बीच वहां पुलिस पहुंच गई। बहन की तहरीर पर दो लोगों पर मामूली धारा में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।

बकेवर थाना क्षेत्र के पंचम पुरवा मजरे जगदीशपुर गांव के रहने वाले संतोष के बेटे शिवम (24) को न्याय दिलाने स्वामी प्रसाद मौर्य पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर घायल युवक की हालत देखने के बाद मौके पर थाना प्रभारी को बुलाया और नामजद आरोपियों पर कार्रवाई नहीं करने को लेकर सवाल उठाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में दलित-पिछड़ों पर अत्याचार हो रहा है। उन्होंने थाना पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया और कहा कि पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुकी है। इसी का नतीजा है कि थाना पुलिस पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की जगह आरोपियों को संरक्षण देने का काम करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में दलित पिछड़ों पर अत्याचार होने पर उनको न्याय नहीं मिल रहा है। लेकिन, हमारी पार्टी इस पीड़ित परिवार के साथ है और जब तक युवक को न्याय नहीं मिलेगा लड़ाई जारी रहेगी। इस मौके पर कोरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चन्द्र लहेरी ने कहा कि जब तक हमारे समाज के इस युवक को न्याय नहीं मिलता तब तक शांत नहीं बैठेंगे।

## लोडर की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत

**बिंदकी फतेहपुर।** तेज रफ्तार एक लोडर ने बाइक में टक्कर दी, जिससे बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई।

मुगल रोड पावर हाउस के समीप गुरुवार को दिन में बाइक सवार विनोद द्विवेदी उर्फ पुन्नी उम्र 50 वर्ष निवासी मोहल्ला महजनी गली बिंदकी की मौके पर मौत हो गई। विनोद द्विवेदी के साथ ही बाइक में सवार सतीश चंद्र 40, निवासी ग्राम पारादान कोतवाली बिंदकी गंभीर घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी ले जाया गया। थोड़ी देर उपचार के बाद सतीश चंद्र की भी मौत हो गई।

## देवशयनी एकादशी के साथ मांगलिक कार्यों पर विराम

संवाददाता, फतेहपुर

- एकादशी पर गंगा घाटों में श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजा-पाठ किया

**अमृत विचार।** देवशयनी एकादशी के साथ ही बुधवार से मांगलिक कार्यों पर पूरी तौर पर विराम लग गया है। आचार्य के मुताबिक प्रभु विष्णु श्रावण, भाद्रपद, आश्विन और कार्तिक चार महीनों के लिए सो जाएंगे। ऐसे में मांगलिक कार्य नहीं हों सकेंगे। बुधवार को देवशयनी एकादशी थी। इस दिन श्रद्धालुओं ने बकायदा गंगा घाटों पर स्नान किया।

आचार्य भृगुनंदन शुक्ला ने बताया कि देवशयनी एकादशी पर जहां भगवान विष्णु क्षीरसागर में अनंत शैया पर योगनिद्रा में चले जाते हैं तो वहीं देवोत्थान एकादशी पर योगनिद्रा से जागृत होते हैं। आचार्य ने बताया कि चार्तुमास में पूजा का विशेष महत्व है। इससे सभी पापों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में मांगलिक कार्य नहीं होंगे। चार्तुमास में सगाई, मंगनी, विवाह, उपनैन, मुंडन, भूमि पूजन और गृह प्रवेश नहीं किए जाएंगे। दैनिक पूजा पाठ, व्रत और त्योहार करने में कोई पाबंदी नहीं है। चार महीनों में भगवान विष्णु सोये रहते हैं इसलिए अनिष्ट श्तियों के उदय होने की आशंका रहती है।

## अधेड़ ने नाबालिग को बनाया हवस का शिकार

संवाददाता फ़तेहपुर

- छह माह का गर्भ ठहरने पर परिजनों को हुई जानकारी

**अमृत विचार।** चांदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक अधेड़ ने विगत छह माह पूर्व अपने ही पड़ोस की एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर अपनी हवस का शिकार बना डाला। लोकलाज के भय से पीड़िता ने अपने स्वजनों को कुछ भी नहीं बताया। नतीजतन पीड़िता के छह माह का गर्भ ठहर गया। जिससे स्वजनों को जानकारी हुई। स्वजनों ने जब पीड़िता से पूछा तो उसने अपने ही गांव के निवासी आरोपी के खिलाफ दुराचार का आरोप लगाते हुए स्वजनों को आप बीती बताई। बकौल ग्रामीण आरोपी को अपने नापाक करतूतों की पोल खुलने की जैसे ही भनक लगी। वह पकड़े जाने के डर से घर से फरार हो गया। हालांकि पीड़िता के स्वजनों ने पुलिस से शिकायत करने की बजाय पीड़िता को अमौली कस्बे के एक निजी अस्पताल में ले जाकर उसका गर्भपात करवा दिया।

## अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसान

संवाददाता, खागा फतेहपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी से आमजनमानस पूरी तरह बेहाल है ऊपर से बिजली की किल्ल्त से उपभोक्ता समेत किसान जूझ रहा है। समस्या को लेकरक खखरेरु कनपुरवा पावर हॉउस में गुरुवार को किसान यूनियन टिकैत दल के तहसील कार्यकर्ताओं ने अनिश्चितकालीन धरना देकर विद्युत विभाग की नींद खोल दी। क्षेत्र ने अघोषित बिजली कटौती से जहां जन जीवन अस्त- व्यस्त है तो बिजली को लेकर किसानों की समस्याओं में दुगना इजाफा हुआ है।



बिजली समस्या को लेकर धरने पर बैठे भाकियू पदाधिकारी। अमृत विचार

किसान यूनियन टिकैत दल के तहसील सचिव राम शरण पटेल की अगुवाई में खखरेरु कनपुरवा पावर हॉउस में अनिश्चितकालीन धरना देकर विद्युत विभाग के सामने किसानों की मांग को लेकर अड़ गए। उपकेंद्र में हो रहीं बिजली कटौती से क्षेत्र का किसान बुरी तरह आहत हैं। जिन्हे बिजली आपूर्ति सही से नहीं मिल पा रही है। जहां उमस भरी गर्मी से आमजनमानस पूरी तरह बेहाल है और किसान परेशान है।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के बहरामपुर रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे ट्रेन से गिरकर लगभग 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जीआरपी ने शव को विच्छेदन के लिए भेजा है। असोथर थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव निवासी स्व. अरविंद का पुत्र करन मुंबई में नौकरी करता था। बताते हैं कि वह ट्रेन से घर आ रहा था। तभी अर्द्धरात्रि बहरामपुर रेलवे ओवर ब्रिज के समीप चलती ट्रेन से गिर गया। सुबह जानकारी होने पर जीआरपी ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## सार-संक्षेप

### सपा सांसद ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित



कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते सांसद नरेश उत्तम पटेल।

**बिंदकी फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में सांसद नरेश उत्तम पटेल ने पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है। संगठन को सभी लोग मिलजुल कर मजबूत करें तथा आगामी विधानसभा की चुनाव की तैयारी अभी से शुरू कर दें ताकि उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बन सके।बिंदकी क्षेत्र के सहबाजपुर गांव के समीप फरीदपुर मोड में गुरुवार को समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद नरेश उत्तम पटेल मौजूद रहे। उन्होंने पार्टी के सेक्टर बूथ तथा विधानसभा एवं जिले स्तर के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित करने का काम किया। कहा कि प्रदेश में सरकार बनाते हुए अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। जिससे उत्तर प्रदेश का विकास कराया जा सके। आयोजन समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता धर्मपाल सिंह पटेल द्वारा किया गया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव, धर्मपाल सिंह पटेल, महेंद्र बहादुर सिंह बच्चा, गणेश वर्मा, सुशील पटेल समेत अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तालाब किनारे पड़ा मिला अधेड़ का शव

**फतेहपुर।** सुबह साइकिल लेकर निकले और फिर लापता हुए अधेड़ का शव खागा-नौबस्ता रोड पर नहर पटरी पर तालाब किनारे मिला। लोगों ने शव देखा तो पुलिस को खबर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो पता चला कि अधेड़ शराब पीने का आदी था और मंगलवार की सुबह घर से निकला था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। खागा कस्बे के कटखेरवा मोहल्ला के रहने वाले शिवलाल पासवान (56) घर में वृद्ध मां के साथ रहता था और मजदूरी करता था। शिवलाल शराब पीने का लती था और रोजाना शराब पीकर यहां-वहां लोगों को पड़ा मिलता था। परिजनों के अनुसार वहां सुबह साइकिल लेकर घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। आए दिन इसी तरह गायब होने के कारण उसकी मां व अन्य लोगों ने भी बहुत अधिक गंभीरता नहीं दिखाई। बुधवार की सुबह नौबस्ता रोड नहर पटरी पर तालाब के किनारे लोगों ने शिवलाल का शव पड़ा देखा, वहीं पर सड़क किनारे उसकी साइकिल भी झाड़ी में गिरी पड़ी थी। सूचना पर शिवलाल की मां, उसकी पत्नी व बहन आदि लोग वहां पहुंचे। फारेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की। लोगों ने बताया कि शिवलाल शराब पीने का लती था और अनुमान है कि अधिक शराब के सेवन के कारण ही उसकी मौत हो गई है। पुलिस जांच के दौरान जानकारी हुई कि शिवलाल के नशे के कारण उसकी पत्नी रामश्री अपने चार बच्चों को लेकर 13 साल पहले अपने मायके हथगाम चली गई थी और वहीं रहती थी और अपनी बेटी की शादी भी की। सूचना पर रामश्री भी मौके पर पहुंची थी।

### हिरासत में आरोपियों को प्रधान पति ने पुत्र के साथ मिलकर पीटा

**फतेहपुर।** हथगाम पुलिस की हिरासत में एसडीएम कोर्ट जा रहे आरोपी को प्रधान के पति व पुत्र ने मिलकर पीटा। विरोध करने पर मौजूद होमगार्डों से अभद्रता की गई। होमगार्ड ने सरकारी कार्य में बाधा व मारपीट का मामला दर्ज कराया है। हथगाम थाने में तैनात होमगार्ड रमेशचंद्र ने बताया कि वह हमराही होमगार्ड राजकरन के साथ मंगलवार को जसराजपुर के धनराज पासवान, इदरीशपुर गांव के वीरेंद्र विश्वकर्मा, बरगदियापुर के सुमित को खागा ऑटो रिक्शा से एसडीएम कोर्ट खागा लेकर जा रहे थे। शाहपुर तिराहे के पास वीरेंद्र विश्वकर्मा लघुशंका के लिए उतरा। सड़क किनारे होमगार्ड राजकरन वीरेंद्र को गुमटी के पीछे ले गया। आरोप है शाहपुर प्रधान हसीना बानो के पति मोहम्मद शमी अपने पुत्र रहीश संग पीछे से पहुंचा। दूसरे पुत्र पर हमला करने की रंजिश में वीरेंद्र विश्वकर्मा पर हमला किया। मारपीट से रोकने पर उन दोनों से बदसलूकी और धक्का-मुक्की की। थानाध्यक्ष वृंदावन राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

### मेले में छेड़खानी को लेकर दो पक्ष भिड़े

**फतेहपुर।** मोहर्रम पर लगे मेला में दो गुटों में जमकर मारपीट हो गई। एक दूसरे को दौड़ा दौड़ाकर मारपीट की गई। इस दौरान किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। बताया जा रहा है कि छेड़खानी को लेकर विवाद हुआ था। वीडियो के आधार पर पुलिस जांच मारपीट करने वाले युवकों की तलाश कर रही है।मारपीट करते हुए वीडियो सदर कोतवाली क्षेत्र के लाला बाजार का है। जहां पर मोहर्रम पर मेला लगा हुआ है। रात में किसी युवती के साथ छेड़खानी का विरोध करने के बाद जब युवती के परिवार के लोग पहुंचे तो दोनों गुटों में मारपीट शुरू हो गई। हालांकि अमृत विचार अखबार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। मारपीट के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में लगी पुलिस मेला से नदारत रही। वीड़ियो में साफ देखा जा सकता है कि मारपीट करने वाले युवकों को पुलिस का कोई ख़ौफ़ नहीं है। इस मामले कोतवाली प्रभारी से फोन पर बात करनी चाही, लेकिन उनका फोन नहीं उठा। आपको बता दें कि की मोहर्रम पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए थे और भीड़ पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही थी। भीड़भाड़ वाले जगह पर सदी वर्दी में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था, लेकिन उसके बाद भी इस तरह से मारपीट का मामला सामने आ रहा है।।

### युवक की कानपुर ले जाते समय मौत

फतेहपुर। ससुराल गए युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था जिसकी देर शाम कानपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। खागा के खेमकरनपुर गांव निवासी केशन पासवान के पुत्र श्याम पासवान अपनी ससुराल असोथर थाने के सूबेदार का पुरवा मजरे सातों धरमपुर गया था। वहीं पत्नी से विवाद के बाद उसने जहर खा लिया था। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया था। जिसकी रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के अस्ती कालोनी में गुरूवार की सुबह पति से लड़कर 20 वर्षीय युवती ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। सदर के अस्ती कालोनी निवासी शमीम की पत्नी शमा का अपने पति से आज सुबह किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया।

समस्या | रात दो बजे प्रदर्शन से विभाग में मचा हड़कंप, बिजली कटौती से परेशान है क्षेत्र के लोग

# गुलाबी गैंग ने बहुआ पावर हाउस का किया घेराव

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों और किसानों के समस्या को लेकर गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन की महिलाओं ने पावर हाउस का घेराव किया। घेराव के सूचना पर मौके पर पुलिस बल भी पहुंच गया। बिजली विभाग के लचर व्यवस्था को लेकर महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए बिजली समस्या को दूर करने की बात कही।

बहुआ ब्लाक के अंतर्गत पड़ने वाले ग्रामीण क्षेत्र में लगातार बिजली की कटौती के कारण किसान अपने खेत में पानी नहीं लगा पा रहे हैं, भीषण गर्मी के कारण लोग परेशान हो रहे। जिसको लेकर गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में संगठन की महिलाएं और ग्रामीणों ने बहआ पावर हाउस का रात में करीब दो बजे घेराव करते हुए जमकर विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी किया। पावर हाउस के घेराव के सूचना पर मौके पर चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंच गए। गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल ने कहा कि बहुआ पावर हाउस से विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मी बड़े व्यापारियों और ठेकेदारों से पैसा लेकर बिजली बेचने का काम करते है, जिस कारण से ग्रामीण क्षेत्र की बिजली को बंद कर दिया जाता है।



बहुआ पावर हाउस पर प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

बिजली सप्लाई बंद होने से किसान खेतों में पानी नहीं लगा पा रहा है। खेत में खड़ी फसल सूख रही है। नहरों में पानी नहीं आ रहा, साथ ही इस भीषण गर्मी के कारण लोग बेहाल हो रहे हैं। पावर हाउस का घेराव करते समय मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। उन्होंने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री कहते है कि ग्रामीण क्षेत्र को 18 घंटे बिजली दी जाए, लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त विद्युत विभाग बिजली बेचने का काम कर रहा है। पावर हाउस घेराव के सूचना पर एसडीओ अभिनव श्रीवास्तव ने बताया कि पावर हाउस में दो करमी तैनात हैं, जो रोस्टर के अनुसार बिजली की सप्लाई दे रहे हैं।

बिजली सप्लाई में कहीं कोई दिक्कत आती है तो उसे ठीक करने में समय लगता है। पावर हाउस में करीब दो घंटे तक चले हंगामा के बाद एसडीओ ने ग्रामीणों को बिजली सप्लाई निरंतर मिलने का भरोसा दिलाया। वहीं किसान यूनियन के नेता और किसानों ने कहा कि अगर बिजली सप्लाई नहीं मिली और उनके खेत की फसल बबर्बाद होती है, तो विद्युत विभाग की ईट से ईट बजाने का काम किसान करेंगे।

### खखरेरु, धाता क्षेत्र में बिजली समस्या से जूझ रहे उपभोक्ता

**खागा फतेहपुर।** शासन से किसानों के लिए कितनी भी बिजली आपूर्ति देने का आदेश हो लेकिन खखरेरु व धाता क्षेत्र में बिजली की किल्लत से किसान समेत अन्य उपभोक्ता कराह रहा है। कनपुरवा से कोट फीडर व धाता फीडर से सुनारी की लाइन लंबी तथा अव्यवस्थित होने के चलते दर्जन भर से अधिक गांवों को हल्की बारिश एवं हवा में भी बिजली गायब हो जाती है। एक दशक से अधिक समय से समस्या का समाधान नहीं खोजा जा सका। क्षेत्र में बिजली को लेकर कई बार आंदोलन, धरना-प्रदर्शन किए गए। धरने में आए प्रशासनिक एवं बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा आश्वासन के शिवा क्षेत्र को कुछ भी नहीं दिया गया। घरेलू उपभोक्ताओं को कभी भी शाम और सुबह बिजली मुहैया नहीं हो पाती। देहात क्षेत्र में बिजली की व्यवस्था जस की तस बनी हुई है। धान की रोपाई का समय है किसान दिन भर ट्यूबवेल मालिकों के पास दौड़ लगाता रहता है। दिन भर में बीघे दो बीघे खेत बड़ी मुश्किल से सिंच पाते हैं। धान की रोपाई के समय की जा रही कटौती और रोस्टिंग के बाद मिलने वाली बिजली से क्या किसान के आमदनी दोगुनी हो जाएगी। ऐसे में दो स्थितियां बनती हैं या तो सरकार के आदेश हवा हवाई है या फिर आदेशों से विभागीय अधिकारी कर्मचारियों का कोई लेना-देना नहीं है।

### लो वोल्टेज की भी समस्या

- खखरेरु व धाता-जिन गांवों में जिस समय दो फेस बिजली दी जाती है वहां बामुश्किल पीने का पानी मिल पाता है, ऐसी विकट गर्मी और उमस में पंखों की रफ्तार देखते ही बनती है। लो-वोल्टेज के संबंध में धाता के अवर अभियंता चंद्रमा प्रसाद यादव का कहना है कि सिराथू से ही पूरा वोल्टेज नहीं मिल रहा है। ओवरलोड के कारण भी लो वोल्टेज की समस्या रहती है। इसी तरह कनपुरवा विद्युत उपकेंद्र के जेई आदित्य कुमार त्रिपाठी, ने बताया बरसात हो जाय तो लो-वोल्टेज की समस्या खत्म हो जाएगी।

### बदहाल व्यवस्था का जिम्मेदार कौन?

- क्षेत्र में इस खराब बिजली व्यवस्था के जिम्मेदार अकेले कर्मचारी ही नहीं हैं। बल्कि विभाग के आला अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते क्षेत्र विद्युत अव्यवस्था का शिकार है। लाइनमैन और अवर अभियंता तो काम करते नजर आते हैं। लेकिन क्षेत्र की जर्जर तारें मानक विहीन लगे बिजली के पोल जिन्हें समय समय पर अधिकारी आकर सुधारें जाने का आश्वासन देकर चले जाते हैं। उन पर अमल नहीं हो पाता। सवाल यह है कि जब तक तारों को बदला नहीं जाएगा तब तक फाल्ट होते ही रहेंगे। कर्मचारी उन्हीं व्यवस्थाओं के बीच काम करने को मजबूर हैं।

आवश्यकता है
अमृत विचार, बरेली व लखनऊ को
अकाउंटेंट की (विज्ञापन विभाग में)
अनुभवः- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 8791613133
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# डायरिया से दो बच्चों की मौत

## झोलाछाप से कराते रहे इलाज, जिला अस्पताल में पुष्टि

संवाददाता फर्रुखाबाद



**अमृत विचार।** थाना अमृतपुर क्षेत्र के अलग-अलग गांव निवासी दो बच्चों की उल्टी, दस्त, बुखार के बाद हालत बिगड़ गई। जिला अस्पताल लोहिया में 12 घंटे के अंदर दोनों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में साफ-सफाई के इंतजाम भी काफी खराब है। वहीं बच्चों की तबीयत खराब होने के बाद दोनों के परिजन झोलाछापों से इलाज कराते रहे।

थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव कुम्हरौर निवासी वसीम का 4 वर्षीय पुत्र आरिफ कई दिन उल्टी दस्त, पेट दर्द से पीड़ित था। परिजन इधर-उधर झोलाछापों से दवा लेते रहे। जिससे हालत ज्यादा बिगड़ गई। बुधवार रात जिला अस्पताल लोहिया लेकर पहुंचे। ईएमओ ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीण बताते हैं कि गांव में कभी कभार सफाई होती है, गांव में दवा का छिड़काव नहीं कराया गया। सफाई कर्मचारी भी गांव में नहींआता। जिसके कारण बीमारियां फैल रही हैं।

दूसरी तरफ थाना क्षेत्र के ही गांव डांडीपुर निवासी रजवेश का दो माह का पुत्र सूरज जिसे डायरिया हो गया था। परिजनों ने बीमार शिशु को गांव में झोलाछाप डाक्टर को दिखाया। लेकिन आराम नहीं मिला। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमृतपुर में दिखाने पर हालत में सुधार नहीं हुआ। जिसके बाद परिजन बीमार शिशु को लेकर जिला अस्पताल लोहिया पहुंचे। ड्यूटी पर तैनात ईएमओ डॉ ऋषिकांत ने शिशु को मृत घोषित कर दिया।

### क्षेत्र में झोलाछापों की भरमार

◆ **अमृतपुर।** राजेपुर क्षेत्र में झोलाछापों के खिलाफ निरंतर अभियान चलता है। नोटिस देने से लेकर टेप लगाकर सील करने की कार्रवाई भी होती हैं। लेकिन बाद में मामला रफा दफा हो जाता है। जिसका नतीजा है कि झोलाछाप अभी भी बड़े स्तर पर सक्रिय हैं। जिनके चंगुल में आने से मरीज की जान के लाले पड़ जाते है। जिन दो बच्चों की मौत हुई उनके परिजन भी बच्चों की हालत बिगड़ने पर झोलाछापों के पास ही पहले इलाज के लिए ले गए थे। मामले राजेपुर सीएचसी के प्रभारी डॉ. आरिफ ने बताया कि मामले में अभी तक शिकायत नहीं है। क्षेत्र में निरंतर झोलाछापों के खिलाफ अभियान चलता है।आने वाले समय में वृहद स्तर पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

# यात्री ने रोडवेज बस चालक को बचाने आए साथी को पीटा

संवाददाता फर्रुखाबाद



तहरीर लिखता पीड़ित चालक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बस अड्डा परिसर में काउंटर लगाकर सवारियां भर रहे चालक का एक यात्री से जल्दी चलने को लेकर विवाद हो गया।आरोप है कि गुस्साए यात्री ने चालक को धुन दिया। चालक से मारपीट होता देख एक साथी बचाने आया तो उसे भी यात्री ने पीट दिया। बस अड्डा प्रभारी ने पुलिस बुलाकर आरोपी को पकड़वाया। जिसके बाद पीड़ित ने थाने आकर तहरीर दी है।

थाना अमृतपुर के ग्राम बली पट्टी रानी गांव निवासी रोडवेज चालक दीपक कुमार अग्निहोत्री ने थाना कादरी गेट पर तहरीर दी है। बताया कि फर्रुखाबाद रोडवेज अड्डा पर गुरुवार सुबह फर्रुखाबाद डिपो की बस हरदोई की सवारियां भरने को काउंटर पर लगी थी। वह हरदोई के लिए सवारियों को बैठा रहा था। तभी 30 साल का एक अज्ञात युवक आया और बस को जल्दी ले चलने के लिए कहने लगा। मना किया तो युवक गाली गलौच कर मारपीट पर उतारू हो गया। बचाने आए साथी रोडवेज बस चालक कृष्णा शुक्ला को भी पीट दिया।

वहीं घटना के बाद बस अड्डे पर हड़कप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को दबोच लिया। जानकारी के अनुसार तब तक स्टाफ के लोगों ने युवक के साथ भी मारपीट की। थाना कादरी गेट पहुंचे बस अड्डा प्रभारी जितेंद्र कुमार ने पीड़ित चालक की तहरीर लिखी। इस दौरान स्टेशन इंचार्ज गौरी शंकर भी थाने आ गए।



गिरफ्तारी की मांग करतीं पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत व अन्य। अमृत विचार

# दुष्कर्म के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

**फर्रुखाबाद।** 11 जुलाई को गेस्ट हाउस में वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान चार वर्षीय बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म मामले में पूर्व विधायक ने आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। गुरुवार को पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने एसपी आलोक प्रियदर्शी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि आरोपी अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया जो बहुत ही शर्म की बात है 1 बच्ची का लोहिया अस्पताल में मेडिकल परीक्षण हुआ 1 बच्ची के परिजनों में भय एवं आक्रोश है। इस मौके पर अधिवक्ता रूचि अग्रवाल, तनु वर्मा, अंकित मिश्रा, रंजना कश्यप, रंजना राठौर, गीता कश्यप आदि मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### पौधरोपण अभियान का हिस्सा बनें किसान : जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद।** जिले में चल रहे पौधरोपण अभियान में ज्यादा से ज्यादा किसान शामिल होकर फल और छायादार पौधे लगाएं। यह बाद जिलाधिकारी डॉ. बीके सिंह ने गुरुवार को विकास भवन के सभागार में आयोजित किसान दिवस को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि किसान पौधे लगाएं और उनको तैयार करें। कार्यक्रम में 14 शिकायतें प्राप्त हुईं। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र, श्याम कुमार तिवारी जिला विकास अधिकारी ने भी किसानों को जानकारी दी।

### सिपाही को सरिया मार कर किया घायल

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** फायर स्टेशन में तैनात सिपाही मुनेश पुत्र देव सिंह निवासी बलरामपुर मैनपुरी बीते दिवस बुधवार को देर शाम तहसील अमृतपुर गेट के पास बिक रही सब्जी लेने आया था। उस समय कुछ अज्ञात लोगों ने उस पर लोहे की सरिया से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। मारपीट करने वाला मौका देखकर फरार हो गया। थाना प्रभारी मीनेष पचौरी ने बताया कि अभी तक घायल सिपाही द्वारा किसी के विरुद्ध थाने में तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक चालकों ने टेंपो चालक को पीटा

**फर्रुखाबाद।** थाना शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम धमगमा भट्टे के पास बाइक सवारों का टेंपो चालक कश्मीर के साथ मारपीट करने व गला कसने का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ है। बाइक का स्टैंड सही करने की बात कहना टेंपो चालक कश्मीर को महंगा पड़ गया। टेंपो चालक ने बाइक स्टैंड लगा होने की बाइक सवारों को जानकारी दी। बाइक सबार स्टैंड लगाते समय अनियंत्रित होकर गिर गए। टेंपो चालक ने टेंपो रोककर बाइक सवारों को उठाया। टेंपो चालक कश्मीर ने बाइक सवारों को उठाते ही बाइक सवार टेंपो चालक पर हमलावर हो गए और पीट दिया। टेंपो चालक ने थाने में तहरीर दी है।

### महिला को सांप ने डसा

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव मुडौल निवासी 40 वर्षीय रजनी पत्नी सुखबीर खेत में घास काटने गई थी। तभी रजनी को सांप ने डस लिया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में ले गए। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया।

### पत्नी व पुत्र को भगा ले जाने का आरोप

**कंपिल फर्रुखाबाद।** पत्नी व पुत्र को एक आरोपित बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। पत्नी अपने साथ नकदी व लाखों रुपये की कीमत के जेवर ले गई। पीड़ित पति ने न्यायालय के आदेश पर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। क्षेत्र के एक गांव निवासी एक ग्रामीण ने न्यायालय के आदेश पर थाने में दर्ज कराए मुकदमे में कहा कि 2018 में उसका विवाह कायमगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती से हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुआ था। 29 मई को वह अपने परिजनों के साथ खेत पर काम कर रहा था। उसकी पत्नी वह उसका पुत्र घर में मौजूद थे। तभी थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव कोकापुर निवासी अखिलेश उसके घर में आया और उसकी पत्नी व पुत्र को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया।

### मार्ग दुर्घटना में पांच घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग शमसाबाद क्षेत्र के गांव रोशनाबाद निवासी सोनी, गांव टिलियां निवासी सुनीता, गांव अताईपुर कोहना निवासी बुजुर्ग मशवरी बेगम, गांव मंगलीपुर निवासी बुजुर्ग इतवारी लाल, कंपिल क्षेत्र के गांव दढियांपुर निवासी वीरबहादुर मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। आस पास के लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां इतवारी लाल को प्राथमिक इलाजे के बाद गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### युवक ने पीया कीटनाशक

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** नगर के मोहल्ला छप्टी निवासी सुमित ने संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। उल्टियां होने पर परिजनों को जानकारी हुई। परिजन सीएचसी लेकर दौडे। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### गैस सिलेंडर में लगी आग, धमाके के साथ फटा

**फर्रुखाबाद।** शमशाबाद कस्बा के मोहल्ला इमादपुर थमरई निवासी दुर्वेश कुमार की पत्नी ममता गुरुवार सुबह गैस पर खाना बना रही थी। तभी अचानक सिलेंडर में आग लग गई। इस दौरान सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया और छप्पर में आग लग गई। इससे घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सिलेंडर के टुकड़े काफी दूर तक जा गिरे। गनीमत रही कोई घायल नहीं हुआ।

## एक नजर

### बाढ़ का पानी निकला पर किसानों को दे गया 'जख्म'

**फर्रुखाबाद।** रामगंगा नदी में आई बाढ़ के बाद लोगों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। खेतों में तैयार खड़ी मक्का और मूंगफली की फसल नष्ट हो गई। पानी निकलने के बाद गांव में कूड़े के गड्ढों में पानी भर जाने से सड़ांध फैल रही है। जिससे लोगों को संक्रामक रोग फैलने का डर सता रहा है। बाढ़ का पानी निकल जाने के बाद बाढ़ प्रभावित गांवों अमैयापुर, कोलासोता, भावन, बजीरपुर, डांडीपुर, बथुआ की मड़ैया, हीरानगर, गुडेरा आदि गांवों में मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ गया है।

### रोजगार मेला 19 से

**फर्रुखाबाद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 19 जुलाई से शुरू होगा।प्रभारी प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार ने बताया कि 19 जुलाई व 30 जुलाई को आईटीआई ठंडी सड़क, 20 को आईटीआई अमृतपुर व 23 जुलाई को आईटीआई कायमगंज में रोजगार अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन होगा।

# कांवड़ यात्रा की तैयारियों का एसडीएम सीओ ने लिया जायजा, दिए निर्देश

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियों का जायजा लेने एसडीएम रविंद्र सिंह, सीओ जय सिंह परिहार, तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर राजस्व कर्मियों के साथ ढाई घाट पहुंचे। जहां उन्होंने व्यवस्थाओं को देखा।

एसडीएम ने शाहजहांपुर के ठेकेदार से भी बात की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैरिकेडिंग के निर्देश दिए और जहां पर बैरिकेडिंग होगी उस स्थान का भी जायजा लिया। सुरक्षा को लेकर वाच टावर बनाने के निर्देश दिए। टावर पर तीन सिपाही तैनात रहेंगे और लगातार निगरानी करेंगे। निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे में भी लगाए जा रहे हैं। महिलाओं के कपड़े बदलने लिए अस्थाई चेंजिंग रूम भी बनाने के निर्देश है। उबड़ खाबड़ जगह पर मिट्टी डलवाने के निर्देश दिए। उपजिलधिकारी ने बताया कि कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियों का जायजा लिया गया है। जहां भी कमियां थी। संबंधित को निर्देश दिए गए है। सुरक्षा को लेकर भी उनके साथ क्षेत्राधिकारी ने मौके का जायजा लिया है। उन्होंने ने भी शमसाबाद एसओ को निर्देश दिए है।



कांवड़ यात्रा को लेकर ढाईघाट पर निरीक्षण करते एसडीएम, सीओ। अमृत विचार

● **वाच टावर के माध्यम से की जाएगी निगरानी**

# सीओ का किया सम्मान

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

● **उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने बताई समस्याएं**

**अमृत विचार।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने नवागंतुक क्षेत्राधिकारी का स्वागत किया और समस्याएं बताई। गुरुवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के युवा जिला अध्यक्ष सुबोध गुप्ता उर्फ मंसाराम के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी जयसिंह परिहार का मिठाई खिलाकर, स्मृति चिह्न व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर अध्यक्ष के साथ कोषाध्यक्ष प्रमोद वर्मा, महामंत्री अनुराग कौशल, मीडिया प्रमुख हिमांशु शर्मा, नरेश वाथम, कन्हैया वर्मा, राजीव राजपूत व सुनील आदि मौजूद रहे।



सीओ जयसिंह परिहार का सम्मान करते व्यापारी। अमृत विचार




रैली निकालते पालिका कर्मी। अमृत विचार

# फाइलेरिया के प्रति लोगों को किया जागरूक

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** वैसे तो फाइलेरिया का संक्रमण बचपन में ही आ जाता है लेकिन कई सालों तक इसके लक्षण नजर नहीं आते। फाइलेरिया न सिर्फ व्यक्ति को दिव्यांग बना देती है ,बल्कि इससे मरीज की मानसिक स्थिति पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। यह कहना है उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरसी माथुर का है।

इसी को लेकर नगरपालिका परिषद की तरफ से एक जागरूकता रैली रवाना की गई। जो लोगों को फाइलेरिया अभियान के बारे में जागरूक करने के साथ ही लोगों को इससे बचाव की दवा खाने के लिए भी प्रेरित किया। इस दौरान नगरपालिका परिषद से लिपिक मुकेश कुमार, सफाई सुपर वाइजर विनय कुमार, पीसीआई से शादाव आलम व अन्य लोग मौजूद रहे।

# दो घरों में घुसे चोर, आहट पर जागे परिजन

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** दो घरों में चोरों की आहट पर परिजन जाग गए। इसी बीच चोर भाग खड़े हुए और एक चोर गोदाम में जा घुसा। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर संदिग्ध को निगरानी में लिया। पुलिस पूछताछ कर रही है। नगर से सटे गांव हमीरपुर लालबाग के मोहल्ला खजुरिया निवासी गुच्छन व उसके पड़ोसी बालकदीन के घर में चोर घुस आए। आहट होने पर दोनो परिवार के लोगो की नींद खुल गई। चीखपुकार मच गई। परिजनों के जागने पर चोर दबे पाव भाग खड़े हुए। तभी लोगो की नजर चोरी पर पड़ी तो ग्रामीण पीछे भागे। अपने आप को बचाने के लिए एक चोर गोदाम में जा घुसा। ग्रामीणों ने गोदाम को चारो ओर घेर लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोदाम की तलाशी ली। उसमें एक संदिग्ध मिला। जहां पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

# एसपी कार्यालय के बाहर विधवा ने पेट्रोल डालकर किया आत्मदाह का प्रयास

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** ठगी का शिकार हुई विधवा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिस वालों ने उसके हाथ से माचिस छीन ली। एसपी के आदेश पर पुलिस ने पीड़ित महिला का चिकित्सीय परीक्षण कराया है।

कोतवाली फतेहगढ़ की रहने वाली रुविना पत्नी अकरम निवासी हाथी खाना ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके मोहल्ले का ही रहने वाला एक युवक उसके पति के पास आता जाता था। पति की मौत के बाद वह युवक उसके घर आया और कहा कि वह उसे 4 लाख रुपये उधार देदे। दो साल बाद पैसे लौटा देगा और उसे एकलाख रुपये अधिक देगा। पीड़ित महिला का कहना है कि युवक ने उसे कुछ दिन 5000 रुपये महीने दिए उसके बाद कोई पैसा नहीं दिया। रुविना ने जब रुपये मांगे तो जान से मारने की धमकी दी और कहा कहीं भी शिकायत की तो रुपये बापस नहीं करेगा। रुपये न मिलने पर पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर पेट्रोल डाल आत्मदाह का प्रयास किया। एसपी आलोक प्रियदर्शी के आदेश पर पुलिस ने महिला का डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण कराया है।



महिला को संभालती पुलिस कर्मी। अमृत विचार

● **ठगी का शिकार होने की शिकायत करने आई थी महिला**

# एमआईसी में किया पौधरोपण देखरेख का लिया संकल्प

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** म्यूनिस्पल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में गुरुवार को पौधरोपण कर पौधों की देखरेख का संकल्प लिया गया।

मुख्य अतिथि डीआईओएस नरेंद्र पाल सिंह के अलावा विशिष्ट अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार, प्रधानाचार्य गिरिजाशंकर आदि ने विद्यालय परिसर में आम, नीम, पाकड़, अमरूद और बरगद आदि के पौधे रोपे। मुख्य अतिथि ने कहा कि पौधरोपण करने से ही पर्यावरण सुरक्षित होगा। आज हाईवे आदि बनने के चलते पेड़ लगातार काटे तो जा रहे हैं, लेकिन कोई पौधों को लगा नहीं रहा है। इससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो पौधे आज लगाए गए हैं, उनकी देखभाल भी आवश्यक है। प्रधानाचार्य गिरिजाशंकर ने भूजल सप्ताह के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। मयंक रस्तोगी, अशोक कुमार कठेरिया, अरविंद कुमार, प्रदीप कुमार जायसवाल, विश्व प्रकाश दीक्षित मौजूद रहे।

**मौसम की मार** | तेज धूप के साथ उमस ने किया परेशान

# गर्मी से जनजीवन बेहाल, जुलाई में झुलसा रही धूप

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** तेज धूप और उमस भरी गर्मी से जनजीवन पर खासा असर पड़ रहा है। उमसभरी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। गुरुवार को भी बदली के बीच निकली तेज धूप से लोग बेहाल रहे। दोपहर में पारा 37 डिग्री के करीब पहुंचने के साथ ही उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेचैन रखा। पसीने से तरबतर लोग पेड़ों की छाया में डेरा जमाए रहे।

गर्मी के साथ बेपटरी हुई बिजली व्यवस्था कोढ़ में खाज बनी हुई है। उमसभरी गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। इससे लोगों की रात की नींद व दिन का सुकून छिन गया है। वहीं पारे में भी उतार चढ़ाव जारी है। बुधवार रात में पारा सामान्य से करीब पौने तीन डिग्री ऊपर पहुंचने से मुश्किल और बढ़ गई। जबकि बिजली की लुका छिपी ने उमसभरी गर्मी में लोगों को बेहाल कर दिया। पसीने से तरबतर लोग हाथ पंखों के सहारे पसीना सुखाने को मजबूर हुए। गुरुवार को सुबह से ही सूरज आंखे तरेरना शुरू किया तो उमस ने लोगों को बेचैन कर दिया। दोपहर में पारा सामान्य से पौने पांच डिग्री ऊपर पहुंचने से बढ़ी गर्मी से लोग पसीने से तर बतर रहे। वहीं कस्बों से लेकर गांवों तक बिजली गुल रहने से लोग घरों के बाहर पेड़ों के नीचे डेरा डालने को मजबूर हो गए। मौसम वैज्ञानिक की माने तो अभी आसमान में बदली रहने के साथ ही 19 से 21 जुलाई के बीच गरज चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।



तेज धूप के चलते सिर बांधकर जातीं महिलाएं। अमृत विचार

### बारिश न होने से किसान परेशान

**फतेहपुर।** बारिश न होने से किसान परेशान हैं। जुलाई का महीना आधे से अधिक बीत चुका है लेकिन इस साल कम बारिश होने से किसान खासे परेशान हैं और बारिश की प्रार्थना कर रहे हैं। बारिश कम हुई तो धान की फसल प्रभावित हो सकती है। जबकि जिले में खरीफ की फसल में सबसे ज्यादा पैदावार धान की है। किसानों को बारिश का इंतजार है ताकि वह फसल को बेहतर तरीके से कर सकें क्योंकि फसल के लिए अभी पानी की जरूरत है। दूसरी ओर शहरी लोगों का मानना है कि कुछ और बरसात हो जाए तो उमस भरी गर्मी से राहत मिल जाए। पिछले एक सप्ताह से बूंदाबांदी तक नहीं हुई है। हर रोज आसमान में बादल तो आते हैं लेकिन बिना बरसे ही चले गए। इस समय किसान खरीफ की फसल की तैयारी में लगे हैं जिले में खरीफ की फसल में सबसे ज्यादा पैदावार धान की होती है और धान के लिए पानी की जरूरत है लेकिन पानी की कमी है। ऐसे में किसान इंद्रदेव से प्रार्थना कर रहे हैं कि बरसात हो जाए तो उन्हें खेती में कुछ आसानी हो जाएगी और पानी की कमी भी नहीं रहेगी। किसानों का कहना है कि खरीफ की फसल में जिले में सबसे ज्यादा खेती धान की होती है और इस साल भी हजारों हेक्टेयर में धान की रोपाई की जानी है। धान की फसल के लिए काफी पानी की जरूरत है लेकिन जुलाई के 18 दिनों में ज्यादातर दिन सूखे ही बीते हैं थोड़ी सी बरसात ही हो पाई है।

# महिला को ईंट मार किया घायल

**फर्रुखाबाद।** घर में बैठी वृद्धा के सिर में ईट मार कर घायल करने के बाद युवती भाग गई। जानकारी के अनुसार ग्राम अमृतपुर निवासी ज्ञान देवी पत्नी मदनलाल अग्निहोत्री अपने घर के बरामदे में बैठी थी। दोपहर के समय पड़ोस की रहने वाली एक युवती अचानक घर में घुस आई और ज्ञान देवी के सिर पर ईंट से हमला कर दिया। ज्ञान देवी के चीखने पर परिजन दौड़ कर मौके पर पहुंचे तब तक युवती फरार हो गई। ज्ञानदेवी के बेटे सौरभ ने थाना अमृतपुर में तहरीर दी।

**दंपती के साथ की मारपीट : कंपिल फर्रुखाबाद।** नगला बीच में युवक व उसकी पत्नी के साथ घर में घुसकर आरोपितों ने मारपीट की। न्यायालय के आदेश पर सुग्रीव, उमेश, मुकेश वह दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।



# कार ने मारी स्कूटी में टक्कर, भांजे की मौत, मामा घायल

## परिजनों ने हाईवे पर शव रख कर लगाया जाम, सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाठी भांज कर सभी को हटाया, तब खुल सका जाम

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** अनियंत्रित कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। घटना में किशोर की मौत हो गई जबकि मामा घायल हो गया। दुर्घटना करनपुर गांव के निकट हाईवे कट के निकट हुई। परिजनों ने हाईवे पर शव रख कर जाम लगा दिया। पुलिस को जाम खुलवाने के लिये लाठी भांजनी पड़ी। सूचना पर एएसपी ने मौके पर पहुंच कर जाम खुलावाया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

तिर्वा कोतवाली क्षेत्रके गांव नौरंगपुर नगरिया निवासी विवेक कुमार (17) पुत्र जवाहरलाल सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर स्थित ननिहाल आया था। गुरुवार को उसे छोड़ने के लिये मामा मनीष कुमार पुत्र लक्ष्मण सिंह स्कूटी पर बैठा कर जा रहे थे। वह स्कूटी लेकर करनपुर से पहले हाईवे कट के निकट पहुंचे और कार आने पर खड़े हो गये। इसी दौरान अनियंत्रित कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी और पलट गई। दुर्घटना की जानकारी पर निकट गांव के लोग मौके पर पहुंचे गये। मामा व भांजे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टर ने जांच के बाद विवेक को मृत घोषित कर दिया। घायल मामा को भर्ती कर उपचार किया गया। उधर कार पलटने के बाद चालक समेत सवार तीन लोगों को लोगों ने पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना देकर उनके सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने कार सवार लोगों का मेडिकल परीक्षण कराया। वहीं जिला अस्पताल में विवेक की मौत की जानकारी पर परिजन शव लेकर चले आये। इस के बाद परिजनों ने घटना स्थल पर शव रख कर हाईवे पर जाम लगा दिया। पुलिस के समझाने पर भी शव नहीं उठने दिया। परिजन समाज कल्याण मंत्री को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे थे। हाईवे पर जाम लगने से दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। सीओ कमलेश कुमार व कोतवाली प्रभारी जय प्रकाश शर्मा के समझाने पर भी जब लोग नहीं माने और पुलिस के साथ धक्का मुक्की करने लगे। इससे पुलिस को भी लाठी चार्ज करनी पड़ी। इससे वहां पर भगदड़ मच गई। जानकारी पर एएसपी डॉ. संसार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को समझा कर जाम खुलवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मामले में पुलिस को अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है।



हाइवे पर दुर्घटना के बाद पलटी कार। अमृत विचार



घटना के बाद हाईवे पर जाम लगाए ग्रामीण। अमृत विचार

### पुलिस ने लगाया क्रेन में धक्का, वीडियो वायरल

**कन्नौज।** सड़क हादसे के बाद क्रेन क्षतिग्रस्त कार हटाने के लिए पहुंची लेकिन बंद हो गई। इससे सड़क पर जाम लगने लगा। फिर क्या था पुलिसकर्मियों को क्रेन को धक्का लगाकर किनारे करना पड़ा। यह मामला चर्चा का विषय बना और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से टेंपो सवार वृद्ध की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम महमूदपुर के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से टेंपो सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया जहां से तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। जनपद मैनपुरी के ग्राम बिछ्वा निवासी 65 वर्षीय विजेंद्र पुत्र नाथू सिंह गुरुवार को छिबरामऊ किसी काम के लिए आए थे। यहां से टेंपो पर सवार होकर विशुनगढ़ की तरफ जा रहे थे। तभी ग्राम महमूदपुर के पास दोनों वाहनों की भिड़ंत हो गई। घटना में विजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। यहां कुछ देर चले प्राथमिक उपचार के दौरान हालत में सुधार न देख तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। वहां उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई, जिसे परिजनों में कोहराम मच गया।

## सार-संक्षेप



परिजनों को ढांढस बंधाते कांग्रेस जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

### कांग्रेस नेताओं ने मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** चार दिन पहले समधन के मोहल्ला गर्दाबाद के निकट के कब्रिस्तान की भूमि पर गड्ढे में नहाते समय डूबने से हुई 4 बच्चों की मौत के मामले में कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने दुखी परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। गुरुवार को जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल मृतक बच्चों के घर मोहल्ला गर्दाबाद पहुंचा ओर दुखी परिजनों को शोक संवेदना व्यक्त कर ढांढस बंधाया। कांग्रेसियों ने उत्तर प्रदेश सरकार से पीड़ित परिवारों को 10-10 लाख मुआवजा देने की मांग की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष तारीक बशीर, पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा, जिला महासचिव डॉक्टर जहीर अहमद, नगर अध्यक्ष कलीम खान, संजीव दुबे उर्फ मुन्ना आदि ने परिवार को शोक संवेदना व्यक्त की।

### बिक रहे नकली बीज, प्रदेश सरकार को भेजा पत्र

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बीज भंडारों पर हो रही नकली बीज की बिक्री को लेकर भारतीय किसान यूनियन बलराज के प्रदेश महामंत्री राहुल शाक्य ने डाक से मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि किसानों के साथ हो रहा उत्पीड़न बर्दाशत नहीं करेंगे। बीज भंडार द्वारा कालाबाजारी की जा रही है और क्षेत्र में नकली मक्का बीज बेचा जा रहा है। कहा जा रहा है इस से अच्छी पैदावार होगी, लेकिन जब मक्का तैयार हुई तो उसमें एक भी दाना नहीं पड़ा। ग्राम कपूरपुर स्थित एक खेत में मक्का की फसल को छीलकर देखा गया तो सिर्फ एक दो दाने दिखाई दिए। जब किसान ने दुकानदार से शिकायत की तो उसने टालने का प्रयास करते हुए कंपनी से बात चलने की बात कही है। 20 दिन होने के बाद भी कोई कर्मचारी या अधिकारी कंपनी का नही आया। संगठन का कहना है अगर किसानों का उत्पीड़न इसी तरीके से होगा तो विशाल धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।



सांसद का स्वागत करते भाजपा नेता संतोष चतुर्वेदी। अमृत विचार

### 'भाजपा सरकार ने जनता को दिया भयमुक्त वातावरण'

**गुरसहायगंज।** कानपुर से फर्रुखाबाद जाते समय गृह जनपद कन्नौज में प्रथम आगमन पर कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी का नगर सहित क्षेत्र में जगह-जगह फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। गुरुवार को सांसद का फर्रुखाबाद रोड स्थित समधन हाईवे अंडरपास पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता को भयमुक्त वातावरण दिया है। अपराध व अपराधियों को समाप्त कर कानून व्यवस्था को लागू किया है। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष चतुर्वेदी, नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कौशल, आदर्श चतुर्वेदी, संतोष दुबे, रोहित दुबे, अभय चतुर्वेदी, संजीव गुप्ता, संजय कठेरिया, डॉ. संजय दुबे, जितेंद्र दोहरे, ठाकुर भानु प्रताप सिंह, अनूप दुबे आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार जिला कार्य समिति सदस्य अखिलेश पांडे ने पांडेपुरवा के सामने हाईवे कट पर स्वागत किया। इस दौरान कौशल पाल, श्यामू तिवारी, वीरू पाण्डेय, प्रभात द्विवेदी, पिंटू, प्रधान प्रेम नारायन राजपूत, शिवम ठाकुर, अंकित पाण्डेय, देवेश पाण्डेय आदि रहे।

### मुकदमे में समझौते के लिए मारपीट, 5 लोग घायल

**कन्नौज।** कोतवाली के कोडर गांव निवासी आरती पत्नी संतोष ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 17 जुलाई की सुबह गांव के विनोद पुत्र सुरेश, सोनू पुत्र मुनीम, मोहित पुत्र सुरेश, अमन पुत्र नरेश उसके दरवाजे पर आए और पुराने मुकदमे में समझौता के लिए दबाव बनाने लगे। जब उसने विरोध किया तो मारपीट शुरू कर दी। बचाने आए छुन्नी देवी, मुन्नी, बब्लू, राजीव, संतराम को मारपीट कर घायल करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### गंदगी के ढेर देख भड़के ईओ, भूमि स्वामियों को चेतावनी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** समधन के एक मोहल्ले में निजी भूमि पर गंदगी व बारिश का पानी भरा देख ईओ भड़क गए। उन्होंने भूमि स्वामियों को सफाई की चेतावनी दी। अन्यथा की स्थिति में सालिड वेस्ट नियमावली 2016 के तहत कार्रवाई की जाएगी। समधन नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने मोहल्ला गर्दाबाद में निजी भूमि का निरीक्षण किया। इस दौरान जमीन तालाब जैसी मिली जिसमें बारिश का पानी भरा था और आसपास गोबर के ढेर लगे थे। इस पर उन्होंने सफाई नायकों को दो दिन के अंदर इसकी सफाई के निर्देश दिए। भूमि स्वामियों को आगाह किया कि दो दिन के अंदर गोबर हटवा लें अन्यथा नगर पंचायत इनकी नीलामी करा देगी और यह ढेर लगाने वालों से जुर्माना वसूला जाएगा। नोटिस जारी कर कहा कि भविष्य में फिर से कूड़े के ढेर लगाए तो सोलिड वेस्ट नियमावली 2016 व एनजीटी के आदेशों के अनुक्रम में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान लिपिक जिलेदार सिंह, विवेक कुमार गुप्तरा, सफाई नायक अशोक कुमार, सुनील कुमार, नरेश कुमार आदि रहे।

## एक नजर

### दुष्कर्म कर फोटो वायरल करने का आरोपी गया जेल

**तिर्वा, कन्नौज।** नाबालिग से दुष्कर्म करने के बाद फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र निवासी 15 साल की किशोरी के साथ कस्बे के जवाहरनगर निवासी इलैख ऊर्फ दाउद ने दुष्कर्म किया और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पीड़िता के पिता ने आरोपी के पिता बाजिद से शिकायत की तो उसने गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। चार दिन पहले पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बीएनसी धाराओ में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी दाउद को पकड़कर जेल भेज दिया। कोतवाल जितेंद्र प्रताप ने बताया कि दूसरे आरोपी की भी तलाश की जा रही।

### पुरानी रंजिश में युवक को घर में घुसकर पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के लोगों ने रंजिश के चलते युवक को रास्ते में घेर लिया और जातिसूचक गालीगलौज की। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तेरारब्बू निवासी शिवपाल पुत्र स्वर्गीय राम सिंह जाटव ने बताया कि मंगलवार की शाम लगभग 8 बजे रंजिश के चलते गांव के शीलू यादव, बलराम यादव, राजन यादव, धर्मेंद्र यादव, राहुल यादव, अंकित यादव ने उसकी साथ जातिसूचक गाली गलौज की। विरोध करने पर घर में घुसकर उसके साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### दीवार में हैरो लगने के विरोध पर महिला को पीटा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम रौरी में हैरो लगा ट्रैक्टर घर से निकलते समय एक मकान की दीवार में रगड़ गया। इसका विरोध करने पर ट्रैक्टर चालक ने महिला के साथ मारपीट कर दी। सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम रौरी निवासी राधा देवी पत्नी जगदेव सिंह ने बताया कि गुरुवार को गांव के ही निवासी एक व्यक्ति हैरो लगा ट्रैक्टर लेकर निकल रहा था। ट्रैक्टर का हैरो एक दीवार पर रगड़ गया, जिसका विरोध करने पर उक्त ट्रैक्टर चालक ने मकान मालकिन महिला के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को सुरक्षा के लिए किया गया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान फेज-4 के तहत सभी थानों में गठित एंटी रोमियो टीम व महिला सुरक्षा विशेष दल ने जागरुकता अभियान चलाया। इसके तहत बालिकाओं व छात्राओं को महिला सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं सशक्तीकरण के बारे में जागरूक किया गया। टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी गई।

महिलाओं व बालिकाओं के साथ होने वाले अपराधों एवं उनके उत्पीड़न की रोकथाम के लिये चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति फेज -4 के क्रम में जिले के समस्त थानों पर गठित एंटीरोमियो टीम व महिला सुरक्षा विशेष दल ने जिले के समस्त थाना क्षेत्र के बस अड्डा, सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख चौराहों, कस्बों, बाजारों, मन्दिर, शिवालयों, शापिंग मॉल आदि के आस-पास गश्त कर महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरूक किया।

उच्चाधिकारियों के मोबाइल नम्बर व नारी सुरक्षा, मिशन शक्ति अभियान के तहत हेल्पलाइन नम्बर 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 के अलावा थाना कोतवाली के सरकारी सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी।



स्कूल में छात्राओं को जानकारी देती महिला पुलिस। अमृत विचार

- विपरीत हालात में सहायता को डायल करें टोल फ्री नंबर

# आवास के लिए जरूरतमंदों संग खेली जा रही चिट्ठी-चिट्ठी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- ब्लॉक, तहसील व कलक्ट्रेट में पहुंच रहे कई फरियादी
- प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की बढ़ रहीं मांग

**अमृत विचार।** जनपद में आवास के लिए कई जरूरतमंद परेशान हैं। बार-बार ब्लॉक, तहसील, विकास भवन व कलक्ट्रेट में प्रार्थना पत्र देकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग हो रही है।

गदनापुर अमोलर निवासी शांती देवी ने बताया कि उसे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए। उसके पास कच्चा घर है जो बारिश में टपकता है। फरवरी से वह अब तक चार बार प्रार्थना पत्र दे चुकी है लेकिन लाभ नहीं मिला है। मुरैयां बुजुर्ग के बहादुरपुर गांव निवासी श्यामकली ने बताया कि वह निर्धन है। कच्चा घर है जो कभी भी गिर सकता है। झोपड़ी डालकर परिवार समेत रहती है। उसे प्रधानमंत्री आवास दिया जाए। दूसरी ओर पीडी डीआरडीए रामऔतार सिंह ने बताया कि दिव्यांग, विधवा व घरगिरी वालों को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए ब्लॉकों से सूची भी मांगी गईं हैं।

### आरोपः ब्राह्मण की वजह से नहीं मिले आवास

तिर्वा तहसील क्षेत्र के मिरुअन मढ़हा निवासी शिवगोविंद चतुर्वेदी ने शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह दिव्यांग है और आवास के लिए कई बार गुहार लगा चुका है। ब्राह्मण होने की वजह से लाभ नहीं मिल रहा है। गांव में अन्य लोगों आवास दिए गए हैं जबकि लाभार्थी जिले के बाहर रहते हैं। शिवगोविंद ने बताया कि उसके अलावा गांव की निराश्रित महिला मीनू दुबे को भी आवास नहीं मिला।

# पात्रों को कैसे मिले लाभ, जब महीनों नहीं लगाई जाती आख्या

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पेंशन, सुमंगला, सम्मान निधि समेत कई आवेदन ब्लॉक तहसीलों में अटके पड़े

**अमृत विचार।** जिले में सरकारी योजनाओं के कई पात्र हैं, लेकिन उनको समय से लाभ नहीं मिलता है। कर्मचारियों की ओर से आख्याएं आगे न बढ़ाने से आवेदन लटके रहते हैं। इस वजह से वृद्धावस्था, निराश्रित महिला व दिव्यांग पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना व प्रधानमंत्री सम्मान निधि समेत कई तरह के ऑनलाइन आवेदन ब्लॉक, तहसीलों से आगे नहीं बढ़ाए जाते हैं।

सरकारी कार्यालयों में तैनात कई कर्मचारियों पर आरोप है कि वह आवेदकों से 'खुशामद' कराने के लिए चाहत में आवेदन आगे नहीं बढ़ाते हैं। कहा जा रहा है कि जब तक आवेदक कई बार दफ्तरों की परिक्रमा नहीं करते तब तक आवेदन ऐसे ही लटके रहते हैं। कन्नौज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेहरिन के अड़ंगापुर गांव निवासी सरिता ने बताया कि वृद्धावस्था पेंशन के लिए पहली दिसंबर 2023 को ऑनलाइन आवेदन किया था। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद भी अब तक पेंशन नहीं मिली है। पेंशन के लिए वह पात्र भी है। इस बाबत जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने शिकायत का निस्तारण किया है कि ब्लॉक सदर स्तर पर आवेदन लंबित है। वहां से अग्रसारित होने के बाद ही जिला स्तर से स्वीकृति की प्रक्रिया हो सकेगी। इसी गांव की रामकली ने शिकायती पत्र देकर कहा है कि समाज कल्याण विभाग से वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन संख्या 316811371601 किया था। सभी प्रक्रिया को चार महीने हो गए है फिर भी पेंशन का लाभ नहीं मिला है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा है कि पूरी प्रक्रिया जिलास्तर से हो चुकी है।

# छज्जा गिरने के मामले में एक और मौत

संवाददाता सौरिख,कन्नौज

**अमृत विचार।** छज्जा गिरने के मामले में एक अधेड़ ने देर रात निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसके साथ ही घटना में मरने वालों की संख्या दो हई गई।



असलम कुरेशी।

सकरावा के मोहल्ला सैयद वाडा में बुधवार शाम ताजिया निकाले जा रहे थे। ताजिया देखने के लिए लोग अपनी-अपनी छतों पर खड़े थे। इसी दौरान अचानक एक मकान का छज्जा गिर गया जिससे एक बच्चे की मौत हो गई थी जबकि करीब 20-22 लोग घायल हो गए थे। आनन फानन में लोग घायलों को निजी अस्पताल में ले गए। इसमें असलम कुरेशी (60) पुत्र अलाउद्दीन कुरैशी भी गंभीर रूप से घायल थे। परिवार के लोग उन्हें फर्रुखाबाद निजी अस्पताल ले गए लेकिन देर रात उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया ने बताया इस मामले में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। अगर कोई तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।



मकान के बाहर छत से लटकता छज्जा तथा नीचे पड़ा मलबा। अमृत विचार

### करंट की चपेट में आए युवक की गई जान

**तिर्वा, कन्नौज।** करंट की चपेट में आए युवक की मौत हो गई। जानकारी होते ही परिजनो में कोहराम मच गया। कोतवाली के फगुआ गांव निवासी अखिलेश पुत्र हरीराम तिर्वा-कन्नौज सड़क किनारे चाय पकौडी के साथ जनरल स्टोर की दुकान किए था। गुरूवार की दोपहर वह अपनी दुकान पर काउंटर पर हाथ रखे खडा था कि उसी दौरान बिजली आ गई। काउंटर में कोई बिजली का तार छू जाने से उसमें करंट आ गया। करंट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजन मेडिकल कालेज ले गए। जंहा डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत का समाचार सुनते ही परिजनो में मातम छा गया। वहीं छिबरामऊ के मोहल्ला सैय्यद वाड़ा निवासी नसीम का 22 वर्षीय पुत्र फारूख अपने घर में कूलर का प्लग लगा रहा था। तभी करंट की चपेट में आकर झुलस गया। परिजनों ने उसे सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया।

**दुर्दशा** ट्रक-बस लेन पर दौड़ रहे भारी वाहन, कई जगह हो गए गड्ढे, कार्यदायी संस्था ने शुरू किया पैचवर्क

# एक्सप्रेस-वे की 'सेहत' बिगाड़ रही ओवरलोडिंग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** वाहनों की ओवरलोडिंग आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे की सेहत बिगाड़ रही है। प्रतिबंध के बाद भी भारी वाहन फर्राटा भर रहे हैं। परिणाम यह कि एक्सप्रेस-वे की ट्रक-बस लेन में गड्ढे होने लगे हैं और कई जगह तो लेन में टायरों की लीक बन गई है। इससे कभी भी हादसा हो सकता है। हालांकि कार्यदायी संस्था ने गड्ढों को दुरुस्त करने की कवायद तेज कर दी है और पैचवर्क किया जा रहा है।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर एक तरफ तीन लेन हैं। बीच में कार तो डिवाइडर के पास ओवरटेकिंग लेन है। किनारे पर ट्रक-बस लेन को अलग से है। ओवरलोडेड ट्रक और डंपर इस पर रात-दिन फर्राटा भरते हैं। वजन होने से सड़क पर टायरों के दबाव के कारण लकीरें बन गईं हैं। कई स्थानों पर डामर उखड़ने से गड्ढे हो गए हैं। तालग्राम से फगुहा कट तक बुरा हाल हो गया है। कई जगह गड्ढे तो फगुहा कट से ठठिया तक लेन में गहरी लीक ने एक्सप्रेसवे की सूरत बिगाड़ दी है। आरजीबीएल नाम की एक प्राइवेट कंपनी को उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने एक्सप्रेस-वे की मरम्मत की जिम्मेदारी दी है। इन दिनों आते जाते देखा जा सकता है कि कंपनी के कर्मचारी गड्ढों पर पैचवर्क कर रहे हैं, लेकिन गहरी लीक की मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। नियमानुसार लीक को खोदकर दोबारा लेन बनाया जाना चाहिए, लेकिन वाहनों की संख्या अधिक होने से दिक्कत आ रही है। ओवरलोड वाहनों की रोकथाम को यूपीडा द्वारा भी कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है।



एक्सप्रेस-वे के गड्ढों में पैचिंग करते कर्मचारी। अमृत विचार

> आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर जहां-जहां लेन में दिक्कत है, उनको चिन्हित कर कार्यदायी संस्था को मरम्मत की जिम्मेदारी सौंपी गई है। काम शुरू भी हो गया है। जल्द ही पूरी लेन को ठीक कर आवागमन को सुविधापूर्ण बना दिया जाएगा।
>
> -शशिकांत मिश्रा, सुरक्षा अधिकारी -यूपीडा

### निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए 27 तक करें आवेदन

**कन्नौज।** जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त धनंजय सिंह ने बताया है कि एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना चल रही है। इसमें प्रशिक्षार्थियों को इत्र उत्पाद, अगरबत्ती एवं धूपबत्ती उत्पाद के ट्रेड का 10 दिवसीय नि :शुल्क प्रशिक्षण दिया जाना है। जो आवेदक न्यूनतम 18 वर्ष के हैं वह आवेदन कर सकते हैं। शैक्षिक योग्यता अनिवार्य नहीं है। पिछले दो वर्षों में आवेदक ने केंद्र या राज्य सरकार से टूलकिट में कोई लाभ प्राप्त नहीं किया हो और उसके परिवार का कोई भी सदस्य केवल एक बार ही योजना के लिए आवेदन करने के लिए पात्र होगा। परिवार का अर्थ पति एवं पत्नी से है। ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट http :// msme .up .gov .in पर होंगे। अंतिम तारीख 27 जुलाई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **अभिलाषा कुमारी पुत्री संजय कुमार, निवासिनी-1/6, आवासीय परिसर सी0आर0आई0 एस0एच0 रायबरेली रोड, तेलीबाग, लखनऊ।** मेरा सही नाम अभिलाषा कुमारी है। जबकि मेरे हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट अंकपत्र व प्रमाण पत्र में कुमारी अभिलाषा लिखा है। मुझे कुमारी अभिलाषा के स्थन पर अभिलाषा कुमारी ही समझा, पढ़ा व जाना जाये।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र प्रवीन कुमार को उसकी आवारागर्दी एवं गलत चाल-चलन के कारण अपनी संपूर्ण चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत कार्य, लेन देन से मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **-सत्यराम सिंह पुत्र सूबेदार, निवासी- ग्राम नगला सदारी, मौजा करमुल्लापुर, परगना व तहसील छिबरामऊ, जनपद कन्नौज।**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **लाल पुत्र शिवदीन, निवासी- ग्राम-हरीरामपुरवा खण्ड चन्द्रपुरा थाना बिल्हौर तहसील बिल्हौर कानपुर नगर।** मेरा पुत्र बालकिशन पुत्र दरगाही लाल व मेरी बहू बिटोल पत्नी बालकिशन का चालो-चलन व कार्य व्यवहार ठीक नही है। अपने पुत्र के कार्य व्यवहार से आजिज आकर अपने व अपने परिवार के सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है उनका मुझसे व मेरे परिवार से कोई वास्ता सारोकार नही होगा। तथा मैं अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। यदि पुत्र द्वारा कही भी कोई लेन देन व उचित अनुचित कृत्य व्यवहार करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा भारतीय जीवन बीमा निगम पॉलिसी नंबर- 229 289 131 का पॉलिसी बांड वास्तव में खो गया है। खोजबीन के बावजूद मिला नहीं है। मैं **राजकुमार यादव पुत्र लाला यादव, निवासी-वार्ड नंबर-1, डोमाही, कृष्णानगर लालगंज, रायबरेली।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित हो कि मैं **बृजेश कुमार तिवारी पुत्र करूना शंकर तिवारी, नि. ग्राम-पूरे कलंदर मजरे हरिहरपुर पो. मानापुर, तह. गौरीगंज, जनपद-अमेठी** का निवासी हू मैं भारतीय थल सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत हूं मेरी पत्नी का सर्विस के समस्त अभिलेखों में त्रुटिवश नाम RINA व जन्म तिथि 01.07.1982 हो गया है जबकि मेरी पत्नी का सही नाम REENA TIWARI व जन्म तिथि 12.04.1984 जो सही है।

**सूचना**
श्री शिवम शर्मा पुत्र सुभाष शर्मा निवासी ग्राम पलोखरा तहसील करहल जनपद मैनपुरी मैनपुरी के द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 11.07.2024 को मोटर साइकिल संख्या - UP-84 AP-0227 चेसिस सं0 MBLHAW283 P4E05393 इंजन संख्या HF11ECP4E39852 का अपने पक्ष में रिलीज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। यदि उक्त के सम्बन्ध में किती व्यक्ति/ वाहन स्वामी को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 23.07.2024 से पूर्व दाखिल/ प्रस्तुत कर सकता है। **(दीपशिखा सिंह) उप जिला मजिस्ट्रेट, सैफई।**

## एक नजर

### दुर्घटना में घायल की मौत के मामले की होगी जांच

**कन्नौज।** मानीमऊ में मंगलवार की रात दो बाइकों की भिडंत में दो युवको की मौत हो गई थी। इस में एक घायल युवक सूरज निवासी रौतामऊ शिवराजपुर की मौत जिला अस्पताल में हुई थी। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में जमीन पर तड़प रहे सूरज का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने मामले की जांच ईएमओ को सौंपी है। उन्होंने बताया कि घायल युवक को हेड इंजरी हुई थी। इस कारण वह सेंस में नहीं था। बेड से बार बार नीचे गिर रहा था। अधिक मरीज होने से कर्मचारी बेड के पास से हट कर दूसरे मरीज को उपचार देने लगे। इसी बीच वह गिर गया। तभी किसी ने वीडियो बना कर वायरल कर दिया। फिर भी पूरे मामले की जांच कराई जायेगी। किन हालातों में वह मरीज बेड के नीचे गिरा। यह भी जांच में शामिल किया गया है। जांच रिपोर्ट में जो भी कर्मचारी दोषी होगा उस के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### मदरसे से छात्र गायब शिक्षकों पर आरोप

**कन्नौज।** कानपुर नगर जनपद के अरौल थाना क्षेत्र के कस्बा मकनपुर निवासी सय्यद इजहार हुसैन पुत्र अक्तियार मेंहदी ने सदर कोतवाली के मोहल्ला हाजीगंज के मदरसा इस्लामियां अरबिया बदरुल उलूम के शिक्षकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि उस का पुत्र नियाजुल हुसैन( 12) बीते एक वर्ष से सकूल में रह कर शिक्षा ले रहा था। 13 जुलाई को को शिक्षक ने फोन कर उसे जानकारी दी कि उसका पुत्र मदरसे से कही गायब हो गया है। इस पर वह मदरसा पहुंचा तो मदरसे के शिक्षक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे थे। उसका पुत्र शिक्षकों की लापरवाही से गायब हो गया है। कहीं उसके साथ अनहोनी न हो जाये।

### महिला से बलात्कार का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सात जुलाई की रात दो बजे घर में सोई महिला को दबोच कर अश्लील हरकत की गई। विरेध करने पर बलात्कार का प्रयास किया गया। शोर सुन कर मौके पर पहुंचे पति से मारपीट की गई। पुलिस को सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंची तो उक्त घर से भाग गया। मामले की रिपोर्ट गांव के ही एक युवक के खिलाफ दर्ज कराई गई।

# नर्स की लापरवाही से चली गई बालिका की जान, होगी जांच

## 100 शैया अस्पताल में भर्ती थी, वीगो से लगातार बहता रहा खून

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज



**अमृत विचार।** सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती बालिका को लगी ड्रिप की वीगो से खून बहने लगा। इसकी जानकारी दिए जाने के बाद भी स्टाफ नर्स ने ध्यान नहीं दिया। इससे लगातार खून बहता रहा। जब डॉक्टर ने देखा तो फटकार लगाई और इलाज शुरू किया। बाद में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत सीएमएस से की। उन्होंने दो दिन के अंदर जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर बनवारी निवासी संजू राजपूत पुत्र बालकराम ने बताया कि मंगलवार की रात लगभग 11 बजे उनकी 8 वर्षीय पुत्री ईशानी को तेज बुखार आने से सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

यहां डॉक्टर ने उसका इलाज शुरू किया। इसी दौरान दुर्घटना में घायल मरीज आ गए। डॉक्टर उसे छोड़ उनके इलाज में लग गए। इस दौरान उनकी पुत्री के हाथ में लगी वीगो से खून बहने लगा। उनका आरोप है कि कई बार सूचना देने के बावजूद स्टाफ नर्स नहीं पहुंची, जिससे उसका लगातार खून बहता रहा।

कुछ देर बाद पहुंचे चिकित्सक ने मामले को देख नर्स स्टाफ की जमकर फटकार लगाई और खून की कमी होने के कारण उसे तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। उसे ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत सीएमएस से की है। वहीं सीएमएस सुनील कुमार सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल की जाएगी। लापरवाही पाई जाने वाली नर्स स्टाफ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी को मंत्री देंगे 2.5 करोड़

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

**अमृत विचार।** सदर विधायक व समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने गुरुवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने भर्ती मरीजों और तीमारदारों से बात कर उपचार के बारे में जानकारी ली। व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के लिये सीएमएस को निर्देश दिये। अपनी निधि का ढाई करोड़ रुपये स्वास्थ्य व्यवस्था पर खर्च करने का आश्वासन दिया।

निरीक्षण में मंत्री ने कुपोषण वार्ड सब ठीक पाया। मरीजों ने खाना अच्छा दिये जाने की बात कही। उन्होंने अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। डाक्टरों की कमी के संबंध में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के लिये उन्होंने सीएमएस डॉ. शक्ति बसु से बात की है। प्रयास करेंगे कि जिला अस्पताल को और डाक्टर मिलें।



जिला अस्पताल में भर्ती मरीज से बात करते मंत्री असीम अरुण व मौजूद सीएमएस डॉ. शक्ति बसु। अमृत विचार

इस दौरान सदर विधायक व मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं पहले से बेहतर हुई है। व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के लिए इस वर्ष विधायक निधि से 2.50 करोड़ रुपये स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च किया जा रहा है। अस्पताल में डॉक्टर और पैरा मेडिकल स्टाफ की कमी को सरकार आउटसोर्सिंग के माध्यम से पूरा कर रही है।

**आरोग्य मंदिर में मिल रहा उपचार :**नागरिकों को उनके घर के पास बेहतर उपचार मिल सके इसके लिए आरोग्य मंदिर बनाये गए हैं, जो क्लीनिक के रूप में कार्य कर रहे हैं। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार समाज के सभी वर्ग को सुलभ व सस्ता उपचार उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

- जिला अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं अच्छी करने के दिए निर्देश
- अस्पताल में डॉक्टरों की कमी पूरी कराने का आश्वासन दिया

### सही इलाज न होने का आरोप

निरीक्षण के दौरान समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने एक मरीज को अस्पताल से बाहर जाते देखा। इस पर उसके तीमारदारों से बात की तो उन्होंने सही न इलाज होने का आरोप लगाया। इस पर मंत्री ने सीएमएस को सही इलाज करने का निर्देश देते हुए मरीज को वापस भर्ती कराया।

# मक्का, धान के लिए उर्वरक की कमी नहीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** खरीफ फसल का सीजन चल रहा है। मक्का, धान एवं बाजरा की बोआई चल रही है। खेत की तैयारी के समय बोआई से पहले नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटासिक उर्वरकों की जरूरत होती है। जिला कृषि अधिकारी का दावा है कि जनपद में एनपीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है जिसमें नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटस मिलता है।

जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह ने बताया कि किसान डीएपी की अनुपलब्धता होने पर एनपीके का उपयोग फसलों की बोआई से पहले कर सकते हैं। फास्फोरस एवं पोटास से फसल उत्पादन में वृद्धि व गुणबत्ता बढ़ती है। सहकारी समितियों, एग्री जंक्शन, इफको एवं निजी बिक्री केंद्रों पर एनपीके उपलब्ध है।

जिला कृषि अधिकारी का कहना है कि किसान बोरी पर लिखे मूल्य से ज्यादा रुपये न दें। यदि कोई विक्रेता अधिक मूल्य पर उर्वरक बिक्री करता है या स्टॉक होते हुए भी उर्वरक देने से मना कर देता है तो उसकी सूचना उनके कार्यालय विकास भवन कन्नौज में दे सकते हैं या मोबाइल नंबर 8272893015 अथवा 8335067380 पर सूचना दे सकते हैं। किसान खतौनी में दर्ज भूमि के रकवा के तहत ही संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करें। उर्वरक लेते समय अपना आधार कार्ड अवश्य साथ ले कर जाएं। जिला कृषि अधिकारी ने कहा है कि उर्वरक विक्रेता निर्धारित दर व पोस मशीन से ही उर्वरक बिक्री करें।

### यह रेट हैं निर्धारित

- यूरिया की बोरी 266 .50 रुपये
- डीएपी की बोरी 1350 .00 रुपये
- एनपीके 12 :32 :16 की बोरी 1470 .50 रुपये
- पोटास की विक्रय दर विभिन्न कंपनियों की अलग-अलग होती है।




चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय में टैबलेट लेकर खड़े छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# छात्र-छात्राओं को मिले टैबलेट, चेहरे खिले

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शहर के चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय में हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** शहर क्षेत्र के मकरंदनगर स्थित चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत परास्नातक स्तर पर चतुर्थ सेमेस्टर एमए और एमएससी के छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए।

आयोजन के प्रारंभ में मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस के बाद प्राचार्य डॉ. आर एन मिश्र ने कार्यक्रम की रुपरेखा, उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि शिवा चक्रवर्ती ने बताया कि देश के युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए लैपटॉप और टैबलेट वितरित करने का काम पूर्व सरकार ने किया था। वर्तमान सरकार भी उसी उद्देश्य को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। युवाओं से आह्वान किया कि इसका प्रयोग अच्छे कार्यों में करें। इसके बाद अतिथियों ने छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरित किए। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की। अन्य अतिथियों में महाविद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष अनुराग मिश्र एवं डॉ. आरडी बाजपेई रहे। कार्यक्रम संचालन सुशील भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं के अतिरिक्त उमेश चन्द्र द्विवेदी, डॉ. सुदीप शर्मा, अनिल यादव, गोविंद दुबे, सतेंद्र यादव, उपेंद्र कुशवाहा, उमंग त्रिपाठी, अनूप दुबे वैभव कुमार, कमलकांत मिश्र, डॉ आरती वर्मा, शुभा तिवारी, सोनी कटियार, मनोज कुमार, आर के दीक्षित, सुदीप शर्मा, सुमित कटियार सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# नलकूप धारकों को मिलेगी 2090 रुपये की फ्री बिजली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 31 जुलाई तक बढ़ाई गई योजना में कराना होगा रजिस्ट्रेशन

**अमृत विचार।** निजी नलकूपों को फ्री बिजली देने के लिये एक और मौका सरकार ने दिया है। योजना में रजिस्ट्रेशन के बाद किसानों को हर माह 2090 रुपये की निशुल्क बिजली का लाभ दिया जाएगा। इसको लेकर योजना की अवधि 31 जुलाई तक बढ़ा दी गई है।

जिले के करीब 17 हजार निजी नलकूप धारकों को निशुल्क बिजली देने के लिये बिजली विभाग की तरफ से एकमुश्त समाधान योजना लागू है। योजना का लाभ लेने के लिये उपभोक्ता को केवाईसी कराने के साथ ही 31 जुलाई तक विभाग में रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके अलावा अप्रैल 2023 तक का बकाया निजी नलकूप का पूरा बिल जमा करना होगा। नलकूप की कोठरी पर मीटर लगवाना होगा। एक्सईएन मगन सिंह ने कहा कि निजी नलकूपों पर 2 रुपये प्रति यूनिट की दर से सरकार बिजली दे रही है। आटा चक्की कारखाने में उसी पावर के मोटर पर करीब 8 रुपये प्रति यूनिट का बिल वसूल किया जाता है। सरकार निजी नलकूप धारकों पर महेरबान है। इसीलिये उनको 2090 रुपये की प्रति माह छूट दे रही है। इसका लाभ जिले के सभी निजी नलकूप धारक उठा लें इसीलिये योजना को 31 जुलाई तक बढ़ाया गया है।

जिले में अभी तक 3643 निजी नलकूप धारक किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। योजना में बिजली विभाग अब तक 6 करोड़ 5 लाख रुपये जमा कर चुका है। इसी को देखते हुए बिजली विभाग ने अब लाइमैन को लगा कर प्रचार प्रसार शुरू किया है। विभाग की मंशा है कि योजना का लाभ अधिकतर उपभोक्ता ले जिससे सरकार की योजना का लाभमिल सके। जब कि सरकार पहले से ही कम दर पर किसानों को बिजली दे रही है।

# दफ्तर के न लगाएं चक्कर ऑनलाइन बनेंगे लाइसेंस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- उर्वरक एवं बीज का व्यापार करने के लिए लाइसेंस की प्रक्रिया हुई हाईटेक

**अमृत विचार।** उर्वरक एवं बीज का व्यापार करने के लिए लाइसेंस लेने की प्रकिया पूरी तरह से ऑनलाइन हो गई है। अब नया लाइसेंस जारी कराने, नवीनीकरण या डुप्लीकेट कापी जारी करवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए आवेदक सीधे सीएससी (कामन सर्विस सेंटर)/ कैफे अथवा स्वयं कंप्यूटर से कर सकते हैं। जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट www.upagriculture.com पर होंगे। जिसमें जनहित गांरटी पर जाकर ऑनलाइन लाइसेंस आवेदन पर क्लिक कर मांगे गए अभिलेख पोर्टल पर ही अपलोड करने होंगे। उसके बाद सत्यापन कार्यालय से किया जाएगा। फीस भी ऑनलाइन ही जमा होगी। आवश्यक अभिलेख और फीस की जानकारी भी ऑनलाइन मिलेगी। ऑनलाइन आवेदन में यदि किसी प्रकार गलती है या कोई अभिलेख अपूर्ण रहता है तो इसको सुधार करने के लिए आवेदक को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही अवसर दिया जाता है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि सभी औपचारिकताएं पूरी हो जाने पर लाइसेंस ऑनलाइन जारी कर दिया जाता है।

# भाइयों को पीट कर किया घायल

**तिर्वा, कन्नौज।** गालीगलौज का विरोध करने पर दबंगों ने दो सगे भाइयों समेत महिलाओं को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी।

थाना ठठिया के जैनपुर गांव निवासी प्रशांत कुमार पुत्र दयाशंकर ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके दरवाजे के सामने से गांव के लोग अपने जानवर लेकर निकलते हैं। गुरुवार की सुबह दरवाजे सामने से निकले जानवरों ने गंदगी कर दी जिसे उसने पानी डालकर साफ कर दिया। इस दौरान गंदगी थोड़ी इधर-उधर हो गई। इस पर गांव के ही दबंग गालीगलौज करने लगे। विरोध किया तो मारपीट शुरू कर दी बचाने आए उसके भाई शंशाक समेत घर की महिलाओ को मारपीट कर घायल कर दिया।

# चोरी के दोषी को सुनाई गई जेल में बिताई गई अवधि की सजा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जुर्म स्वीकारोक्ति पर अपर सत्र न्यायाधीश ने दंडित किया

**अमृत विचार।** शहर के सरायमीरा क्षेत्र में देर रात घर में घुसकर लाइसेंसी बंदूक, नकदी व जेवरात चोरी करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर अभियुक्त को न्यायालय ने जेल में बितायी अवधि सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट ने घटना में शामिल एक अन्य आरोपित को चार साल तीन माह 29 दिन की सजा व पांच हजार रुपये जुर्माना जमा करने के आदेश दिए हैं।

11 मार्च 2022 को शहर के सरायमीरा क्षेत्र के डाक बंगला रोड निवासी अरविंद सिंह बघेल के घर का ताला तोड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। पीड़ित ने सदर कोतवाली में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच कर सदर कोतवाली क्षेत्र के शेखाना मोहल्ला निवासी राहुल उर्फ रंगा, नन्हू, अमरदीप, वीरभान व बबलू उर्फ सुल्लू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पीड़ित के घर से चोरी हुए जेवरात में एक जोड़ी झाले, एक जोड़ी झुमकी, दो हार, तीन जोड़ी चूड़ी, दो चेन, आठ अंगूठी, मंगलसूत्र समेत 20 हजार रुपये की नकदी और डबल बैरल लाइसेंसी बंदूक भी शामिल थी। शासकीय अधिवक्ता बृजेश शुक्ला ने बताया कि गुरुवार को अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। घटना में शामिल आरोपी राहुल उर्फ रंगा ने कोर्ट के समक्ष घर में घुसकर को चोरी करने का जुर्म कबूल किया। अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट मुकेश कुमार सिंह द्वितीय ने मामले की सुनवाई की। अपर सत्र न्यायाधीश इंद्रजीत सिंह द्वितीय ने शहर के शिखाना मोहल्ला निवासी आरोपित राहुल उर्फ रंगा पर चोरी का आरोप सिद्ध करते हुए जेल में बितायी अवधि चार वर्ष तीन माह 29 दिन की सजा व पांच हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया। जुर्माना जमा ने करने पर सात दिन की अतिरिक्त सजा भुगतने के आदेश दिए है।

## सार-संक्षेप



नामांकन पत्रों की बिक्री के लिए बैठे एडीओ। अमृत विचार

### पहले दिन तालग्राम में बिके प्रधान पद के 10 पर्चे

**तेराजाकेट/जलालाबाद, कन्नौज।** प्रधान, क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत सदस्य के रिक्त पदों के लिए होने वाले उपचुनाव में पहले दिन पर्चों की बिक्री शुरू कर दी गई। पहले दिन तालग्रम में प्रधान पद के लिए 10 पर्चों की ब्रिकी की गई। जलालाबाद में एक भी पर्चा नहीं बिका। अन्य पदों के लिए भी पर्चों की बिक्री नहीं हुई। गुरूवार को ब्लाक तालग्राम के तेराजाकेट स्थित ब्लाक कार्यालय पर जेई अरूणेश कुमार रावत ने पर्चो की बिक्री की। इस दौरान ग्राम पंचायत तालग्राम के लिए होने वाले उपचुनाव को लेकर 10 लोगों ने 10 नामांकन पत्रों की खरीद की। जबकि क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत सदस्य के लिए एक भी पर्चा नहीं बिका। इसी प्रकार ब्लाक जलालाबाद में ग्राम सभा परसपुर और रुदौली में ग्राम प्रधान के लिए उपचुनाव हो रहा है। अनौगी द्वितीय में क्षेत्र पंचायत सहित तीन ग्राम पंचायत सदस्य का भी उपचुनाव हो रहा हैं। पहले दिन यहां भी नामांकन पत्रों की बिक्री नहीं हुई। एडीओ पंचायत लक्ष्मी राज यादव ने बताया कि पहले दिन नामांकन पत्रों की बिक्री नहीं हुई है।

### बाबा गणेशानंद गए तो बंद हो गई मेहंदीघाट की गौशाला

**कन्नौज।** चर्चा में रही मेहंदीघाट की गौशाला आखिरकार बंद हो गई है। यहां के 207 मवेशी अन्य छह अस्थाई गोवंश आश्रय स्थलों पर भेज दिए गए हैं। बताया गया है कि गौशाला संचालक बाबा गणेशानंद कई दिनों से नहीं हैं। अन्य केयर टेकरों ने भी लिखकर दे दिया कि वह गौशाला का संचालन नहीं कर सकते हैं। ब्लॉक सदर कन्नौज क्षेत्र के मेहंदीघाट की गौशाला को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया है। बीडीओ अमित सिंह ने बताया कि पांच जुलाई की शाम से मुख्य केयर टेकर बाबा गणेशानंद गौशाला को छोड़कर कहीं चले गए। बताया गया है कि वह मानसिक रूप से परेशान रहते हैं। उसके बाद चार अन्य केयर टेकरों ने गौशाला संचालन से मना कर दिया। इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई। प्रधान व अन्य लोगों ने बड़ी गौशाला का हवाला देते हुए संचालक से मना कर दिया। बीडीओ ने बताया कि 13 व 14 जुलाई को 207 मवेशी अन्य छह गौशालाओं में भेज दिए गए।

### बेसिक शिक्षक होंगे सम्मानित, चल रही तैयारी

**कन्नौज।** बीएसए संदीप कुमार ने परिषदीय स्कूलों में बेहतर काम करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने की योजना बनाई है। निपुण लक्ष्य पाने वाले अध्यापकों को भी इसमें शामिल किया जा सकता है। फिलहाल सूची बन रही है। बीएसए का कहना है कि शिक्षा का स्तर आगे बढ़ाने के लिए अच्छी पहल होना जरूरी है। कहा जा रहा है कि जुलाई में ही प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट स्कूलों के अध्यापकों को सम्मानित किया जा सकता है। इसको लेकर स्थल चयन किया जाना है। साथ ही जिलेभर के बेहतर टीचरों को भी चिह्नित किया जा रहा है। बीएसए का कहना है कि शिक्षक का भी सम्मान होता है। लापरवाही व अन्य कारणों से कार्रवाई होती है तो अच्छा कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान भी जरूरी है। बीएसए ने बताया कि कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व ( सीएसआर) से भी परिषदीय स्कूलों का कायाकल्प कराने की पहल होगी। इसके तहत जो कंपनियां या लोग दो फीसदी बजट देते हैं वह बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन वाले विद्यालयों में भी खर्च कर सकते हैं। इसे सफल बनाने को उच्चाधिकारियों के भी संज्ञान में लाकर मार्गदर्शन मांगा जाएगा।



संदीप कुमार, बीएसए।

**पोधरोपण** जिले में कल 39 लाख 69 हजार 159 पौधे रोपे जाएंगे, वन विभाग 84 स्थलों पर 810 हेक्टेयर जमीन पर करेगा शुरूआत

# आंवला, बेल समेत 57 किस्म के पौधों से धरा को करेंगे हरा-भरा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में 20 जुलाई को पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान के तहत 39 लाख 69 हजार 159 पौधे रोपे जाएंगे। इस बार वन विभाग 17 पौधशालाओं से आंवला, सहजन, बेल, गूलर, पीपल, बरगद जैसे 57 किस्मों के पौधे कई विभागों को वितरित कर रहा है।

वन विभाग ने अभियान को सफल बनाने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर लोगों को पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया है। प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) डॉ. हेमंत सेठ ने बताया कि वन विभाग की ओर से 18 लाख 69 हजार 300 पौधे 810 हेक्टेयर जमीन में रोपे जाएंगे। इसके लिए 84 स्थल चयनित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अन्य विभाग मिलकर 5692 स्थलों पर कुल 20 लाख 99 हजार 959 पौधे रोपेंगे। पौधरोपण की सभी तैयारियां पूरी हो गईं हैं। गड्ढे खुदवा दिए गए हैं। वर्तमान में पौध वितरण का काम अंतिम चरण में है।



हसेरन के मढ़पुरा ग्राम पंचायत में लोडर से उतारी जाती पौध। अमृत विचार

### इन प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे

- प्रभागीय वनाधिकारी ने 20 जुलाई को लगाए जाने वाले पौधों के बाबत बताया कि गुटेल, गुड़हल, गूलर, गोल्ड मोहर, चिलबिल, छितवन, जंगल जलेबी, जामुन, ढाक, बबूल, नींबू, नीम, पपीता, प्रोसेपिस, पेल्टोफार्म, पाकड़, बरगद, पीपल, सिरस, फलदार, बकैन, बेल, बेर, बाटल ब्रश, बॉस, बोगनबिलिया, महुआ, मीठी नीम, मोहगनी, शरीफा, गुलाब, शहतूत, शीशम, सेमल, समी, सलेक्स, सागौन, सहजन, अकेसिया, अनार, अमरूद, अमलतास, अर्जुन, अशोक, आम, इमली, आंवला, कचनार, कंजी, कटहल, कैथा, कदंब, कनक, चंपा, कनेर, करौदा, केसिया श्यामिया आदि के पौधे रोपे जाएंगे।

### यह हैं विभाग की पौधशालाएं

ब्लॉक सदर कन्नौज की राजगिरहार पौधशाला, एसटीपी पौधशाला, उमर्दा ब्लॉक क्षेत्र में उमर्दा, हरेईपुर व औसेर वन ब्लॉक, तालग्राम क्षेत्र में तेराजाकेट, तेरारब्बू व बिरौली पौधशाला, जलालाबाद ब्लॉक क्षेत्र में जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी पौधशाला, गुगरापुर में पनगवां ट्रस्ट चांदापुर पौधशाला व चांदापुर, छिबरामऊ ब्लॉक क्षेत्र में डायट पौधशाला, सौरिख में नहर कोठी किसई पौधशाला, नगला खेमकरन व हसेरन क्षेत्र में फूलपुर पौधशाला व राजपुर पौधशाला से पौधों का वितरण हो रहा है।

### उमर्दा में समाज कल्याण मंत्री करेंगे शुरुआत

- समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण 20 जुलाईको सुबह 11 बजे उमर्दा में ग्राम समाज की जमीन पर पौधरोपण करेंगे। सामाजिक वानिकी योजना के तहत वह 20 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 50 हजार पौधे लगाने की शुरुआत करेंगे। इसमें बेर, जंगल-जलेबी, नीम, जामुन, देसी बबूल, कंजी, प्रोसेपिस ज्यूलीफ्लोरा व आंवला आदि प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे।

57 प्रजातियों के जो पौधे लगाए जाएंगे उसमें कई ऐसे हैं जो दवा के रूप में भी प्रयोग होते हैं। वर्तमान में ऑक्सीजन की आवश्यता बढ़ गई है इस वजह से पौधे लगाने व देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया है जिससे अभियान पूरी तरह सफल हो सके। पोधरोपण के बाद पौधों की रखवाली भी की जाएगी।

**डॉ. हेमंत सेठ, डीएफओ**



# गैरहाजिर रहने वाले दो शिक्षकों की सेवाएं समाप्त

## 3 नोटिस के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, इटावा




- 8 जुलाई 2022 से स्कूल नहीं पहुंचीं प्रावि भिंडियापुर की शिक्षिका वंदना
- कंपोजिट विद्यालय गढ़ा कासदा के इंचार्ज प्रधानाध्यापक 13 मार्च 2023 से नहीं गए स्कूल

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में कार्यरत दो सहायक अध्यापकों को बिना सूचना के लगातार अनुपस्थित रहने के कारण उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी इटावा के अधीन संचालित विकासखंड बढ़पुरा के प्राथमिक विद्यालय भिंडियापुर में कार्यरत वंदना वर्मा पुत्री राम जीवन के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। उनके स्थान पर उमा देवी ड्यूटी कर रही हैं इस प्रकरण की जांच की गई तो यह शिक्षक 8 जुलाई 2022 से विद्यालय से बिना सूचना की अनुपस्थिति हो गईं।

इसी प्रकार योगेश कुमार इंचार्ज प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय गढ़ा कासदा द्वारा विकासखंड चकरनगर में अनेक वित्तीय अनियमितताएं की गई थीं। वे जांच में दोषी पाए गए थे और 13 मार्च 2023 से लगातार अनुपस्थित चल रही थे।

इन दोनों अध्यापकों को तीन-तीन नोटिस दिए गए कार्यभार ग्रहण करने का अवसर दिया गया लेकिन कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया। जिसके कारण इन दोनों की सेवाएं समाप्त कर दी गईं हैं।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**इटावा।** महेरा रेलवे फाटक पर रेलवे लाइन पार करते समय एक युवक राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बताया जाता है कि आशीष कुमार पुत्र नरेशसिंह निवासी दुर्गा नगर नई बस्ती इटावा सुबह के समय फाटक बंद होने पर नीचे से निकलने का प्रयास कर रहा था। तभी दिल्ली की ओर जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

## बेहोशी की हालात में पड़ा मिला युवक

**औरैया।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर अचेत पड़े होने की जानकारी मिलने के बाद आरपीएफ कर्मियों ने उसे उठाया तथा तुरंत ही उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया । जहां पर खबर लिखे जाने तक होश न आने के कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# हुसैन जिंदाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद की गूंजीं सदाएं

बकेवर संवाददाता, इटावा



बकेवर में सजाया गया ताजिया।



अहेरीपुर में ताजिया जलूस में शामिल समाज के लोग। अमृत विचार

- बकेवर-ताखा और अहेरीपुर में मनाया गया मोहर्रम का त्योहार

**अमृत विचार।** हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मनाया जाने वाला मोहर्रम का त्योहार पारंपरिक ढंग से मनाया गया। कस्बे में ताजिया जुलुस निकाला गया। हजरत इमाम, हसन हुसैन के सच्चाई के प्रति बलिदान की याद में मनाया जाने वाला मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण के साथ मनाया गया ।

कस्बा के आजाद नगर, किदवई नगर, गांधी नगर व हाफिजनगर में गाजे बाजे के साथ ताजिया जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। जुलूस के साथ चल रहे ताजिया लोगों में आकर्षण का केंद्र बना रहा। जिसे देखने के लिए सभी वर्ग के लोगों की भीड़ लगी रही। मोहर्रम पर कस्बा तथा मोहल्ले के साथ ही तमाम ग्रामीण क्षेत्रों से लोग ताजिये देखने आये थे।

थाना पुलिस लगातार ताजिया के जुलूस के साथ रही। बैंड बाजों के साथ उठे ताजियों के नगर भ्रमण के दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग चल रहे थे। वहीं नगर में वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल मोहन को मुसलमान समाज के लोगो ने सम्मानित किया। महेवा में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में ताजिया निकालकर आधी रात को करबला में दफनाए गए ।

उधर अहेरीपुर में मुस्लिम समाज के लोगों ने हसन हुसैन की शाहदत की याद में ताजिया जुलूस निकाल कर मातम मनाया। साथ चल रहे बैंड से हजरत हसन हुसैन को याद करते हुए गीत गाए गए। कस्बवा में तीन जगह से ताजिया जुलूस निकला गया। पहला कमंगर मुहाल से जिसके ताजिया दार इकबाल अली थे। इनके साथ इसरार अली रईस अली, दिलशाद अली, संजू अली, अशरफ अली व्यवस्था देख रहे थे। दूसरा ताजिया अटसू रोड व तीसरा ताजिया इमामबाड़ा से उठाया गया।

इसी तरह से ताखा के कदमपुर स्थिति कब्रिस्तान में गमगीन माहौल में ताजिए दफन किए गए। मोहर्रम के अलविदाई ताजियों का जुलूस परंपरागत तरीके से निकला गया और गांव के मुख्य मार्गों से होकर मातमी कब्रिस्तान पहुंचा। जहां ताजियों को सैकड़ों नम आंखों के बीच गमगीन माहौल में दफनाया गया। हुसैन जिंदाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद की सदाओं से गांव की गलियां गूंज रही थीं। तहसीलदार ताखा मोहम्मद असलम व थानाध्यक्ष ऊसराहार मंसूर अहमद पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। हाफिज मोहम्मद कासिम, गफ्फार खान, आरीफ मोहम्मद, आशिफ आदि मौजूद रहे।

## बाइक सवारों में फायरिंग तीन लोग हुए घायल

संवाददाताज सवंतनगर, इटावा

- फायरिंग के आरोप को पुलिस ने नकारा

**अमृत विचार।** भागवत कथा का भंडारा खाने के बाद वापस लौट रहे बाइक सवारों में संघर्ष हो गया। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पक्ष ने मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हुए फायरिंग करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने फायरिंग को नकार दिया है।

थाना क्षेत्र में ग्राम पंचायत धनुवा के गांव नगला जगन में रहने वाले कमलेश सिंह के 30 साल के बेटे रामकुमार ने बताया कि वह बाइक से अपने साथी 67 साल के रामदास तथा उसके बेटे महावीर के साथ मैनपुरी में थाना करहल क्षेत्र में गांव नगला सूरत में भागवत कथा का भंडारा खाकर वापस लौट रहे थे।

इसी थाना क्षेत्र में गांव नगला खुशालपुरा क्रॉस करने के बाद मोड़ पर पहले से ही घात लगाए नामजद लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया और महावीर उर्फ बजरंगी से पहले से चल रहे मुकदमे को वापस लेने को कहा। महावीर द्वारा मना करने पर हमलावर उग्र हो गए जिन्होंने तमंचे से फायर कर दिया और गोली पैर में लग गई। हमलावरों ने महावीर उर्फ बजरंगी पर लाठी-डंडों से प्रहार किया जिससे उसके गंभीर चोटे आई।

पुलिस ने महावीर को सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा। रामकुमार सिंकी और रामदास को सीएचसी भेजा गया जहां से डॉक्टरों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। थाना प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह ने बताया कि दो पक्षों में मारपीट हुई है जिसमें यह तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सिंकी का मेडिकल के साथ एक्सरे रिपोर्ट में शरीर में कहीं पर भी गोली लगने की पुष्टि नहीं हुई है। फायरिंग का आरोप निराधार है। किसी भी पक्ष से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## डीबीए ने एमएसीटी कोर्ट के बहिष्कार का लिया निर्णय

**इटावा।** डीबीए अध्यक्ष अनिल गौर ने बताया कि पीठासीन अधिकारी अक्सर छुट्टी पर बने रहते हैं। जिससे वादों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है और न ही मृतक आश्रितों को जमा धनराशि मिल पा रही है। उन्होंने बताया कि पिछली लोक अदालत में 49 वादों का निस्तारण दिखाया गया परन्तु हकीकत में आज तक उसके आर्डर पास नहीं हुए। जब वकीलों का प्रतिनिधि मंडल उनसे मिला तो उन्होंने साफ कह दिया जब तक उनका ट्रांसफर उनके गृह जनपद के पास वाले जिले में नहीं हो जाता तब तक वह काम नहीं करेंगी।

इससे क्षुब्ध होकर वकीलों ने उनकी कोर्ट का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही उनके खिलाफ प्रशासनिक जज व उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस को शिकायत करने का निर्णय लिया गया। बैठक में महामंत्री देवेंद्र पाल, सुभाष चंद्र राजपूत, अनिल कुमार, गजेंद्र चौधरी, शिवम सेंगर, अभिषेक वर्मा आदि मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर शुरू हुआ अध्यापकों का धरना

कार्यालय संवाददाता, इटावा



डीआईओएस कार्यालय के बाहर धरना देते शिक्षक। अमृत विचार

- जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगवा दिया

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का पुरानी पेंशन की बहाली व अन्य मांगो के समर्थन में शिक्षकों व कर्मचारियों का प्रांतीय आह्वान पर प्रस्तावित धरना प्रथम दिवस जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के बाहर शुरू हुआ। शिक्षकों एवं कर्मचारियों की एकता से घबराकर जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगवा दिया ।

शिक्षकों एवं कर्मचारियों के धरने पर राज्य कर्मचारी परिषद के जिलाध्यक्ष राजेश मिश्रा, महामंत्री पवन श्रीवास्तव अटेवा के जिलाध्यक्ष अजय कुमार यादव राजेश जादौन ने धरने पर आकर संगठन को आश्वासन दिया कि आगे इस संघर्ष में उनके संगठन का भी सहयोग पूर्ण रूप से रहेगा। प्रांतीय संयोजक संरक्षण समिति श्रीनारायण द्विवेदी ने शिक्षकों में हुंकार भरते हुए कहा कि शिक्षक अपनी माँगो को लेकर अपना संघर्ष जारी रखेगा। प्रांतीय मंत्री अरुण दुबे ने कहा कि व्यवसायिक शिक्षकों को पूर्णकालिक शिक्षक का दर्जा दिया जाने सहित अन्य मांगो की पूर्ति हेतु जीवन के अंतिम क्षण तक संघर्ष किया जायेगा।

जिला मंत्री मनोज त्रिपाठी एवं अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह चौहान ने साथियों से शेष दो दिनों के लिए धरना में आने का सहयोग माँगा। आज के धरना मे राजकुमार वर्मा, अनिल तोमर, विनय पटेल, आशुतोष तिवारी, अनिल कुमार सिंह, यादवेंद्र सिंह, राजेश सिंह, विजय पटेल, सुमित नारायण, सोमेश शर्मा, सुधीर दुबे सुरेंद्र यादव, शैलेंद्र, रामनरेश सिंह,पंकज कठेरिया सहित अन्य शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## सार-संक्षेप

### आमने-सामने टकराईं कारें, पांच लोग घायल

**भरथना।** ऊसराहार मार्ग पर थाना क्षेत्र में गांव नगला अजीत के पास गुरुवार दोपहर को आमने-सामने से आ रहीं कारें टकरा गईं। इस हादसे में पांच लोग घायल हो गए। थाना क्षेत्र में गांव टिकुरिया में रहने वाले शिवराज ने बताया कि वह भरथना नगर में विद्यालय से बेटी परी को लेकर वापस गांव जा रहा था, इसी दौरान उक्त स्थान पर सामने से आई कार के ड्राइवर ने टक्कर मार दी। इससे कार में सवार गांव के ही अंशू तथा अवधेश घायल हो गए। वहीं दूसरी कार में सवार मैनपुरी में रहने वाले ब्रजेश तथा महेश की बेटी ऋतु घायल हो गए। सीएचसी में शिवराज को इलाज देकर घर भेजा गया। अन्य चार लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### जिलाधिकारी ने पौधरोपण का दिया संदेश

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर से होते हुए वन विभाग के ऑफिस तक बैंड बाजों के साथ पौधों की निकाली गई बारात में प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने कहा कि पौधों के प्रति बच्चों एवं आम नागरिकों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि इस बारात में बरगद को दूल्हा बनाया गया एवं शहवाला के रूप में पीपल, पाकड़ को रखा गया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें एवं पौधों को लगाना ही नहीं बल्कि उनकी देखरेख अवश्य करें। उन्होंने आम नागरिक एवं बच्चों से अपील की ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं एवं उनको सुरक्षित भी रखें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के लिए बरसात का मौसम सबसे अच्छा समय है, इस समय हम पौधों की अच्छी तरह से देखरेख कर सकते हैं। रैली में लगभग 1000 स्कूली बच्चों ने भाग लिया। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, निदेशक सामाजिक वानिकी अतुल कांत शुक्ला, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन, एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### ट्रेनीज एवं स्टाफ ने ली जल संरक्षण की शपथ



रैली निकालते आईटीआई के छात्र एंव स्टाफ।

**इटावा।** राजकीय आईटीआई इटावा में भू-जल संरक्षण सप्ताह के तहत गुरुवार को जागरुकता रैली निकाली गई। यहां के प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे ट्रेनीस एवं संस्थान के समस्त स्टाफ ने जल के संरक्षण करने की शपथ ली। राजकीय आईटीआई इटावा के नोडल प्रधानाचार्य डॉ. राजकुमार सिंह ने भूगर्भ जल की उपयोगिता के बारे में ट्रेनीस को बताया कि भारत भूगर्भ जल का विश्व को सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है। भूगर्भ जल देश के सिंचाई संसाधनों में 60 प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है। संस्थान के एनसीसी प्रभारी ले. प्रशांत कमल के नेतृव में रैली का आयोजन किया गया। जल कुशल सिंचाई प्रणाली (जैसे ड्रिप एंड स्प्रिंकलर इरिगेशन) को अनिवार्य बनाया जाना चाहिये। राधामोहन, एमपी वर्मा, दिनेश कमल, हरिशंकर, एपी सिंह, ब्रह्माशंकर, बलबीर सिंह, श्याम सिंह, बीपी शखवार एवं समस्त स्टाफ ने ट्रेनीस को प्रोत्साहित किया।

### अवैध खनन में लगी जेसीबी सीज

**इकदिल।** मिट्टी खनन करते एक जेसीबी को खनन विभाग की टीम ने पकड़कर थाना लाकर सीज कर दिया। मिट्टी से लोड ट्रैक्टर का 25 हजार रुपये का चालान किया। खनन करा रहा माफिया गुर्गों संग मौके से भाग गया। थाना इकदिल क्षेत्र में गांव अड्डा हड़ौली में बीते कई दिनों से रात के अंधेरे में अवैध रूप से मिट्टी खनन किया जा रहा था। मामला सुर्खियों में आने पर बुधवार देर शाम खनन अधिकारियों ने पुलिस फोर्स के साथ छापेमारी की तो जेसीबी को अवैध रूप से मिट्टी का अवैध खनन करते हुए पकड़ लिया पर जेसीबी, ट्रैक्टर ट्राली ड्राइवर तथा अवैध खनन कराने वाला माफिया ट्रैक्टरों को लेकर भाग निकले। खनन अधिकारी प्रदीप राज ने बताया कि गांव हड़ौली क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन करते एक जेसीबी मशीन को पकड़ लिया। खनन संबंधित कोई कागजात नहीं दिखा पाने पर उन्होंने उसको सीज करके पुलिस के सुपुर्द कर दी।

### मोबाइल व टैबलेट का सकारात्मक उपयोग करें : प्रदीप

**भरथना, इटावा।** भरथना के कैप्टन विशाल सिंह डिग्री कॉलेज में गुरुवार को शासन की योजना के अंतर्गत 118 छात्र-छात्राओं को मोबाइल व टैबलेट वितरित किए गए। मुख्य अतिथि विधायक दिबियापुर प्रदीप यादव ने पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इसकेबाद बीए, बीएससी, एमए, एमएससी के 118 छात्र-छात्राओं को मोबाइल व टैबलेट वितरित किए गए। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि मोबाइल व टैबलेट का आप लोग सकारात्मक उपयोग करें। ताकि शिक्षा के क्षेत्र में इससे लाभान्वित हो सकें। प्रबंधक पुष्पेंद्र यादव, निदेशक मनीषा यादव, प्रेमचंद्र, वरूण, राबिया बानो, रीना सिंह, अविल, सुनील, अजय, सौरभ, दीपक, भूपेश, नितिन, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### बैंक घोटाले में शामिल दो आरोपियों को भेजा गया जेल

इटावा। सहकारी बैंक में हुए 24 लाख रुपये के घोटाले के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को जेल भेज दिया। पुलिस बाकी के आठ अन्य नामजद आरोपियों की तलाश कर रही है। एसएसपी ने बताया कि जिला सहकारी बैंक के उपमहाप्रबंधक उमेश कुमार एवं वरिष्ठ शाखा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक इटावा राजीव त्रिपाठी की तहरीर के आधार पर 10 नामजद व्यक्तियों द्वारा 24 करोड़ 90 लाख रुपये के गबन का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस आरोपियों की तलाश में थी। तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो आरोपियो नफीसुल जैदी उर्फ गुड्डु पुत्र शमसुल हसन जैदी निवासी घटिया अजमत अली व अतुल प्रताप सिंह पुत्र देवेन्द्र प्रताप सिंह निवासी चौगुर्जी को बस सटैंड तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक जख्मी

**बसरेहर।** इटावा की तरफ से अपने गांव ईश्वरपुर जा रहे व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने चैविया थाना क्षेत्र के भाऊपुरा गांव के पास टक्कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी सरसई नावर पहुंचाया गया जहां से हालत गंभीर होने पर

### मोटरसाइकिल की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**इटावा।** फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत इटगांव के पास एक साइकिल सवार बाइक की चपेट में आकर घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यशपाल पुत्र अमरसिंह निवासी इटगांव साइकिल से इटावा आया था और यहां से काम करके वापस लौटकर अपने घर जा रहा था। उसके गांव के पास ही एक अज्ञात बाइक चालक ने तेजी एवं लापरवाही से बाइक चलाकर साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# जिला टॉपर तेजस सहित 5 छात्र सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, इटावा



तेजस को चेक प्रदान करतीं प्रधानाचार्य भावना सिंह। अमृत विचार

- डीपीएस प्रबंधन ने होनहार को दिया 51 हजार रुपये का चेक

**अमृत विचार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा के मेधावी छात्र एवं 2024 में कक्षा 12 के डिस्ट्रिक टॉपर रहे तेजस मिश्रा को दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा में आयोजित एक सम्मान समारोह में प्रोत्साहन राशि के रूप में 51 हजार रुपये की राशि का चेक और प्रतीक चिन्ह देकर विद्यालय की प्रिंसिपल भावना सिंह द्वारा सम्मानित किया गया।

इससे पूर्व भी इस विद्यालय की ही जिला टॉपर रही छात्रा श्रंगारिका गुप्ता को भी डीपीएस प्रबंधन द्वारा 51 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया था इसके बाद श्रृंगारिका गुप्ता को देश के शीर्ष मैनेजमेंट संस्थान आईआईएम अहमदाबाद में भी प्रवेश मिला था। दिल्ली पब्लिक स्कूल प्रबंधन की इस पॉलिसी के तहत कक्षा 10 या 12 में जिला टॉप करने वाले छात्र या छात्रा को यह राशि दी जाती है।

टॉप 5 में शामिल रहे सोहम लूथरा,और आयुष यादव सहित अन्य छात्रों को भी सम्मानित किया गया। तेजस मिश्रा ने कहा कि, किसी भी कक्षा में टॉप करना कोई असंभव कार्य नहीं है। जरूरत है कड़ी मेहनत और नियमित पढ़ाई की। यदि आप रोज घर पर 6 से 8 घंटे नियम से पढ़ाई करते हैं तो आप भी अगली बार अपनी कक्षा में टॉप कर सकते हैं। तेजस ने कहा कि आगे चलकर वे इंजीनियर ही बनना चाहते हैं। इसके लिए वे लगातार मेहनत भी कर रहे हैं। अंत में प्रिंसिपल भावना सिंह ने सभी टॉपर छात्रों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## नवविवाहिता ने मायके में फांसी लगा की आत्महत्या

**भरथना।** भरथना कोतवाली के मोहल्ला इन्द्रा नगर में गुरुवार की दोपहर करीब तीन बजे स्व.गोपाल कश्यप के परिजनों में उस समय कोहराम मच गया, जब उनकी नवविवाहित 22 वर्षीय पुत्री सोनम पत्नी नवनीत निवासी ग्राम बिठौली थाना विधूना, जनपद औरैया घर में फांसी के फन्दे पर झूल गई। सोनम की शादी 6 फरवरी, 2024 को हुई थी। मृतका सोनम की विधवा मां किरन देवी ने सोनम के ससुरालीजनों पर बेटी का दहेज उत्पीडन करने का आरोप लगाते हुए बताया कि शादी के बाद से ही सोनम के ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग करते चले आ रहे थे। जिसकी पूर्ति न होने पर सोनम का लगातार उत्पीडन किया जा रहा था। ससुरालीजनों के उत्पीडन के चलते सोनम ने आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान, क्राइम इंस्पेक्टर दिनेश मिश्रा,एसएसआई जय सिंह,कस्बा चौकी इंचार्ज अरिमर्दन सिंह सहित पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया और जाँच पडताल करते हुए मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही शुरू कर दी।

**जागरुकता** | विवेकानंद स्कूल में हुए कार्यक्रम में बच्चों ने ली यातायात नियमों का पालन करने की शपथ

# मां-बाप अपने नाबालिग बच्चों को न दें वाहन : एसएसपी

कार्यालय संवाददाता इटावा



छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाते एसएसपी संजय कुमार वर्मा।



कम उम्र में वाहन न चलाने की शपथ लेतीं छात्राएं। अमृत विचार

- सड़क हादसे रोकने के लिए की जा रही कवायद

**अमृत विचार।** संत विवेकानंद सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल में नए यातायात नियमों को लेकर एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 18 साल से कम उम्र के सैकड़ों बच्चो ने प्रदेश सरकार द्वारा लागू किए गए नए नियमों को लेकर जानकारी हासिल की तो वही कार्यक्रम के अंत में इटावा एसएसपी ने छात्र छात्राओं को 18 साल से पहले वाहन न चलाने की शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर मुख्य अतिथि संजय कुमार वर्मा का स्वागत किया। एसएसपी श्री वर्मा ने बताया कि हम नए नियमों को लेकर बच्चों एवं उनके अभिभावकों को डरा नहीं रहे है बल्कि जागरूक कर रहे है हादसों में मृत्यु दर बढ़ रही है। प्रति वर्ष एक लाख 60 हज़ार लोग सड़कों पर दुर्घटना में मारे जाते है जिसमे 44 प्रतिशत 18 साल से कम उम्र के बच्चे होते है।

बच्चों को फिल्म सीरियल एवं किसी सेलिब्रिटी से वाहन चलाने के लिए प्रभावित नहीं होना है फिल्मों पर स्क्रीन लाइफ होती है लेकिन आपकी रियल लाइफ जो कि एक बार जाने के बाद दोबारा नहीं मिलती। जीवन की रक्षा करना आपका परम दायित्व है। जीवन बहुत बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए नए नियमों के तहत 18 साल से कम उम्र के बच्चे वाहन न चलाए अन्यथा उनके अभिभावकों के विरूद्ध कार्यवाही होगी इस कार्यक्रम का भी यही उद्देश्य है कि आप लोग इस जागरूकता कार्यक्रम एवं नए नियमों को लेकर के अपने परिजनों एवं साथियों को अवश्य बताएं। अंत में एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने छात्र छात्राओं को 18 साल से पहले वाहन न चलाने एवं यातायात नियमों के पालन के लिए शपथ भी दिलाई।

सीओ ट्रेफिक नागेंद्र चौबे ने बच्चो को बताया कि सरकार की तरफ से नया कानून बनाया गया है जिसमे 18 साल से पहले वाहन चलाने पर पूरी तरह रोक है आप अपने अभिभावकों को इस जागरूकता कार्यक्रम को लेकर अवश्य बताएं इसलिए यह अभियान चलाया जा रहा है। वही कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्रधानाचार्य/निदेशक डॉ आनंद ने आए हुए सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विवेक तिवारी,शिक्षक पुष्पेंद्र सिंह सेंगर, अर्चना कुलश्रेष्ठ, डॉक्टर हेरोल्ड मुहम्मद फारिक, जुबेरी सर शिल्पी जैन विजय तिवारी का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

## दो मामलों में अपील खारिज, सजा बरकरार

**इटावा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम की कोर्ट में सजा के खिलाफ की गई अपील को कोर्ट ने सुनवाई के बाद निरस्त कर दिया और पूर्व में कोर्ट के द्वारा दी गई सजा व जुर्माने को बरकरार रखा है। विशेष लोक अभियोजक गौरव दीक्षित ने बताया कि बलरई थाना क्षेत्र के गांव नगला गौर की रहने वाली सुनीता देवी अपने पति विपेंद्र कुमार के खिलाफ दहेज की मांग करने व देने पर मारपीट करने का मामला दर्ज कराया था। कोर्ट ने पति विपेंद्र को एक साल की सजा सुनाई थी। बाद में उसने इसके खिलाफ सक्षम कोर्ट में अपील की थी। इसके अलावा बलरई थाना क्षेत्र के गांव अंडावली में उक्त गांव निवासी दिलासा राम 16 नवंबर 2012 को अपने गांव में पैदल जा रहे थे। तभी ट्रैक्टर चालक आनंद स्वरूप निवासी डडियामई थाना शिकोहाबाद ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में दिलासाराम की मौत हो गई थी। कोर्ट ने चालक आनंद स्वरूप को एक साल की सजा सुनाई थी।

# भटकते रहे फरियादी, विकास भवन में अधिकारी नदारद

## शासन की सख्त गाइडलाइन की बावजदू समय से अपने दफ्तरों में नहीं पहुंच रहे अधिकारी, 11 बजे तक अधिकांश कुर्सियां रहीं खाली

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** जिले के विकास भवन से अधिकतर योजनाओं का संचालन होता है। यहीं से जिले के विकास कार्यों को गति की जाती है। वहीं विकास भवन में पहुंचने वाले अधिकारी अधिकतर देरी से आते हैं। सुबह दफ्तर पहुंचने का समय 10 बजे है। लेकिन अधिकारी 11 बजे तक ऑफिस पहुंचना मुनासिब नहीं समझते।

वहीं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उनके कमरों को खोलकर झाड़, पोछा, साफ-सफाई करवाता है। यदि कर्मचारी से पूछा जाए तो वह कहता है साहब आ चुके हैं। लेकिन यह हकीकत नहीं है। अधिकारी सप्ताह में कभी-कभार समय से आते हैं। दफ्तर में समय से न आने के कारण फरियादी को चक्कर लगाने पड़ते हैं। जबकि विकास भवन में अधिकारियों के पहुंचने का समय सुबह 10 बजे के बाबजूद ऐसा बहुत कम हो पाता है।

गुरुवार को अमृत विचार टीम ने जिले के विकास भवन कार्यालय की हकीकत की पड़ताल की। जहां सुबह 10:00 से 11:00 बजे तक अधिकांश कार्यालयों में कुर्सी खाली ही मिली। वहीं बाबू भी अधिकतर गायब ही दिखे। वहीं प्रमुख जिम्मेदार डीपीआरओ, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, उद्यान अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी नदारद मिले। अधिकारी के इस रवैया से आम जनता जनार्दन परेशान है। वही अधिकारी अपनी रवैया में कोई सुधार नहीं कर रहे हैं। फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर विभाग के चक्कर काटता रहता है, पर अधिकारी अपने में कोई बदलाव नहीं करना चाहते न ही उन्हें किसी कार्यवाही का डर है।

● बाबू भी समय से नहीं पहुंचते कार्यालय


समाज कल्याण अधिकारी का इंतजार करते अजय और निधि।

**समय 10 :40 पर :** समाज कल्याण अधिकारी डॉक्टर इंदिरा सिंह का ऑफिस तो खुला था। लेकिन उनकी कुर्सी खाली थी। जबकि उनके कार्यालय के अधिकांश कर्मचारी भी नदारद पाए गए। वहीं फरियादी अपनी पेंशन के लिए भटकते हुए नजर आए। लेकिन अधिकारी कर्मचारी के ना आने से उनके चेहरे पर मायूसी नजर आ रही थी। वही अन्य दफ्तर भी खाली दिखे। 10 .32 बजे कृषि अधिकारी शैलेंद्र वर्मा, सहकारिता विभाग की रक्षा चौहान, जिला प्रोबेशन अधिकारी अशोक कुमार भी अपनी कुर्सी से नदारद मिले। साथ ही 10 .35 बजे तक विकास भवन में कूड़े का ढेर लगा हुआ था। वही फ्लोर पर जिला दिव्यांग शक्ति करण दफ्तर में भी कर्मचारी नदारद रहे।



डीपीआरओ कामिनी गौतम का बंद पड़ा कार्यालय।

**समय 10 :25 बजे :** जिला पंचायत राज अधिकारी कामिनी गौतम 10 :25 तक अपने ऑफिस नहीं पहुंची और उनकी कुर्सी खाली दिखाई दी। केवल एक कर्मचारी दिखाई दिया जो बाहर बरामदे मे सफाई कर रहा था।उसने तुरंत ही बोला मैडम आ गई है। लेकिन दफ्तर खाली था।

**समय सुबह 10 :25 :** जिला कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार सुबह 10 :25 तक अपने कार्यालय नहीं पहुंचे थे उनके कार्यालय में कर्मचारी ने गेट खोलकर पर्दा को डाल दिया पूछने पर बताया साहब आ रहे हैं।


बचत अधिकारी मदन मोहनलाल की खाली पड़ी कुर्सी अमृत विचार

### बोले जिम्मेदार अधिकारी

मुख्य विकास अधिकारी आर सी गौतम ने बताया सभी जिला स्तरीय अधिकारियों और कर्मचारियों को 10 :00 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश हैं। यदि कोई अधिकारी कर्मचारी कार्यालय में समय से नहीं आ रहा है।तो उससे स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। यदि जवाब संतुष्ट संतोषजनक नहीं पाया जाता है। तो उस अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### पेंशन के लिए लगा रहे चक्कर

रामप्रकाश कंचन पुरवा अछल्दा निवासी में बताया कि हम पिछले 1 साल से अपनी पेंशन के लिए भटक रहे हैं। कहीं न कहीं किसी कागज को अधूरा बता दिया जाता है और आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सनमान सिंह रूरूगंज बिधूना ने कहा मुझे एक बार पेंशन मिलने के बाद दोबारा आज तक नहीं मिली। वहीं दफ्तर में फरियादी भटकते रहे।


जिला प्रोबेशन अधिकारी अशोक कुमार के ऑफिस में खाली पड़ी कुर्सी। अमृत विचार

# नई तकनीक से खेती कर अधिक मुनाफा कमाएं किसान : कठेरिया

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** कृषि सूचना तंत्र के कृषक जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। गोष्ठी का आरंभ विधायक सदर गुड़िया कठेरिया एवं सीडीओ राम सुमेर गौतम ने किया।

विधायिका ने कृषकों से नवीनतम तकनीकी जानकारी को अपनाने एवं कृषि के साथ-साथ अन्य फसलों को अपनाने हेतु सलाह दी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कृषकों को गोष्ठी में बताई जा रही विभिन्न तकनीकी जानकारियों को अमल में लाने की सलाह दी। कृषकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

उन्होने कृषकों को अपने-अपने ग्राम पंचायतों में एक-एक पेड़ अपने मां एवं पिता के नाम से अवश्य लगाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। जिला कृषि अधिकारी द्वारा कृषकों को जनपद में खाद, बीज की उपलब्धता से अवगत कराते हुए कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। शैलेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ. राम पलट, हिमांशु रंजन श्रीवास्तव, सुशील कुमार, अंकित कुमार सिंह, विमलेश कुमार व अन्य अधिकारी और किसान मौजूद रहे।

● विकास भवन में हुआ खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन


गोष्ठी को संबोधित करते सीडीओ राम सुमेर गौतम। अमृत विचार

# तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

**औरैया।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के पीतांबरपुर गांव में अपने मां के साथ ननिहाल आए कन्नौज जिले के इंदरगढ़ थाने के गांव गोपालपुर निवासी मासूम तेजस खेलते समय घर के पास बने तालाब में गिर गया ,बच्चो ने उनके घर वालो को बताया आनन फानन में किसी तरह उसे तालाब से बाहर निकाल कर परिजनो ने उसे सीएचसी दिबियापुर में भर्ती कराया गया। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

तेजस की मौत पर परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। पोस्टमार्टम कराने से परिजनों ने मना कर दिया और वह अपने घर ले गए। इस संबंध में दिबियापुर थाना प्रभारी मुकेश चौहान ने बताया परिजनों ने मासूम का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया गया ।

# क्षेत्र पंचायत सदस्यों के उपचुनाव जुलाई, अगस्त में

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने अवगत कराया है कि ग्राम पंचायत सदस्य एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों के उप निर्वाचन जुलाई-अगस्त में होंगे। उम्मीदवारों के लिए नाम निर्देशन पत्र का शुल्क, जमानत धनराशि एवं निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा राज्य निर्वाचन आयोग उप्र द्वारा निर्धारित की गई है।

ग्राम पंचायत सदस्य के नाम निर्देशन पत्र का मूल्य - अनारक्षित 150 रुपये, आरक्षित 75 रुपये, जमानत की धनराशि- अनारक्षित 500 रुपये, आरक्षित 250 रुपये, अधिकतम निर्वाचन व्यय सीमा - 10000 रुपये निर्धारित है। क्षेत्र पंचायत सदस्य के नाम निर्देशन पत्र का मूल्य - अनारक्षित 300 रुपये, आरक्षित 150 रुपये, जमानत की धनराशि-अनारक्षित 2000 रुपये, आरक्षित 1000 रुपये, अधिकतम निर्वाचन व्यय सीमा 75000 रुपये निर्धारित की गई है। उम्मीदवारों द्वारा निर्वाचन व्यय विवरण चुनाव परिणाम घोषणा की तिथि के तीन माह के अन्दर शपथ पत्र सहित उपलब्ध कराना होगा। उम्मीदवारों द्वारा जमानत वापसी हेतु प्रार्थना पत्र निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तिथि के तीन माह के अन्दर देना होगा। क्षेत्र पंचायत सदस्य के पद पर चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र के साथ अपराधीकरण, चल,अचल सम्पत्ति, वित्तीय देयता एवं शैक्षिक अर्हता के संबंध में शपथ पत्र देना होगा

● उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी जानकारी

## सार-संक्षेप

### बड़ी माता मंदिर प्रांगण में पौधरोपण

**औरैया।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा गुरुवार को पढ़ीन दरवाजा स्थित बड़ी माता मंदिर प्रांगण में पौधारोपण अभियान चलाया गया। मंदिर कमेटी के संरक्षक मिथिलेश शुक्ला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ हरे-भरे वातावरण में रहने से हम लोगों को शुद्ध प्राण वायु मिलती है, शरीर निरोग व मन प्रसन्नचित रहता है। ऐसे में हर व्यक्ति को कम से कम दो-दो पौधे लगाना चाहिए। पधारोपण के अंतर्गत बरगद, आंवला, मधु कामिनी, हरसिंगार, गुड़हल चांदनी आदि पौधों का रोपण किया। समिति के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता, देवेंद्र आर्य, बृजेश यादव, लालजी अग्रवाल, संध्या शुक्ला, राकेश अग्रवाल, वेदांत शुक्ला, आदित्य प्रताप सिंह, ऐश्वर्य मिश्रा, लक्ष्मी, मनीष पुरवार (हीरु), हिमांशु दुबे आदि मौजूद रहे।


पौधारोपण करते कमेटी के सदस्य। अमृत विचार

### पर्यावरण को स्वच्छ रखने का दिया संदेश

**कंचौसी, औरैया।** ज्ञान कुंज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल जमौली के बच्चों ने अपने स्कूल में और आसपास पौधे लगाए। सभी से पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर अलग-अलग जगहों से आए प्रधान वा अन्य लोगो ने भी वृक्षारोपण किया। इनमें लुखड़पुरा प्रधानपति प्रवीण राजपूत, करौंदा डीलर हरिबाबू, प्रबंधक दीपप्रकाश राजपूत, डायरेक्टर आरके शुक्ला, प्रधानाचार्य एमके अर्जुन, उपप्रधानाचार्य बीना त्रिपाठी, कोऑर्डिनेटर अभिषेक शुक्ला, अध्यापक हरिविलास, बृजेन्द्र पाल, विशाल यादव, अनूप सिंह, देवकरण एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


पौधारोपण करते शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं। अमृत विचार


स्थलीय निरीक्षण करते जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

### वन मंत्री बीहड़ क्षेत्र में करेंगे पौधरोपण

**औरैया।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 20 जुलाई को औरैया में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार बीहड़ पट्टी स्थित वन विभाग की जमीन पर पौधारोपण करेंगे। इसको लेकर जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी ने सेंगनपुर- जुहीखा मार्ग पर सेंगनपुर से दो किलोमीटर दूर सिद्द बाबा के थान के पास पड़ी वन विभाग की जमीन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पानी सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। औरैया के बीहड़ पट्टी में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार की अध्यक्षता में 20 जुलाई को 4 हजार पौधे लगाए जाएंगे। प्रभागीय वन अधिकारी आरके सिंह, आरओ धर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे।


नगर की प्रमुख सड़क पर लगा भीषण जाम। अमृत विचार

### जाम में घंटों फंसे रहे लोग

**फफूंद, औरैया।** नगर के मुख्य मार्ग चमनगंज तिराहे पर जाम लगना आम हो गया है। आए दिन लोगों को इस परेशानी से दो चार होना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी चमनगंज तिराहे से चौराहे तक की बनी होती है। वाहनों के आवागमन का कोई नियम नहीं है। कोई भी बड़ा या छोटा वाहन लेकर कभी भी कहीं से निकलता रहता है। नतीजतन भीषण जाम की नौबत उत्पन्न होती है। रविवार की देर शाम को वाहनों के जाम की सबसे बड़ी कतार देखने को मिली। ख्याली दास तिराहे से चमनगंज तिराहे से लेकर चौराहे तक करीब एक घंटे तक वाहन फंसे रहे। जाम के काफी देर बाद पुलिस ने लोगों को जाम से राहत दी।बावजूद इस जाम से त्वरित निदान किसी को नहीं मिला। जाम में फंसे लोगों का कहना था कि आए दिन नगर में जाम की समस्या होती है। लेकिन पुलिस और नगर पंचायत प्रशासन की ओर से कोई हल नहीं निकाला जाता। जबकि जाम का सबसे बड़ा कारण इन दिनों ऑटो चालको की मनमानी है।

### अमृत कला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया उत्साह

**ककोर।** जायंट्स ग्रुप ऑफ दिबियापुर सहेली ने गुरुवार वैदिक टेक्निकल इंटर कॉलेज दिबियापुर में आजादी की अमृत कला प्रतियोगिता आयोजित की। इसमें क्लास 8 से 12 तक के बच्चों ने भाग लिया। जायंट्स सहेलियों ने बच्चों को प्रमाण पत्र, शील्ड तथा फल वितरण किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह, प्रवक्ता हर्षवर्धन, अध्यापक अमरेन्द्र तिवारी एवं स्कूल स्टाफ का सहयोग रहा। अध्यक्ष संध्या अवस्थी, डीओए सपना गुप्ता, डीओएफ रोली गुप्ता, पूनम पार्लर, सुधा भारती, राधा वर्मा ज्योति त्रिपाठी, पुष्पलता, रमा, अर्चना पोरवाल, नीतू, शिखा अग्रवाल, शिल्पी आदि मौजूद रहीं।

# ९ वर्षीय बच्चे के तालू का सफल ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** अजीतमल कस्बा क्षेत्र के ग्राम गौहानी कलां निवासी एक किसान के 09 वर्षीय बेटे के कटे तालू का सफल ऑपरेशन होने के बाद परिजनों सहित बच्चे के चेहरे पर खशी दिखी।

सरकार के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य टीमें विद्यालयों में जाकर छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य का परीक्षण कर रहीं हैं। वही सीएचसी अजीतमल अधीक्षक डॉ. अवनीश कुमार के निर्देशन में सीएचसी की ₹एऱ टीम की ओर से क्षेत्र के गौहानी कलां गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया था।

टीम में शामिल डॉ. दिलीप जोशी, डॉ. ओमवीर सिंह और फार्मासिस्ट ऋचा त्रिपाठी ने बीते 02 जुलाई को 113 छात्र छात्राओं का परीक्षण किया था। जिसमें गौहानी कलां गांव निवासी किसान मनोज कुमार के कक्षा 05 में अध्ययरत पुत्र अमरदीप का तालू कटा हुआ पाया। सही शब्द न निकलने से अन्य बच्चों के सामने उसका उपहास होता था।

टीम ने सीएचसी अजीतमल में जांच कर उसे आगरा के सारस्वत हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। जहां 13 जुलाई को ऑपरेशन कर दिया गया।


माता-पिता के साथ बच्चा। अमृत विचार

# हरी गंज में लो वोल्टेज की समस्या लोगों ने सड़क पर बैठ दिया धरना

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा के आदर्श नगर पंचायत में आए दिन लोग लो वोल्टेज और जंफर उड़ने की समस्या से परेशान हैं। लो वोल्टेज से घरों में लगे फ्रिज, कूलर आदि नहीं चल पा रहें हैं। इससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। इसे खफा उपभोक्ता सड़क पर बैठ गए। वहीं ताजिया के जुलूस के चलते कस्बे की पूरे दिन बिजली बंद रही।

ताजिया निकलने के बाद उपभोक्ता रात को बिजली का इंतजार करने लगे तभी लाइट ने ट्रिप लिया तो लो वोल्टेज की समस्या उत्पन्न हो गई। जहां एक ओर दिन व रात में गर्मी के कारण उमस है वहीं दूसरी ओर कभी-कभी बिजली कटने से लोगों को पूरी रात परेशान होना पड़ रहा है। अधिक गर्मी व उमस के कारण लोग घरों में बिजली का उपयोग अधिक कर रहें हैं। इसके चलते आए दिन नगर के वार्डों हरी गंज बाजार में लगे ट्रांसफार्मर व तार जल जा रहें हैं।

बुधवार रात को पावर हाउस की मशीनों में ओवरलोड की समस्या से रात भर बार-बार एलटी लाइन ट्रिप हो रही है। जिसकी जानकारी सर्किल स्तर पर उच्चाधिकारियों को दी गई।

पावर हाउस एसडीओ रघुनाथ मित्तल, टेक्नीशियन महावीर ने मशीनों की टेस्टिंग कर खामी को दूर किया। इस दौरान कस्बे की 1 घंटे लाइट बाधित रही।


बिजली समस्या को लेकर सड़क पर धरने पर बैठे उपभोक्ता। अमृत विचार

● बिजली कर्मचारियों ने दो घंटे बाद दुरुस्त की सप्लाई

# युवक की मौत समय से इलाज न मिलने का आरोप

**सहार, औरैया।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूर्वा मदारी निवासी गुड्डू उर्फ रमेश (40) पुत्र कोमल प्रसाद को सुबह पेट में दर्द होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहार ले जाया गया। जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है सीएचसी में 20 से 25 मिनट तक इंतजार करते रहे। कोई नहीं आया और मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया। थाना अध्यक्ष सहार, सीओ बिधूना, एसडीएम बिधूना व मुख्य चिकित्सा अधिकारी औरैया मौके पर पहुंचे और परिजनों से बात की। सीएमओ ने बताया की सीने में दर्द होने पर परिजन निजी चिकित्सक के पास ले गए जहां पर हालत बिगड़ गई उसके बाद सीएचसी सहार ले गए जहां पहुंचने से पहले युवक की मौत हो चुकी थी।

निर्देश | विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दी हिदायत

# रैंकिंग खराब होने पर होगी कठोर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में गुरुवार को मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका से संबंधित विकास कार्यों की आयोजित बैठक में विभागवार समीक्षा करी। निर्देश दिए कि योजनाओं का संचालन निर्धारित समय सीमा के साथ लक्ष्य के अनुरूप पूरा करना सुनिश्चित करें। यदि कार्य में शिथिलता अथवा अपलोडिंग के कारण रैंकिंग खराब पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

उन्होंने विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि आगामी बैठक के पूर्व अपनी-अपनी रैंकिंग में शत प्रतिशत सुधार लाएं। इसके लिए किए गए कार्य को अपलोड भी करें अन्यथा की स्थिति में संबंधित की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए शासन को लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारण वश कार्यों की अपलोडिंग या लक्ष्य अथवा धनराशि की उपलब्धता में किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न हो रही है तो आवश्यक स्तर पर नियमानुसार विभागीय अधिकारी पत्राचार करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम सुमेर गौतम, मुख्य चिकित्साधिकारी सुनील कुमार वर्मा, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण खंड विनोद कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी करुणा पति मिश्र, अर्थ एवं संख्या अधिकारी बब्बन प्रसाद मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।



विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिशा-निर्देश देते जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

# फंदे पर लटका मिला युवती का शव

**औरैया।**अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के चपटा गांव में घर के कमरे मे एक युवती का शव फंदे पर लटका मिला। चपटा गांव निवासी मनोज प्रजापति किसान है। बीते कई दिनों से बीमार चल रहे है। खेती कर पत्नी नीलम, पुत्र ऋषभ, ऋषि, कन्हैया, गणेश, और पुत्री रागिनी का भरण पोषण करते है।

रागिनी गुरुवर की सुबह महाराज पुर गांव में अपनी सहेली के घर गई थी। वहां से शाम को घर लौटी। घर के सभी सदस्य खेतों पर गए थे। भाई ऋषि घर आया तो उसने कमरे मे रागिनी को फांसी पर लटका देख शोर मचाया। सीओ राम मोहन शर्मा, कोतवाल राजकुमार सिंह ने स्वजनों से पूंछताछ की। स्वजनो ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोगो द्वारा रागिनी के साथ छेड़छाड़ की जा रही थी। आरोप है कि कुछ लोगों मे रागिनी की हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया है।

# सफाई कर्मियों से मारपीट का आरोप

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कखावतू स्थित कांशीराम कॉलोनी में गुरुवार सुबह सफाई करने गईं दो महिला कर्मचारियों के साथ वहां के लोगों ने उनकी झाड़ू रखा ली तथा गालियां देते हुए मारपीट कर दी। इससे आक्रोशित र सफाई कर्मियों ने कोतवाली का घेराव कर कार्रवाई की मांग की।

गुरुवार की सुबह कांशीराम कॉलोनी में महिला सफाई कर्मी शकुंतला देवी एवं बेबी सफाई करने गईं थीं। जब वह सफाई कर रही थीं तभी वहां पर आए कुछ लोगों द्वारा उनके साथ अभद्रता की गई तथा कहा गया कि उनके घर के अंदर की भी साफ-सफाई करें।

जब उनके द्वारा मना किया गया तो दबंगों ने गालियां देना शुरू कर दीं। विरोध किया तो दबंगों ने दोनों महिला सफाई कर्मियों से मारपीट कर दी। मारपीट होने के बाद सफाई कर्मियों द्वारा इसकी जानकारी अपने अन्य साथियों को दी गई। इससे आक्रोशित होकर सफाई कर्मियों ने कोतवाली पहुंचकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

मामले की जानकारी पाकर नगर पालिका परिषद के सभासद एवं अध्यक्ष अनूप गुप्ता भी पहुंच गये थे। वही नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि पालिका के कर्मियों के साथ किसी भी प्रकार की अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वह लोग मेहनत करके आम जनता के लिए काम करते हैं इसके बाद यदि उनके साथ ऐसा होता है तो वह शांत नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि वह दबंगों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी भूपेंद्र राठी ने बताया कि मामला संज्ञान में है तथा कार्रवाई की जा रही है।

● कखावतू कॉलोनी का मामला सफाई कर्मियों ने घेरी कोतवाली


कोतवाली का घेराव करते सफाई कर्मचारी। अमृत विचार

न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत् ।
कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः ॥

निःसंदेह कोई भी मनुष्य किसी भी काल में क्षणमात्र भी बिना कर्म किए नहीं रहता, क्योंकि सारा मनुष्य समुदाय प्रकृति जनित गुणों द्वारा परवश हुआ कर्म करने के लिए बाध्य किया जाता है।

## संपादकीय

# रेल हादसों के पीछे

देश में लगातार बढ़ रहे रेल हादसों के क्रम में गोंडा जिले में हुई रेल दुर्घटना बेहद दुखद है। गुरुवार को जिले में चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही ट्रेन के आठ डिब्बे मोतीगंज तथा झिलाही रेलवे स्टेशनों के बीच पटरी से उतर गए। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई तथा 20 घायल हो गए। हादसे के कारण कई गाड़ियों को रद किया गया तथा 10 रेलगाड़ियों को मार्ग बदलकर संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन को प्रभावित यात्रियों को सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। भारतीय रेलवे विश्व के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक है, जहां लाखों लोग प्रतिदिन परिवहन के लिए इस पर निर्भर हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो दशकों में पटरी से गाड़ी उतरने के मामले अधिकांश दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। साथ ही रेलवे से जुड़ी त्रासदियों के पीछे दोषपूर्ण सिग्नलिंग प्रणाली से लेकर मानवीय त्रुटि तक कई कारण होते हैं। मानवीय त्रुटियों के परिणामस्वरूप गलत सिग्नलिंग, दोषपूर्ण संचार, अत्यधिक गति अथवा दोषों या खतरों को अनदेखा करने की स्थिति बन जाती है। पिछले माह 17 जून को सिलीगुड़ी के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से 30 किलोमीटर दूर रंगपानी के पास एक मालगाड़ी खड़ी सियालदह जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकरा गई। ट्रेन दुर्घटना में मालगाड़ी के लोको पायलट सहित 10 लोगों की मौत हो गई। बाद में रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कहा कि स्वचालित सिग्नल क्षेत्रों में ट्रेन संचालन के प्रबंधन में कई स्तरों पर खामियां हुईं।

विश्व के सबसे बड़े और व्यस्ततम रेल नेटवर्क में से एक भारतीय रेलवे के लिए सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। परंतु रेलवे तंत्र धन की कमी, भ्रष्टाचार और अक्षमता से भी ग्रस्त है जो इसके विकास एवं रखरखाव को प्रभावित करती है। कई रूट 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर संचालित हैं, जिससे भीड़भाड़ और ओवरलोडिंग के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि गुरुवार को हुए रेल हादसे की जांच के बाद ही इस बात की पुष्टि हो पाएगी कि क्या ट्रेन या पटरी के नियमित निरीक्षणों में चूक हुई थी। अनियमित रखरखाव के कारण खराबी हुई और ट्रेन पटरी से उतर गई। फिलहाल देश में सुरक्षा की स्थिति और बेहतर सुरक्षा उपायों एवं अवसंरचना की आवश्यकता के संबंध में रेलवे कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुपालन के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। साथ ही भारत में रेल दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों के समाधान के लिए सरकार व रेलवे प्रशासन को कड़े कदम उठाने होंगे।

# अनुशासित जीवनचर्या और पर्यावरण संतुलन


डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

क्या हमने कभी विचार किया है कि हम दैनिक जरूरतों के रूप में जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं उनमें से कौन-कौन सी प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त होती हैं? इनमें से कौन सी ऐसी वस्तुएं हैं, जिनका इस्तेमाल गैर जरूरी है?

इस बार जून में सप्ताह-सप्ताह भर के लिए हिमाचल और उत्तराखंड के अलग-अलग पर्वतीय क्षेत्रों में जाना हुआ। कारण था तेज गर्मी से निजात पाना, पर वहां के तापमान में भी कोई विशेष अंतर न था। वहां पर भी लोग इसका जिम्मेदार उन्हीं तौर तरीकों को ठहरा रहे थे, जो हर जगह पर्यावरण असंतुलन का कारण बताए जाते हैं। लोगों के अनुसार मानव की पर्यावरण विरोधी गतिविधियों ने प्राकृतिक असंतुलन पैदा कर दिया है, जो तीव्र गर्मी, वर्षा, भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने आ रहा है।

पर्यावरण शिक्षा प्रारंभिक स्तर से ही हर पाठ्यक्रम का अनिवार्य अंग होती है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल तत्संबंधी सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं है, बल्कि उन्हें आसपास के पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना होता है, जिससे उनमें पर्यावरण की व्यावहारिक समझ उत्पन्न हो और वे इससे संबंधित समस्याओं को पहचान कर उनके समाधान के प्रति जागरूक हों। वे सिर्फ पर्यावरण की परिभाषा तक ही सीमित न रहें, बल्कि इसके संतुलित-असंतुलित होने के कारण, प्रभाव, दुष्प्रभाव और समाधान के प्रति भी संवेदनशील हों। पर्यावरण शिक्षण में हम प्रमुख रूप से जिस मुद्दे पर बात करते हैं वह है प्रदूषण और प्राकृतिक साधनों जैसे वन संपदा तथा पारिस्थितिकी का संरक्षण। यहां हम इन पर चर्चा करते-करते विज्ञान की प्रगति और विकास को पर्यावरणीय असंतुलन का प्रमुख कारण ठहराने लगते हैं, पर क्या विकास की प्रक्रिया गैर जरूरी है? क्या विकास और पर्यावरण के बीच समुचित संतुलन स्थापित नहीं किया जा सकता? अगर हम इन बिंदुओं पर विचार करें तो पाएंगे कि पर्यावरण संतुलन के आड़े न तो विज्ञान आता है और न ही विकास।

पर्यावरण संतुलन हम सबसे एक अनुशासित जीवनचर्या की मांग भर है। अब क्योंकि पर्यावरण असंतुलन की स्थिति में सर्वाधिक प्रभावित भी मानव ही होता है अतः आवश्यक है कि हम अपनी जरूरतों भर ही प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करें। प्राकृतिक संसाधनों का अनावश्यक और अंधाधुंध दोहन ही क्रमशः असंतुलन की ओर ले जाता है। वैज्ञानिक दृष्टि के चलते नित नए आविष्कारों का होना स्वाभाविक है और उनमें

पर्यावरण संरक्षण हेतु सराहनीय योगदान दे रहे व्यक्तियों को विद्यालय व समुदाय के स्तर पर पर्यावरण प्रहरी, पर्यावरण मित्र, पर्यावरण संगी के रूप में चिह्नित कर सम्मानित किए जाने से समुदाय में सार्थक संदेश जाएगा। विद्यालय स्तर पर बच्चों के संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी पक्षों का सतत आकलन व मूल्यांकन किया जाता है।

प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग होना भी, पर यदि हम इन संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन पर भी संवेदनशील होते हैं तो यह स्थिति संतुलित बनी रहती है। यदि हम आवश्यकता के परिप्रेक्ष्य में किसी वृक्ष पर आरी चलाते हैं तो उसके साथ ही कम से कम दस पौधे रोपने और उनकी परवरिश की जिम्मेदारी भी हमें ही चाहिए और यह बात हर एक प्राकृतिक संसाधन के उपयोग पर समान रूप से लागू होती है।

क्या हमने कभी विचार किया है कि हम दैनिक जरूरतों के रूप में जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं उनमें से कौन-कौन सी प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त होती हैं? इनमें से कौन सी ऐसी वस्तुएं हैं, जिनका इस्तेमाल गैर जरूरी है? या हमारी स्वयं की दिनचर्या में ऐसे कौन-कौन से क्रियाकलाप हैं, जिनमें आंशिक सुधार करके ही हम पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकते हैं? यदि हम इन सवालों पर थोड़ा ठहरकर तथा संवेदनशील होकर विचार करें तो पाएंगे कि हवा, पानी, मिट्टी, वनस्पति, जीव जगत, भूगर्भ तथा खगोल से जुड़ी हमारी तमाम ऐसी गतिविधियां हैं जिनको आवश्यकतानुसार कम करके पर्यावरण को पोषित किया जा सकता है। यहां सवाल यह उठता है कि हम क्या करें कि जिससे हमारा पर्यावरण पोषित और संवर्धित हो? इसके लिए व्यक्तिगत व सामूहिक स्तर पर छोटे-छोटे योजनाबद्ध काम जरूरी होंगे। बच्चों में पर्यावरण जागरूकता हेतु दो स्तरों पर काम करना होगा। पहला-पर्यावरण की गहरी व संवेदनशील समझ पैदा करना, दूसरा-भावी खतरों, संभावनाओं को समझते हुए उनके समाधान में अपनी भूमिका निर्धारित करने का कौशल विकसित करना। इसके लिए प्रार्थना स्थल, कक्षा के अंदर तथा कक्षा के बाहर के क्रियाकलापों को नियोजित क्रम में कराना होगा। प्रार्थना स्थल पर प्रकृति के अनिवार्य घटकों के प्रति आदर व कृतज्ञता प्रदर्शित करने वाली रचनाओं को शामिल करना, पर्यावरण संवेदना से संबधित प्रेरक प्रसंग सुनाना, प्रमुख पर्यावरणीय चिंताओं और उनके समाधान के तरीकों पर चर्चा कराना, दैनिक आधार पर स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा पर्यावरणीय जागरूकता से सबंधित क्रियाकलापों का कराया जाना उपयोगी होगा।

कक्षा के अंदर के क्रियाकलापों में पर्यावरण जागरूकता संबंधी पोस्टर बनाना, नारा लेखन, पर्यावरण क्विज, कविता, कहानी व निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, अंत्याक्षरी, रोल-प्ले, पर्यावरण जागरूकता से संबंधित फिल्मों का प्रदर्शन, पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी सफलतामूलक कहानियां जैसे क्रियाकलाप प्रभावी साबित होंगे। कक्षा के बाहर के क्रियाकलापों में परिसर की स्वच्छता, पौधारोपण व संरक्षण, परिसर के जलस्रोतों की स्वच्छता व रखरखाव, सामुदायिक स्तर पर पर्यावरण क्लब की गतिविधियां संचालित करना जैसे कार्य बच्चों को सहज व स्वाभाविक रूप से पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाएंगे। विद्यालय स्तर पर पर्यावरण पत्रिका, पर्यावरण कैलेंडर, दीवार अखबार के जरिए विद्यार्थियों में पर्यावरणीय संवेदना के अंकुर सहज रूप से रोपित किए जा सकते हैं। सामुदायिक स्तर पर पर्यावरणीय यात्राएं, क्रियात्मक शोध, पर्यावरण प्रदर्शनी, पर्यावरण मेले, नुक्कड़ नाटक तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे व्यक्तित्वों का साक्षात्कार जैसे क्रियाकलाप पर्यावरणीय जागरूकता का सशक्त माध्यम बन सकते हैं।

पर्यावरण संरक्षण हेतु सराहनीय योगदान दे रहे व्यक्तियों को विद्यालय व समुदाय के स्तर पर पर्यावरण प्रहरी, पर्यावरण मित्र, पर्यावरण संगी के रूप में चिह्नित कर सम्मानित किए जाने से समुदाय में सार्थक संदेश जाएगा। विद्यालय स्तर पर बच्चों के संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी पक्षों का सतत आकलन व मूल्यांकन किया जाता है। विद्यार्थियों में पर्यावरणीय संवेदना संबंधी मूल्य विकसित हो रहे हैं अथवा नहीं इसके लिए सैद्धांतिक पक्ष के साथ-साथ व्यवहारगत परिवर्तनों का भी नियमित अंतराल पर मूल्यांकन हो। इसके लिए परंपरागत मूल्यांकन के बजाय व्यावहारिक तरीकों पर काम करना होगा। इनके अंतर्गत बच्चों को दैनंदिनी में दिए गए कार्य का अवलोकन, तत्क्रम में उनकी दिनचर्या का अवलोकन, दैनिक वर्कशीट के आधार पर कार्य का संपादन, समूह व एकल गतिविधियों में सहभागिता, वीडियो /ऑडियो प्रेजेंटेशन के दौरान चर्चा में प्रतिभागिता, केसलेट डिस्कशन, न्यूजबुक बनवाना, पिक्चर शीट बनवाना जैसे तरीके कारगर साबित होंगे। विद्यार्थियों के समक्ष पर्यावरण मैत्रिक विद्यालय की अवधारणा प्रस्तुत कर तथा उनका सहयोग लेकर हम विद्यालयों को यह स्वरूप प्रदान कर सकते हैं।

विद्यालय पुस्तकालय में प्रमुख पर्यावरणविदों से संबंधित संदर्भ सामग्री, पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु दिए जाने वाले प्रमुख राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार तथा सम्मान, प्रमुख संगठन, सरकार द्वारा इस हेतु संचालित प्रमुख योजनाएं तथा प्रमुख कानूनों की जानकारी से संबंधित संदर्भ सामग्री जुटाकर हम विद्यार्थियों में पर्यावरण विषयक गहरी समझ पैदा कर सकते हैं। प्रमुख पर्यावरणीय संगठनों की वेबसाइट्स, ई-बुक्स, जर्नल्स इस क्षेत्र में बच्चों के ज्ञानवर्धन का महत्वपूर्ण स्रोत हो सकते हैं। इन संसाधनों के जरिए विद्यार्थी पर्यावरण के क्षेत्र में मौजूद करियर संभावनाओं से भी परिचित होंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 पर्यावरण शिक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग बनाने तथा स्कूली पाठ्यक्रम में पर्यावरण जागरूकता और इसके संरक्षण और सतत विकास के प्रति संवेदनशीलता के उचित एकीकरण पर जोर देती है। यह संभव हो इसके लिए आवश्यक होगा कि विद्यार्थियों में प्रारंभिक स्तर से ही पर्यावरणीय संवेदना के मूल्य विकसित किए जाएं ताकि वे भविष्योन्मुखी चिंताओं और चुनौतियों के समुचित समाधान के साथ आगे बढ़े। स्वाभाविक ही है कि पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन हम सभी का सामूहिक दायित्व भी है और कर्तव्य भी। यह भी, कि यह संतुलित रहे इसकी चिंता हमें आज और अभी से करनी होगी। कल शायद बहुत देर हो जाएगी।

## प्रसंगवश

# हुनर कौन सिखाएगा

बेटा आप बड़े होकर क्या बनोगे? यह सवाल आमतौर पर हर बच्चे से कभी न कभी पूछा जाता है। आपसे भी पूछा गया होगा और संभव है आपने जवाब में डॉक्टर इंजीनियर शिक्षक या हवाई जहाज का पायलट बनने की इच्छा जताई हो। पर सोचिए यदि आप जवाब में कहते-मैं बड़ा होकर एक कारपेंटर बनना चाहता हूं या मकान बनाने वाला मिस्त्री बनना चाहता हूं तब क्या होता? आपने यह जवाब नहीं देकर अपने बड़ों को एक बड़ी मुसीबत से बचा लिया।

असल में हमारे यहां पूरी शिक्षा व्यवस्था में बढ़ई, लोहार, दर्जी, मिस्त्री जैसे तमाम हुनर सिखाने के लिए किसी स्कूल में कोई व्यवस्था नहीं है। मजे की बात यह है कि बड़े होकर ज्यादातर बच्चे आज भी इन्हीं हुनर के इस्तेमाल से अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं। आज भी खेती के बाद ज्यादातर लोग जीवनयापन के लिए इसी तरह के छोटे-मोटे हुनर आधारित रोजगार करते हैं। हैरानी की बात है कि आजादी के 77 साल बाद भी किसी ने नहीं सोचा कि ये तमाम छोटे-मोटे रोजगार करने वाले लोग इसके लिए आवश्यक हुनर कहां से सीखेंगे? पहले हमारे पास इसके लिए वर्ण व्यवस्था थी, हम दावा करते हैं कि हमने उस घृणित वर्ण व्यवस्था को खत्म कर दिया, जो कहती थी सुतार का बेटा सुतार ही बनेगा, मगर सुतार बनने की शिक्षा स्कूलों में नहीं देने का सीधा मतलब उसी वर्ण व्यवस्था का समर्थन करना है, जो कहती है लोहार बनने के लिए आपको लोहार के घर में ही पैदा होना होगा। इस तरह हुनर को स्कूली शिक्षा में शामिल नहीं कर के एक तरफ तो हमने वर्ण व्यवस्था को समर्थन दिया, दूसरी तरफ रोजगार के संभावित अवसर खत्म कर दिए।

भारत ने इस लापरवाही की कीमत चुकाई है। आज भारत में काम करने वाले आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसे डेमोग्राफिक डिविडेंड कहते हैं, पर इन करोड़ों हाथों के लायक हमारे पास कोई काम नहीं है। उधर उद्योगपति शिकायत कर रहे हैं कि हमें प्रशिक्षित कामगार नहीं मिल रहे। भारत जिस जवान आबादी को डेमोग्राफिक डिविडेंड कह रहा है वह बेरोजगारों की एक बड़ी फौज बनकर तबाही भी ला सकती है। चीन की तरह की मैन्युफैक्चरिंग

भारत ने इस लापरवाही की कीमत चुकाई है। आज भारत में काम करने वाले आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसे डेमोग्राफिक डिविडेंड कहते हैं, पर इन करोड़ों हाथों के लायक हमारे पास कोई काम नहीं है। उधर उद्योगपति शिकायत कर रहे हैं कि हमें प्रशिक्षित कामगार नहीं मिल रहे।

इकोनॉमी बनाने का सपना देखना अच्छी बात है, पर इसके लिए प्रशिक्षित कामगार कौन सा स्कूल बना रहा है, यह भी सोचना चाहिए। सोचना चाहिए कि क्यों हमने हुनर को स्कूली शिक्षा में जगह नहीं दी। शायद यह भी वर्ण व्यवस्था की वजह से हुआ, जिसने हमारे समाज में दिमाग का काम करने वालों को ऊंचे स्थान पर और हाथ का काम करने वालों को सबसे नीचे स्थान पर रखा।


संजय वर्मा
इंदौर

इसका परिणाम यह हुआ कि वे लोग जो हाथ का काम करते हैं वह भी अपने बच्चों को इस रोजगार से दूर रखना चाहते हैं, उन्हें ऑफिस का चपरासी बनना मंजूर है, लेकिन एक सफल टेक्नीशियन बनना नहीं, जिसमें चपरासी की नौकरी के मुकाबले कहीं अधिक पैसा है। किसी खास काम को समाज कितना पारिश्रमिक या कितना सम्मान देगा यह एक जटिल प्रश्न है। कभी-कभी इसके पीछे उस काम को करने में लगने वाली मेहनत या योग्यता के अलावा सामाजिक इतिहास के कारण भी होते हैं। हमारे यहां हाथ के काम करने वालों को ज्यादा मेहनत करने के बावजूद हमेशा से कम पैसा दिया जाता है। तमाम विकसित देशों में दिमाग और हाथ का काम करने वालों के बीच तनख्वाह का फर्क अधिकतम तीन गुना होता है, जबकि हमारे यहां यह हजारों गुना है।

वजह जो भी हो अब समय आ गया है कि भारत के स्कूलों में पढ़ाई जाने वाले निरर्थक सूचनाओं को रटवाने के बजाय बच्चों को हाथ के हुनर सिखाए जाएं ताकि वे कम से कम अपने लिए एक छोटा-मोटा रोजगार ढूंढ सकें। वैसे भी साइन थीटा, कॉस थीटा पढ़कर आपने आखिर इसका क्या इस्तेमाल किया?

# बजट से मध्यम वर्ग की उम्मीदें


रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

2024 का पूर्ण केंद्रीय बजट 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया जाना है। भारतीय मध्यम वर्ग उन उपायों को देखने के लिए उत्सुक है, जो सीधे उनकी वित्तीय और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करेंगे। मध्यम वर्ग अपनी जरूरतों और अपेक्षाओं के बारे में बात कर रहा है। विशेष रूप से कोविड-19 महामारी, बढ़ती मुद्रास्फीति और वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में बदलाव से उत्पन्न आर्थिक चुनौतियों के आलोक में।

आयकर में राहत : टैक्स स्लैब का संशोधन-सबसे महत्वपूर्ण उम्मीदों में से एक आयकर स्लैब में संशोधन है। मध्यम वर्ग उच्च बुनियादी छूट सीमा की तलाश में है, जो वर्तमान में 60 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों के लिए 2.5 लाख रुपये है। 5 लाख रुपये तक की बढ़ोतरी से पर्याप्त राहत मिलेगी, जिससे करदाताओं के हाथों में अधिक प्रयोज्य आय आएगी। स्टैंडर्ड डिडक्शन में बढ़ोतरी-मानक कटौती, जिसे 2018 में फिर से शुरू किया गया था और वर्तमान में 50,000 रुपये है, एक और क्षेत्र है, जहां मध्यम वर्ग वृद्धि चाहता है। इसे बढ़ाकर 1 लाख रुपये करने से जीवनयापन की बढ़ती लागत और चिकित्सा खर्चों की भरपाई करने में मदद मिलेगी। आवास और रियल एस्टेट: गृह ऋण पर ब्याज कटौती- संपत्ति की कीमतें बढ़ने के साथ, मध्यम वर्ग को धारा 24 (बी) के तहत होम लोन के ब्याज पर कटौती की सीमा 2 लाख से बढ़कर 3 लाख रुपये होने की उम्मीद है। इस बदलाव से घर मालिकों पर वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा और रियल एस्टेट क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। शिक्षा एवं कौशल विकास : शिक्षा ऋण पर कर लाभ- मध्यम वर्ग धारा 80 ई के तहत शिक्षा ऋण पर बेहतर कर लाभ का इच्छुक है। कटौती की अवधि बढ़ाने और कटौती योग्य राशि बढ़ाने से उच्च शिक्षा लागत के वित्तीय तनाव को कम किया जा सकता है।

साइबर सुरक्षा उपाय-व्यक्तिगत डेटा और ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा उपाय एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है।

स्वास्थ्य देखभाल : वर्तमान कटौती सीमा व्यक्तियों के लिए 25,000 रुपये और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50,000 रुपये है। इन सीमाओं को क्रमशः 50,000 और 1 लाख रुपये तक बढ़ाने से मध्यम वर्गीय परिवारों को अपनी स्वास्थ्य देखभाल लागत को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिलेगी। सामाजिक सुरक्षा और सेवानिवृत्तिः राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस)- एनपीएस के तहत कर लाभ बढ़ाने से अधिक मध्यम वर्ग के व्यक्तियों को अपनी सेवानिवृत्ति में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। ईपीएफ और पीपीएफ लाभ-कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) और सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) पर उच्च ब्याज दरें अपेक्षित हैं। इसके अतिरिक्त, मध्यम वर्ग को इन योजनाओं के लिए अधिकतम योगदान सीमा में बढ़ोतरी की उम्मीद है। उपभोक्ता वस्तुएं और सेवाएं : जीएसटी दर का युक्तिकरण-आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को तर्कसंगत बनाना एक बड़ी उम्मीद है। घरेलू उपकरणों, व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों और अन्य दैनिक आवश्यकताओं जैसी वस्तुओं पर जीएसटी कम करने से जीवनयापन की कुल लागत कम हो जाएगी। छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप के लिए सहायता : एमएसएमई क्षेत्र का समर्थन- मध्यम वर्ग का एक बड़ा हिस्सा छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप में लगा हुआ है। ऋण तक आसान पहुंचकर प्रोत्साहन और सरलीकृत अनुपालन प्रक्रियाओं सहित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र के लिए बेहतर समर्थन अपेक्षित है। महिला उद्यमियों के लिए सहायता-महिला उद्यमियों के लिए बढ़ा हुआ समर्थन, जिसमें क्रेडिट, मेंटरशिप प्रोग्राम और बिजनेस अनुदान तक पहुंच शामिल है, अधिक मध्यम वर्ग की महिलाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने और बढ़ाने के लिए सशक्त बना सकता है। जलवायु परिवर्तन और सतत जीवन। साइबर सुरक्षा उपाय-व्यक्तिगत डेटा और ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा उपाय एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है। मध्यम वर्ग साइबर खतरों से सुरक्षा के लिए मजबूत नीतियां चाहता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024 के लिए केंद्रीय बजट पेश करने की तैयारी कर रही हैं, मध्यम वर्ग एक ऐसे बजट की प्रतीक्षा कर रहा है, जो उनकी मूल चिंताओं और आकांक्षाओं को संबोधित करता हो। आयकर राहत, किफायती आवास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल में सुधार और मजबूत सामाजिक सुरक्षा उपाय उनकी अपेक्षाओं में सबसे आगे हैं। इन उम्मीदों के अनुरूप बजट न केवल मध्यम वर्ग का उत्थान करेगा, बल्कि राष्ट्र के समग्र विकास में भी योगदान देगा।

## सोशल फोरम

# कवि के घर चोरी का प्रायश्चित

चोर ने लिखा-पता होता, कवि का घर है तो चोरी नहीं करता-इस घटना पर बहुत से मित्र लिख चुके हैं। फिर भी मुझे जरूरी लगा कि कुछ कहा जाए। मराठियों में जातीय चेतना बंगालियों से कम नहीं है। उद्धत भावना कुछ ज्यादा ही है, लेकिन वह तभी आक्रामक होती है जब उसे उकसाया या मर्माहत किया जाता है।

जातीय चेतना का नतीजा है कि मराठी भाषी राजनीतिज्ञ भी भाषा और साहित्य के सम्मेलनों में अवश्य जाते हैं। किसी समय महाराष्ट्र, खासकर मुंबई, फिल्मों का ही नहीं, नाटक, रंगमंच और साहित्य का बड़ा केंद्र था। यह इप्टा (जन नाट्य संघ) और प्रगतिशील लेखक संघ का युग था। इस आंदोलन ने दो महान काम किए। एक, जनजागरण में महती भूमिका निभाई, दो, जाति-धर्म के बंटवारे से परे सभी कलाकारों को समान महत्व और पहचान दी। जिस मराठी कवि नारायण सुर्वे के घर चोरी हुई, वे प्रगतिशील आंदोलन की देन थे। जैसे शंकर शैलेंद्र थे। वे महाराष्ट्र में इतने लोकप्रिय थे कि उनके काव्यपाठ में डेढ़-दो लाख लोग सुनने आते थे। न बताया जाए तो पता ही न चलेगा कि वे अत्यंत निम्न वर्ण से आते थे, लेकिन उनका सामाजिक सम्मान आज भी कितना है, यह इसी से जाहिर है कि जब चोर को मालूम हुआ कि उसने नारायण सुर्वे के घर पर चोरी की है तो वह सामान लौटा गया। रामविलास शर्मा की दोस्ती नारायण सुर्वे से वैसी ही थी जैसी शैलेंद्र से।


अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

स्टालिन के निधन के बाद सोवियत संघ में उनके खिलाफ प्रचार शुरू हुआ। शैलेंद्र आगरा जाकर रामविलास जी से मिले। मुंबई (तब बंबई) की एक जनसभा में रामविलास जी मौजूद थे। नारायण सुर्वे को कविता पढ़नी थी। पार्टी नेताओं को उसके बाद बोलना था। दो लाख श्रोता उपस्थित थे। उनकी आंखों देखी लोकप्रियता का वर्णन रामविलास जी से मैंने एकाधिक बार सुना था। जातीय चेतना और सांस्कृतिक प्रभाव मनुष्य को अंदर से बदल देते हैं। चोरी तो जीवन की विडंबनाओं और विवशताओं का नतीजा है, लेकिन यह नैतिकता सांस्कृतिक प्रभाव की देन है, जिसके चलते चोर अपनी भाषा के एक महान कवि के घर चोरी का प्रायश्चित करता है।

-फेसबुक वॉल से

# निर्णय वापसी से क्या असंतोष मिट गया

उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षकों की स्कूलों में समय से उपस्थिति की अनिवार्यता का आदेश वापस ले लिया गया, क्योंकि यह एक बड़ा राजनैतिक मुद्दा बनने को अग्रसर हो चुका था। समाजवादी पार्टी के मुखिया ने इसका मुखर विरोध करना शुरू कर दिया था। शिक्षकों का एक विशाल वोट बैंक है। सोशल मीडिया पर ऐसी तमाम पोस्ट अपडेट होती रहीं, जिसमें कहीं यह फैसला सरकार वापस न ले ले इसके विरुद्ध वातावरण बनाया जाता रहा। उनका प्रकारांतर से यही मकसद था कि शिक्षकों के असहयोग को निरंतर हवा दी जाए और विधानसभा के आसन्न चुनावों तक मामले को खींचा जाए, जिससे भाजपा को चुनाव में इसकी हानि उठानी पड़े। आखिर उनके मन की नहीं हुई और फिलहाल सरकार को इस निर्णय से पीछे हटना पड़ा, किंतु क्या सरकार के इस निर्णय के वापस ले लेने से भाजपा को जो संभावित हानि होती वह दुर्संभावना टल गई? मेरी और मेरी तरह की सोच रखने वाले बहुत से लोग इस निर्णय से निराश हुए हैं।


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

दरअसल राजनीति में समझौतावादी रवैया या तुष्टिकरण के हानि लाभ दोनों रहे हैं। मगर कभी-कभी ये नुस्खे बैकफायर भी करते हैं और लाभ के बजाय नुकसान कर जाते हैं। भाजपा अपने दृढ़ निश्चयों के कारण जानी जाती रही है। खासकर उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी की उनके कठिन निर्णयों के चलते एक बड़ी फैन फॉलोविंग है। चाहे वह शाहीन बाग पर भाजपा के अनिर्णय का ढुलमुल रवैया रहा हो या किसानों से संबंधित एक प्रगतिगामी अधिनियम को दबाव में आकर वापस लेने का, एक बड़े जन समुदाय (किसान समाहित) को यह रास नहीं आया था। फैसले वापस ही क्यों लिए जाएं यदि वे सोच समझ कर लिए जाएं। एक बार कोई निर्णय लेकर मुकरना तो कमजोरी ही दर्शाता है। भाजपा प्रशंसक इससे निराश ही होते हैं। उन्हें तो एक ऐसे राजनीतिक दल में अपना आदर्श दिखता है, जो आक्रामकता के साथ जनहित और राष्ट्रहित के मुद्दों को अमली जामा पहनाए। ढुलमुल नीति से तो नुकसान ही होता लगता है।

शिक्षकों की समय से डिजिटल उपस्थिति का निर्णय यदि सुचिंतित था तो उसे वापस लेने का क्या औचित्य था? क्या इससे शिक्षकों का नाजायज असंतोष मिट गया? नहीं, वे अब भी इस निर्णय को सरकार की मजबूरी समझकर पूरी उग्रता से राजधानी लखनऊ में इकट्ठा होने को लामबंद हो रहे हैं। भाजपा नीत सरकार ने उनकी समय से उपस्थिति को सुनिश्चित करने की दिशा में एक दृढ़ निश्चय का जो उपक्रम किया था तमाम अभिभावक, आमजन इससे खुश था और यह एक सही कदम था। सही निर्णय था। इसे वापस लेने से सरकार को झुक जाने का ही प्रतिकूल संदेश गया है। जब सभी लोकसेवकों को समय से उपस्थित रहने की अनिवार्यता है तो क्या प्राथमिक शिक्षक लोकसेवक नहीं हैं? उन्हें अपवाद क्यों माना जाए? आखिर जनता के टैक्स से वे भी एक अच्छी खासी सैलरी पाते हैं। सरकारें ऐसे ही झुकती रहीं तो कितने ही जनहित के सही दिशा में लिए गए फैसले खटाई में पड़ते जाएंगे।

# रावण का यह रूप भी

लंकापति रावण का सीता हरण वाल रूप ही बहु प्रचलित है और इसके परिणामस्वरूप प्रतिवर्ष उनकी प्रतिमा बनाकर जलाने की परंपरा चल पड़ी है। यह मात्र एक नकारात्मक पहलू है। दरअसल रावण में अनेक गुण भी थे और उन्होंने संसार को काफी कुछ दिया भी है, किंतु इन सकारात्मक पहलुओं को लोग विस्मृत किए हुए हैं। रावण परम विद्वान, उत्तम कुल के ब्राह्मण और पुलस्त्य ऋषि के नाती थे। वे परम शिव भक्त थे, अपने समय के सर्वश्रेष्ठ शैव थे वे। वे चार वेद और छह शास्त्र के ज्ञाता थे, इसीलिए उन्हें दशानन कहा गया। उनका विग्रह बनाते समय दश शीशों के ऊपर एक गधे का शिर भी बनाया जाता है। इसका अर्थ है कि वे पांचवें वेद मान्य आयुर्वेद में भी पारंगत थे। गद का अर्थ है रोग और 'हा' से अभिप्राय है "हरण करने वाला" यानी वैद्य! गदहा का मतलब चिकित्सक से है और इसी को विकृत करके गधे का शिर उनके ऊपर लगा दिया जाता है।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

रावण ने प्रसिद्ध "शिव तांडव" स्तोत्र लिखा, जो शिव जी की दो प्रसिद्ध स्तुतियों में से एक है। दूसरी स्तुति है "शिव महिम्न" जिसे आचार्य पुष्पदंत ने प्रणीत किया। रावण ज्योतिष के प्रकांड विद्वान थे और उनकी "रावण संहिता" ज्योतिष, हस्तरेखा आदि पर संसार का मार्गदर्शन कर रही है। उन्होंने 'नाड़ी परीक्षा', 'कुमार तंत्र', 'दस पटलात्मक' आदि आयुर्वेद ग्रंथ लिखे, जैसा कि ऊपर बताया गया है। उनका 'दस शतात्मक अर्क प्रकाश' ग्रंथ चिकित्सा और तंत्र दोनों पर है। वे महान तांत्रिक भी थे। कुल मिलाकर उन्होंने 13 ग्रंथ सृजित किए। शिव जी के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रसिद्ध "वैद्यनाथ धाम" के स्थापक रावण ही हैं, जो देवघर झारखंड में विराजमान हैं। इन्हें रावणेश्वर भी कहते हैं।

कंबन रामायण (इरामावतारम्) के अनुसार श्रीराम द्वारा 'रामेश्वरम्' ज्योतिर्लिंग की स्थापना के समय पौरोहित्य कर्म रावण ने ही किया था और यजमान राम को "विजयी भव" का आशीर्वाद भी दिया था। राम ने जामवंत को भेजकर उन्हें पुरोहित बनने का सादर आमंत्रण भेजा था, क्योंकि उन्हें स्थापना सबसे बड़े शिव भक्त पंडित से ही करवानी थी और यह शर्त रावण ही पूरी करते थे। मध्य प्रदेश के विदिशा के रावण ग्राम व कानपुर के शिवाला, राजस्थान के कोटा में रावण के मंदिर और मूर्तियां हैं, जिनकी यथा समय पूजा होती है। कानपुर के शिवाला में सैकड़ों साल पहले महाराज गुरु प्रसाद शुक्ल ने रावण की मूर्ति स्थापना करवाई थी, जिसकी पूजा वर्ष में एक बार दशहरे के दिन ही होती है। मान्यता है कि रावण ने देवी छिन्नमस्ता को प्रसन्न कर लिया था और उन्होंने वरदान दिया था कि 'मेरी पूजा तभी पूर्ण होगी, जब रावण की भी पूजा की जाएगी'।

# तुलसीतीर्थ में गहराया बिजली संकट, आंदोलन की धमकी

## उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)



बिजली आपूर्ति के संबंध में एसडीएम को ज्ञापन देते समाजसेवी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील मुख्यालय और गांव-मजरों में बिजली की किल्लत बढ़ती जा रही है। गुरुवार को समाजसेवियों ने गहराते बिजली संकट पर उप जिलाधिकारी प्रमोद झा को ज्ञापन दिया। मांग की कि भीषण गर्मी के मद्देनजर आपूर्ति दुरुस्त कराई जाए। समस्या का समाधान न होने पर उपभोक्ताओं ने आंदोलन की धमकी दी है।

समाजसेवियों का कहना था कि तुलसीतीर्थ के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से बिजली की आंखमिचौली हो रही है। धान की बेड़ सूख रही है, जिससे किसानों में आक्रोश है।

सामाजिक कार्यकर्ता सुनील मिश्रा, शंकरदयाल जायसवाल, प्रमोद द्विवेदी, श्रवण कुमार पांडेय, अखिलेश द्विवेदी आदि ने आरोप लगाया कि इस संकट के पीछे बिजलीकर्मियों की लापरवाही दोषी है। कभी लो वोल्टेज आता है तो कभी फाल्ट के नाम पर घंटों बिजली ठप रहती है। इससे जलापूर्ति भी प्रभावित हुई है। लोग नदी का प्रदूषित पानी पीने को मजबूर हैं। इस संबंध में एसडीएम ने बताया कि अधिशासी अभियंता विद्युत से पत्राचार किया गया है और समस्या के निदान के लिए कड़े निर्देश दिए हैं।

- विभाग के कर्मचारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप

### धरने पर बैठेंगे विधायक

**चित्रकूट।** सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिले में अघोषित बिजली कटौती, लो वोल्टेज की समस्या आदि को लेकर शुक्रवार को धरना देने का ऐलान किया है। सपा विधायक ने बताया कि लगभग एक सप्ताह से शहरी और ग्रामीण इलाकों में बिजली का अत्यधिक संकट है। कई जगहों पर दिन में चार घंटे ही आपूर्ति मिल रही है। रात में भी बिजली गुल रहती है। ऐसे में शुक्रवार को सुबह दस बजे से जनता के साथ पटेल तिराहे के पास बिजली विभाग के कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

### पांच दिन में सुधारें व्यवस्था

समाजसेवियों ने आगाह किया है कि पांच दिन के अंदर विद्युत आपूर्ति दुरुस्त न हुई तो लोग आंदोलन को विवश होंगे। बताया कि अधिशासी अभियंता व सहायक अभियंता विद्युत वितरण उपखंड राजापुर के स्थानांतरण के बाद मीटर विभाग के लोगों को चार्ज दिया गया है। इससे भी आपूर्ति प्रभावित हुई है। कर्मचारी निरंकुश हैं।

# दुबई में फांसी की सजा पाई युवती को न्याय दिलाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- रोटी बैंक सोसाइटी ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजे ज्ञापन

**अमृत विचार।** रोटी बैंक सोसाइटी ने दुबई में फांसी की सजा पाई युवती को न्याय दिलाने को आगे आई है। सोसाइटी ने कलक्ट्रेट में राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपकर प्रकरण की जांच कराने की मांग की है।

रोटी बैंक सोसाइटी के अध्यक्ष सलमान खान के नेतृत्व में सोसाइटी के एक प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को देते हुए बताया है कि मटौंध थाना क्षेत्र अंतर्गत गोयरा मुगली निवासी शहजादे खान जो कि सोसाइटी की सदस्य भी थी। कुछ वर्ष पूर्व इंटरनेट मीडिया के माध्यम से अपने साथी के साथ जुड़कर आगरा गईं और वहां से दुबई चली गई थीं। जहां पर उसे बच्चे की हत्या के आरोप में फांसी की सजा सुनाई गई है, जबकि परिजनों द्वारा थाना मटौंध में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। जिसकी सही विवेचना कराकर उचित न्याय दिलाने का प्रयास किया जाए। उन्होंने राष्ट्रपति से अनुरोध किया है कि पूरे मामले की जांच कराकर आरोपी की सकुशल वतन वापसी का प्रयास किया जाए।



ज्ञापन देने जाते रोटी बैंक के कार्यकर्ता। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



मृतक के परिजनों से मुलाकात करते कांग्रेसी। अमृत विचार

### कांग्रेसियों ने की अंशु के परिजनों से मुलाकात

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** आर्यनगर निवासी युवक अंशु सिंह पुत्र स्व. नत्थू के परिजनों से मुलाकात करने गुरुवार को कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल उनके घर पहुंचा। कांग्रेसियों ने घटना की जानकारी की और न्याय दिलाने का भरोसा दिया। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, उपाध्यक्ष राहुल राय, महासचिव अंशु तिवारी, सचिव राजीव लोचन निषाद, जिलाध्यक्ष चित्रकूट कुशल पटेल, बांदा प्रद्युम्न दुबे उर्फ लालू दुबे, सदस्य अखिल भारतीय कांग्रेश पंकज मिश्र, प्रतिभा अटल पाल, रंजना पांडेय, निर्मला भारती शामिल रहीं। मृतक के घरवालों ने घर की माली हालात की जानकारी दी।

### 16 दिन में हटाए गए विपिन, अव्यक्तराम को मिली कमान

**बांदा।** बेसिक शिक्षा विभाग में इन दिनों में तबादला एक्सप्रेस फर्राटा भर रही है। एक पखवाड़ा पहले यहां बीएसए बनाए गए विपिन कुमार को शासन ने चलता कर दिया है। अब अव्यक्तराम तिवारी को यहां का नया बेसिक शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है। गुरुवार को शासन स्तर से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का एक बार फिर से तबादला कर दिया गया है। यहां आंग्ल भाषा प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज एसोसिएट प्रोफेसर रहे अव्यक्तराम तिवारी की तैनाती की गई है। बता दें कि बीती दो जून को ही यहां तैनात रहीं प्रिंसी मौर्य को हटाकर विपिन कुमार की नियुक्ति की गई थी। हालांकि विपिन कुमार यहां आने से पहले औरैया जिले में अपने पूर्व कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में फंसे थे और इसे लेकर शासन की खासी किरकिरी हुई थी। बताया जाता है कि भ्रष्टाचार के आरोपों में फंसे विपिन कुमार महज कुछ सालों बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बनाए जाने पर सत्ता के गलियारों में भी चर्चाओं का बाजार गरम हो चला था। ऐसे में शासन ने गुरुवार को उन्हें यहां से हटाकर राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ में समग्र शिक्षा विशेषज्ञ बना दिया गया है।



अव्यक्तराम तिवारी।

### चौबीस घंटे बाद यमुना से निकाले ननद-भाभी के शव

**मऊ (चित्रकूट)।** वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान यमुना नदी में डूबीं ननद और भाभी के शव चौबीस घंटे बात एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिए। युवतियों के शव जैसे ही बाहर आए परिजनों में रोना पीटना मच गया। गौरतलब है कि बुधवार को मायन सिराने (विसर्जन) की रस्म के दौरान पुष्पा (22) पत्नी रामभरोष और उसकी ननद किरण (16) पुत्री कवलेश मऊ-महिला पुल के नीचे यमुना घाट में डूब गई थीं। एसडीआरएफ की टीम प्रभारी सूरज सिंह की अगुवाई में इनका पता लगाने में जुटी थी। गुरुवार सुबह लगभग 11 बजे टीम ने दोनों शवों को खोज निकाला। बताते हैं कि प्रत्यक्षदर्शियों ने जिस जगह पिलर नंबर 33 के पास ननद और भाभी के डूबने की बात कही थी, उससे कुछ ही दूरी पर इनके शव बरामद हुए। थाना प्रभारी विनोद कुमार राय एवं कस्बा इंचार्ज इंद्रजीत गौतम ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



किरण।



पुष्पा।



कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने जाते खंगार समाज के लोग। अमृत विचार

### खंडित प्रतिमा को शीघ्र बदलने की मांग

**बांदा।** खंगार क्षत्रिय समाज ने बबेरू बाईपास में अराजकतत्वों द्वारा महाराजा जूदेव खेत सिंह खंगार की प्रतिमा को खंडित किए जाने पर आक्रोश जताया। खंगार क्षत्रिय समाज ने गुरुवार को कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी व अपर एसपी को ज्ञापन सौंपकर खंडित प्रतिमा को शीघ्र बदलने की मांग की। खंगार क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष कृष्ण किशोर सिंह खंगार के नेतृत्व में जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया। बबेरू बाईपास स्थित महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव की लगाई गई प्रतिमा जो कि अराजकतत्वों द्वारा पिछली 15 जुलाई को क्षतिग्रस्त कर दी गई थी, को लेकर समाज के लोगों में खासा आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन देने में रामकिशोर सिंह राणा, रामकिशोर ठेकेदार, रामकिशोर बाल, श्याम बाबू सिंह खंगार, चंद्रपाल सिंह खंगार, करन सिंह, भेला सिंह, अरुण सिंह, नरेंद्र सिंह, आरबी सिंह, दीनदयाल, लल्लू खंगार, अखिलेश खंगार, कामता, रामभरोसे, हरनाम, विजय, राजेश आदि शामिल रहे।

### लोगों का आरोप, फिर भी जारी है अनियमितता

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** कस्बे में बरेठी रोड पर शांती देवी इंटर कालेज के पास विधायक निधि से किए जा रहे 150 मीटर लंबी नाली निर्माण में अनियमितता जारी रहने का आरोप लगाया है। इनका कहना है कि बीते दिनों सच्चिदानंद प्रसाद परियोजना निदेशक जिला ग्राम विकास अभिकरण ने मौका मुआयना भी किया था। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, जांच रिपोर्ट के बाद इस नाली के पुनर्निमाण के आदेश भी जारी हुई थे। लोगों का कहना है कि इसके बाद भी विभागीय लोग मनमानी पर उतारू हैं। गुरुवार को नाली में खराब ईंटों को बिछाकर ऊपर से कम मात्रा में सीमेंट डालकर खानापूरी की गई। प्रशासन से इस ओर ध्यान देने का अनुरोध किया गया है।

### आंबेडकर पार्क का सुंदरीकरण कराने की मांग

**बांदा।** शहर के आवास विकास मोहल्ला निवासी नगर पालिका में स्वच्छता मिशन के ब्रांड एम्बेसडर समाजसेवी कुलदीप शुक्ला ने शहर के कचेहरी चौराहा स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क के सुंदरीकरण की मांग की है। उन्होंने नगर पालिका चेयरमैन मालती गुप्ता बासू और अधिशासी अधिकारी नीलम चौधरी को पत्र लिखकर पार्क की दुर्दशा से अवगत कराया है।

### गोदाम से 28 बोरा गुटखा चोरी

**नरैनी।** कस्बा निवासी व्यापारी चुन्नी गुप्ता मुख्य चौराहे पर किराना की दुकान चलाते हैं। सुभाष नगर में गोदाम बनाए हुए हैं। गत दिवस चोर खिड़की तोड़कर गोदाम में घुस गए और 28 बोरा राजश्री गुटखा चुरा ले गए। जिसकी कीमत लगभग चार लाख रुपये बताई गई है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सैनी ने कहा चोरी का जल्द खुलासा किया जाएगा।

### पालिका की कार्यशैली पर लगाए सवालिया निशान

**चित्रकूट।** पूर्व सभासद सुशील श्रीवास्तव नेता ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर नगरपालिका परिषद की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाए हैं। सुशील का आरोप है कि पालिका नजूल की तुलसी स्मारक की भूमि को बिना फ्री होल्ड कराए कार्यालय बनवा रही है, जो नियमविरुद्ध है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1915 से लगातार तुलसी स्मारक के नाम पट्टा नवीनीकृत हो रहा है और यह 2025 तक के लिए आवंटित है। उन्होंने जमीन पालिका के नाम फ्री होल्ड की गई है अथवा नहीं, क्या प्रशासन ने पालिका को निर्माण करने के लिए अनुमति प्रदान की है आदि प्रश्नों पर जांच कराने का अनुरोध किया है।

### जंगल में महिला पर भालू का हमला, लहूलुहान

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** ग्राम पंचायत किहुनिया निवासी कलबतिया पत्नी मुन्ना को गुरुवार को मारकुंडी जंगल में भालू ने उस समय हमला करके लहूलुहान कर दिया, जब वह लकड़ियां लेने गई थी। उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि महिला की चीख सुनकर उसकी जेठानी पहुंच गई, जिसने भालू को भगाया अन्यथा उसकी जान पर भी बन सकती थी। महिला के हाथ में गंभीर चोट आई है।

## एक नजर

### ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबकर युवक की मौत

**राजापुर (चित्रकूट)।** ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दबकर एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को सगवारा निवासी चुनबाद गर्ग (40) पुत्र केदार गर्ग एक ट्यूबवेल की बोरिंग के पास खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे बैठा था। ट्रॉली में लदी गिट्टी उतारते समय संतुलन बिगड़ने से यह चुनबाद के ऊपर जा गिरी और उसकी दबकर मौत हो गई। बताया जाता है कि पूर्व प्रधान बोर करा रहे थे और बोरिंग में डालने के लिए ट्रैक्टर से गिट्टी मंगाई थी। ट्रॉली ईंटों के सहारे खड़ी थी। मजदूर ट्रॉली से गिट्टी का कुछ ही हिस्सा निकाल पाए थे कि यह असंतुलित हो गई। सूचना पाकर एसआई अंकित सिंह मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### निधन पर शोकसभा

**सीतापुर (चित्रकूट)।** ग्रामोदय विश्वविद्यालय में सहायक पद पर कार्यरत खूंटी प्रसाद प्रजापति का आकस्मिक निधन हो गया। गुरुवार को कुलपति प्रो. भरत मिश्रा की अध्यक्षता में शोकसभा हुई। कुलसचिव प्रो. आरसी त्रिपाठी व अन्य शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर दी जानकारी

**चित्रकूट।** गोवंशों की हो रही मौतों से दुखी गोरक्षक सेना के अध्यक्ष विपिन कश्यप ने मुख्यमंत्री को इसकी जानकारी दी है। कश्यप ने कहा कि इसमें सबसे बड़ी लापरवाही ग्राम प्रधानों की है। गोवंशों को गौशालाओं में नहीं बंद किया जा रहा। प्रशासन भी ध्यान नहीं दे रहा। बताया कि मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से सूचना दी गई है।

### जगह-जगह अवैध रूप से डंप है बालू-गिट्टी

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** कस्बे में जगह-जगह अवैध रूप से बालू और गिट्टी के डंप किए जाने से राजस्व को भारी क्षति पहुंच रही है। लोगों ने नाम छिपाते हुए आरोप लगाया कि इसमें कुछ विभागीय लोगों की शह है, जिससे ये डंप संचालित हैं। ये लोग ट्रकचालकों से अवैध रूप से बालू खरीदकर डंप कर लेते हैं और रेट बढ़ाकर खुलेआम बेच रहे हैं।

# बाढ़ के मद्देनजर मप्र के अफसरों से बनाएं समन्वय



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- जिलाधिकारी ने बैठक में मातहतों को दिए निर्देश

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गुरुवार को बाढ़ आशंका के मद्देनजर तैयारी बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सीमावर्ती गांवों में मप्र के अधिकारियों के भी संपर्क में रहें, जिससे लोगों को ज्यादा से ज्यादा राहत दी जा सके।

एडीएम उमेश चंद्र निगम ने बताया कि जिले के 68 गांव बाढ़ प्रभावित होते हैं। ज्यादा बारिश होने पर संख्या 103 तक पहुंच जाती है। यमुना व मंदाकिनी के आसपास 18 बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं। डीएम ने उप जिलाधिकारियों को बाढ़ संभावित इलाकों का मुआयना करने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली, सिंचाई, राहत सामग्री वितरण, पशुओं के लिए भूसा, स्वास्थ्य सेवा, सफाई आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। सीओ को बरदहा नदी में आने वाली बाढ़ के मद्देनजर आवागमन के संबंध में व्यवस्थाएं अभी से करने के निर्देश दिए।

# छापेमारी करें, नहीं बिकनी चाहिए अवैध शराब

- कानून व्यवस्था, अभियोजन संबंधी बैठक

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि पुलिस टीम के साथ संयुक्त छापेमारी करें। कहीं भी जहरीली शराब नहीं बिकनी चाहिए।

डीएम ने गुरुवार को कानून व्यवस्था, अभियोजन व नारकोटिक्स के संबंध में बैठक की। सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि तामीला में प्रगति कराए। टॉप टेन अपराधियों पर एडीजी स्तर से मानीटरिंग होती है। काम न करने पर संबंधित थानाध्यक्ष पर कार्रवाई होगी। डीएम ने ओवरलोडिंग व अवैध खनन के संबंध में पुलिस, राजस्व व खनन विभाग की संयुक्त टीम को महीने में दो-तीन बार अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए सघन चेकिंग करें। उधर, गुरु पूर्णिमा व श्रावण मास प्रारंभ के संबंध में हुई बैठक में डीएम ने प्रमुख मंदिरों में सफाई आदि व्यवस्थाओं के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन जगहों पर सादे कपड़ों पर भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए। डीएम ने राजापुर में तुलसी महोत्सव और कावड़ यात्रा के संबंध में भी निर्देश दिए। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित किया कि ट्रैक्टर ट्राली से भीड़ नहीं आनी चाहिए। इस मौके पर विभिन्न विभागीय अधिकारी ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी दिनेश त्रिपाठी, जिला शासकीय अधिवक्ता श्यामसुंदर मिश्रा व शासकीय अधिवक्ता आदि मौजूद रहे।

# सांसद ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**बांदा।** लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पैलानी डेरा, चैकीपुरवा, कानाखेड़ा, भुइयां रानी, नरौली, चंदवारा, जिउला डेरा, झंझरी पुरवा, जसपुरा में प्रथम आगमन पर सांसद अजेंद्र सिंह राजपूत का ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान सांसद ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया।। सपा के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री विशंभर प्रसाद निषाद, किसान नेता पुष्पेंद्र सिंह चुनाले, रामप्रकाश निषाद, बृजेश यादव, फौजी दिनेश चैहान, जयविजय सिंह, अधिवक्ता रामकिशोर पाल, हरिओम सिंह, शिवभूषण सिंह गौतम, शिवम सिंह, सुरेश सिंह, नीरज कश्यप, रामकरण निषाद, शिवशंकर निषाद, नरौली प्रधान अमर यादव, पूर्व प्रधान नरजिता नारायण यादव, पदम यादव समेत तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 16 बच्चों के बने दिव्यांग प्रमाणपत्र

**राजापुर (चित्रकूट)।** कंपोजिट विद्यालय में गुरुवार को दिव्यांग बच्चों के लिए शिविर लगा। इसमें 33 छात्र-छात्राओं का नामांकन हुआ और 16 के प्रमाणपत्र बने। 15 को चिकित्सक दल ने अयोग्य पाया। यह जानकारी बीएसए बीके शर्मा ने दी।

बच्चों की जांच डा. संतोष कुमार आर्थोपेडिक सर्जन की अगुवाई में डा. रामनरेश राजपूत, अरुण आर्या, नरेंद्र पटेल, रिजवाना और डा. शिवशरन सिंह ने की। शिविर के आयोजन में जिला समन्वयक, समेकित शिक्षा संदीप कुमार सिंह, गुड़िया त्रिपाठी, संजय पांडेय, चंद्रकेश ध्यान सिंह का सहयोग रहा।

# समय से पूरी की जाएं पौधरोपण की तैयारियां

कार्यालय संवाददाता, बांदा




बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी नागेंद्र प्रताप। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कलक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी नागेंद्र प्रताप ने वृक्षारोपण समिति की बैठक में 20 जुलाई से पूरे जिले में आयोजित होने वाले विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम की तैयारियों को समय से पूरा कराने के निर्देश सभी जिला स्तरीय अधिकारियों व खंड विकास अधिकारियों को दिए। कहा कि पौधरोपण के पश्चात हरितिमा एप को डाउनलोड कर उसमें वृक्षारोपण की फोटो सहित शत प्रतिशत जीओ टैग कराया जाए।

जिलाधिकारी ने बताया कि 20 जुलाई को सुबह छह से शाम छह बजे तक पूरे जनपद के विभिन्न निर्धारित स्थलों में पौधरोपण प्रभारी मंत्री, जन प्रतिनिधियों तथा नोडल अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने वृक्षारोपण कार्यक्रम को जन आंदोलन के रूप में उत्सव की भांति कराए जाने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत वृक्ष वाटिका, मित्र वन, वैटलैंड संरक्षण वन में भी पौधरोपण किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार समेत सभी उप जिलाधिकारी व खंड विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी व संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**20** जुलाई से जन आंदोलन के रूप में चलेगा अभियान

### पूरे जिले में 67 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य

प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि जनपद में लगभग 67 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य है। वन विभाग के साथ 26 अन्य विभागों द्वारा इलेक्शन मोड पर पौधरोपण 20 जुलाई को किया जाएगा। वृक्षारोपण के अंतर्गत कृषि विश्वविद्यालय, नरैनी, बबेरू तहसील परिसर, ब्लाक परिसर तथा बिसंडा में तीन अमृत सरोवरों के साथ नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत कांशीराम पार्क, कच्चा तालाब अतर्रा चुंगी समेत कनवारा, मकरी खेड़ा, अलोना आदि गांवों में संचालित बड़ी गौशालाओं में पौधरोपण होगा।

समारोह | कमांडिंग आफीसर ने एनसीसी कैडेट्स को वितरित किए प्रमाण पत्र

# एनसीसी का महत्व बताकर देश सेवा में आगे आने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, बांदा




एनसीसी का महत्व समझाते कमांडिंग ऑफीसर। अमृत विचार



कैडेट को एनसीसी का प्रमाण पत्र देते कमांडिंग ऑफीसर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अलग-अलग स्कूल-कालेजों में भव्य समारोह के बीच एनसीसी कमांडिंग आफीसर ने 'ए', 'बी' और 'सी' प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण होने वाले कैडेट्स को प्रमाण पत्र वितरित किए। कमांडिंग आफीसर ने एनसीसी कैडेट्स से अपनी शक्ति व संयम का प्रयोग करते हुए जीवन के उच्चतम शिखर तक पहुंचने का आह्वान किया। कैडेट्स को एनसीसी का महत्व बताया।

आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में भव्य समारोह के बीच गुरुवार को 60वीं यूपी एनसीसी बटालियन कमांडिंग आफीसर बृजेश पठानिया ने जूनियर डिवीजन के 43 कैडेट्स को 'ए' तथा 87 कैडेट्स को 'बी' प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने एनसीसी के फायदे बताते हुए आरडी परेड, थल सेना, कैंप आदि का महत्व बताया। कहा कि यह प्रमाण पत्र कैडेट्स के जीवन में सभी कार्य क्षेत्र में काम आएगा। प्रमाण पत्र से विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी हासिल कर सकते हैं। कैडेट्स में उत्साह भरते हुए कहा कि वर्तमान उम्र अदम्य साहस और असीम शक्ति से भरपूर है। भारतीय सेना में असीम अवसर उपलब्ध हैं।

प्रधानाचार्य मेजर मिथलेश कुमार पांडेय ने कहा कि एनसीसी अनुशासन की पहली पाठशाला है। इस मौके पर बटालियन केयरटेकर राम प्रसाद, सूबेदार मेजर अर्जुन सिंह रावत, सूबेदार बिन बहादुर गुरुंग, वरिष्ठ लिपिक रितिक कुमार समेत तमाम कैडेट्स मौजूद रहे। संचालन चीफ आफीसर मंगल प्रसाद ने किया। कै"डेट्स ने कालेज परिसर में पौधरोपण किया।

### अतर्रा में 'ए' व 'बी' प्रमाण वितरित किए

अतर्रा कस्बा स्थित हिंदू इंटर कालेज में 'ए' व 'बी' प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कैडेट्स को एनसीसी कमांडिंग आफीसर कर्नल बृजेश पठानिया ने प्रमाण पत्र वितरित किए। कमांडिंग आफीसर ने कहा कि भारत में एनसीसी सबसे बड़ा संगठन है। कैडेट समाज में फैली हुई विभिन्न बुराइयों को दूर करने के लिए न सिर्फ जन जागरण अभियान चलाते हैं बल्कि रैलियों का आयोजन भी करते हैं।एनसीसी का उद्देश्य कैडेट्स का सर्वांगीण विकास है। इस दौरान एनसीसी चीफ आफीसर संतोष द्विवेदी को एनसीसी महानिदेशक नई दिल्ली द्वारा प्रदत प्रशस्ति पत्र के साथ मिलने वाली धनराशि का चेक भी सौंपा। प्रधानाचार्य डा.राकेश सिंह ने सभी का आभार जताया। सूबेदार मेजर अर्जुन ने प्रमाण पत्र वितरण में सहयोग किया।

# दुराचार के आरोपी को 10 साल की कैद

**बांदा।** अतर्रा क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग को 21 अक्तूबर 2020 की रात अमर वर्मा पुत्र रामलखन वर्मा अपने घर ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दुराचार समेत पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने आरोपी को घटना के दो दिन बाद गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन करते 18 नवंबर 2020 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। लोक अभियोजक सुनील गुप्ता ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की। साथ ही कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबिल विवेक सिंह तथा पैरोकार कांस्टेबिल पुष्पेंद्र कुमार के अथक प्रयासों से अभियुक्त को न्यायालय स्पेशल पॉक्सो एक्ट ने 10 वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया।

## एक नजर

### कोर्ट मैरिज से इंकार करने पर थाने में दी तहरीर

**बिवांर (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के मवई जार निवासी किरण देवी प्रजापति ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें बताया कि वह गुड़गांव में रहकर एक प्राइवेट कंपनी में कार्य करती है। कहा दिल्ली में कार्य करने वाले युवक ने तीन साल पहले उसके साथ कोर्ट मैरिज की थी। वह हर माह उसके पास आकर सैलरी ले जाता रहा है। अब युवक कोर्ट मैरिज होने से इंकार कर मारपीट कर रहा है। इससे आहत होकर पिता के पास आ गई है। पीड़िता के मामले में एसआई राजेश कुमार ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### हल्की बारिश में ही बंद हो जाती बिजली सप्लाई

**बिवांर (हमीरपुर)** कस्बे में बिजली का आलम यह है कि हल्की बारिश होने पर पावर हाउस से सप्लाई ठप कर दी जाती है। फोन पर जानकारी लेने पर कहा जाता है कि रोस्टिंग में गई है। जितनी देर पानी बरसता रहता है उतनी देर तो बिजली रहती ही नहीं है। इसके अलावा भी आपूर्ति काफी देर बाद चालू की जाती है। अवर अभियंता के फोन नहीं उठाने पर जानकारी नहीं मिल पाती है। वह सारे अनजान नंबरों को ब्लैक लिस्ट में डाले रहते हैं। इस मामले को कई बार उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। इस पर अधिकारी कहते हैं कि अभी वह बात कर बता रहे हैं, लेकिन रिप्लाई आज तक किसी के पास नहीं आया है कि कस्बे में बिजली की समस्या का समाधान हुआ या नहीं।

### किसान लापता, बेटे ने लिखाई गुमशुदगी

**सुमेरपुर( हमीरपुर )।** क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा में खेतों में जाने की बात कहकर घर से निकला किसान बुधवार को सुबह 9 :00 बजे से लापता है। लापता किसान के बेटे ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। टेढ़ा निवासी हर्ष सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसके पिताजी जितेंद्र सिंह उर्फ शीलू ( 50 ) बुधवार को सुबह 9 बजे घर से खेत जाने की बात कह कर निकले थे। तभी से लापता है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है।

### पति की मौत के बाद महिला बच्चियों को घर से निकाला

**बिवांर ( हमीरपुर )।** ससुरालियों से प्रताड़ित महिला ने अपने मायके वालों के साथ थाने में तहरीर दी। जिसमें पति की मौत के बाद ससुर पर घर से निकाले जाने का आरोप लगाया है। जनपद महोबा थाना कबरई के सुराहा गांव की पूजा पत्नी प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया उसकी ससुराल थाना बिवांर के मवई जार गांव में हैं। उसके दो नाबालिग बेटियां हैं। 6 नवंबर को पति की मौत हो गई थी। इसके बाद ससुर ने मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। तबसे मायके में रह रही है। तेरहवीं संस्कार में भी ससुर ने घर में नहीं घुसने दिया था। पुत्रियों की परवरिश कठिन दिखाई दे रही है। माता-पिता के साथ आई महिला ने थाना में तहरीर दी है। एसआई राजेश कुमार ने बताया कि महिला की तहरी के आधार पर जांच कर ससुर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# कंटेनर ने बाइक सवार मां-बेटे को मारी टक्कर, मां की मौत

## बेटी से मिलने उसकी ससुराल सुमेरपुर जा रही थी, मौके से कंटेनर भाग निकला

सवांददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के गोस्वामी ढाबा के पास हाईवे पर बाइक सवार मां बेटे को कंटेनर ने टक्कर मार दी। जिससे मां गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसकी सदर अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



माजदा बेगम।

मौदहा के हुसैनगंज निवासी मोहम्मद हनीफ की पत्नी माजदा बेगम ( 48 ) अपने पुत्र नफीस के साथ बाइक से बेटी से मिलने उसकी ससुराल सुमेरपुर आ रही थी। बुधवार देर शाम करीब आठ बजे गोस्वामी ढाबा के पास कंटेनर ने पीछे से ओवरटेक करते हुए टक्कर मार दी। जिससे माजदा बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। नफीस ने बताया कि घायल मां को देखने के लिए कंटेनर चालक नीचे उतरा। उनकी हालत देखकर चालक कंटेनर को भगाने का प्रयास किया। लेकिन बैक गियर पड़ जाने से कंटेनर मां के ऊपर चढ़ गया। जिससे उनकी हालत नाजुक हो गई और कंटेनर मौके से भाग निकला। बेटे ने बताया कि उन्हें सदर अस्पताल लाए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### दो बाइक की टक्कर में दंपति व बच्चा घायल

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के मसगवां गांव में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बाइक सवार दंपति व उनका बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा सभी घायलों को कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कस्बे के सिकंदरपुरा इलाके का निवासी विकास पुत्र सतीश चंद्र अपनी पत्नी पुष्पा देवी और 1 वर्षीय पुत्र ऋतिक के साथ जालौन जनपद के मुहाना गांव से वापस कस्बा आ रहा था। तभी रास्ते में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मसगवां के पास तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार विकास और उसकी पत्नी पुष्पा देवी के अलावा पुत्र ऋतिक भी सड़क पर गिरकर घायल हो गया।

# अलग-अलग घटनाओं में 4 लोग घायल, दो रेफर

संवाददाता, मौदहा(हमीरपुर)




- घायलों को राहगीरों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया
- सांप के काटे शख्स की हालत बेहद गंभीर बताई गई

**अमृत विचार।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को लहूलुहान हालत में राहगीरों की मदद से कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लोहारी गांव निवासी प्रमोद कुमार ( 35 ) पुत्र राम मूर्ति को गुरुवार की दोपहर जहरीले सर्प के काट लेने पर परिजनों ने आनन फानन कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी घटना में राम सिंह ( 55 ) पुत्र लल्लू महोबा निवासी बुधवार के दिन नेशनल हाईवे में जाते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने पर सड़क पर गिर घायल हो गए। लहूलुहान हालत में राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इसी प्रकार शिवम ( 19 ) पुत्र संजू गौरीगंज कानपुर एवं ओम ( 12 ) पुत्र बृजेश डिग्री कानपुर नेशनल हाईवे में सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। लहूलुहान हालत में राहगीरों की मदद से कस्बे की सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

## 'हदबंदी के बाद हुई पत्थर गड्डी को उखाड़ दिया'

**हमीरपुर।** तहसील राठ के गौहानी पनवाड़ी में हदबंदी से हुई पत्थर गड्डी के बावजूद विपक्षी पुलिस की मदद से दो किसानों के खेत में तारों व झांखरों को तोड़कर पक्का रास्ता बनाने के लिए सामग्री एकत्र कर ली है। इस मामले को लेकर किसानों ने जिलाधिकारी से शिकायत कर बनाए जा रहे रास्ते को रोकने की मांग की है।

गौहानी पनवाड़ी गांव निवासी कपूर चंद्र व उसके भाई अनंतराम ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि गाटा संख्या 127 रकबा 0.405 हेक्टेयर के वह काश्तकार हैं। उनके खेत से रास्ता निकालने पर उन्होंने वाद दायर किया। बताया कि हदबंदी होने के बाद राजस्व निरीक्षक ने पत्थर गड्डी कराकर उन्हें कब्जा दिया। इसके बावजूद गांव निवासी नूर मुहम्मद, इमामी खान, बृजेंद्र, देवकी, खलक सिंह, छत्रसाल, काशी प्रसाद, तुलसीराम, रामकृपाल, बफाती व कमलेश ने थाना मझगवां पुलिस के साथ उनके खेत के अंदर कब्जा करके रास्ता बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

आरोप लगाया कि खेत में लगे तार व झांखरों को जबरन तोड़ दिया है। साथ ही पक्का रास्ता बनाने के लिए सामग्री इकट्ठा करनी शुरू कर दी है। पीड़ित पत्र ने अवैध रूप से बन रहे रास्ते के निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है।



श्रीशल्लेश्वर मंदिर परिसर में हुई बैठक में मौजूद लोग। अमृत विचार

# श्रावण उत्सव की तैयारी को श्रीशल्लेश्वर मंदिर में मंत्रणा

सवांददाता, सरीला (हमीरपुर

**अमृत विचार।** श्रावण महोत्सव को लेकर प्राचीन श्री शल्लेश्वर मंदिर में बैठक संपन्न हुई। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।

नगर के प्राचीन श्री शल्लेश्वर मंदिर परिसर में गुरुवार को श्रावण महोत्सव को लेकर बैठक की गई। जिसमें 22 जुलाई प्रथम सोमवार को माहेश्वरी माता मंदिर भेड़ी डांडा से कावरिया जल भरकर जलालपुर, रहटिया, ममना होते हुये शल्लेश्वर मंदिर पहुंचेगे। द्वितीय सोमवार को चिराई माता मंदिर बसरिया से न्यूली बरहरा होते हुए, तृतीय सोमवार को दानीबाबा आश्रम चंडौत से धगवां लल्लू का डेरा, दादों से शल्लेश्वर मंदिर, चतुर्थ सोमवार को अखण्डानन्द आश्रम रिरुआ से हरसुंडी होते हुए मनकहरी से मंदिर पहुंच कर जलाभिषेक करेंगे। पांचवें सोमवार को इस्लामपुर से कांवरिया जल भरकर शल्लेश्वर मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। इससे पूर्व 10 अगस्त को नगर में शिव महापुराण की कलश यात्रा निकाली जाएगी। 19 अगस्त को शिव पुराण के समापन के बाद कन्या भोज का आयोजन होगा।

### पार्थिव शिवलिंगों का किया जाएगा निर्माण

सरीला। सावन महोत्सव के मौके पर पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया जाएगा। बैठक में समिति के पदाधिकारी व नगर के अरुण कुमार राजपूत, विन्द्रावन राजपूत, राजेन्द्र गुप्ता, देवेंद्र दाऊ, राजेन्द्र कुमार, राजेंद्र सोनी, नवल किशोर, वंश गोपाल, हीरा सिंह, लक्ष्मी नामदेव, लखन कुमार, शिव बालक, हरनारायण प्रजापति, रिंकू आदि लोग मौजूद रहे।

# अवशेष धनराशि न मिलने पर नोटिस

कार्यालय संवाददाता (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** 50 लाख से अधिक की निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने जिला महिला चिकित्सालय में कराए गए अग्निशमन व्यवस्था कार्य की जानकारी ली। जिसमें उपभोग प्रमाण पत्र प्रेषित किए जाने के उपरांत अवशेष धनराशि उपलब्ध कराने को लेकर किए गए पत्राचार के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करने के संबंधित को निर्देश दिए।




अधिकारियों के साथ बैठक लेते जिलाधिकारी राहुल पांडेय। अमृत विचार

- जिलाधिकारी ने 50 लाख से अधिक की योजनाओं की समीक्षा

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी निर्माण कार्यों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाएए इसमें किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। नई सड़कों का निर्माण तथा पुरानी सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य प्राथमिकता के साथ किया जाए। जिन परियोजनाओं में संपूर्ण धनराशि मिल गई है उनको शीघ्र पूर्ण किया जाए। सभी प्रकार की परियोजनाओं में धनराशि व्यय होने के बाद उसका उपभोग प्रमाण पत्र अवश्य दिया जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न परियोजनाओं में जो धनराशि अवमुक्त की जा रही है उसके सापेक्ष भौतिक प्रगति अवश्य प्राप्त होनी चाहिए।

ऐसी परियोजनाएं जिनका निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है उन्हें नियमानुसार समय से हैंडओवर करने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने जिला महिला चिकित्सालय में अग्निशमन व्यवस्था का कार्य का उपभोग प्रमाण पत्र प्रेषित किए जाने के उपरान्त अवशेष धनराशि उपलब्ध कराने के संबंध में किए गए पत्राचार के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करने के संबंधित को निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ चंद्र शेखर शुक्ला, डीआईओएस सहित विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि /अधिशासी अभियंता मौजूद रहे।

# फायरिंग के मामले में दूसरे पक्ष ने भी थाने में दी तहरीर

संवाददाता, मौदहा(हमीरपुर)

- ग्राम परछा में मंगलवार की देर रात हुई थी फायरिंग

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम परछा में मंगलवार की देर रात हुई फायरिंग के मामले में दूसरे पक्ष ने भी कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप अपने पुत्र पर गोली चलाने का आरोप लगाते हुए आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछा में मंगलवार की रात जब गांव में अलाव का कार्यक्रम संपन्न हो रहा था। तभी गांव में गोलियों की तड़तड़ाहट से माहौल खराब हो गया था। कार्यक्रम देख रहे लोग अपनी सुरक्षा को लेकर अपने घरों में दुबक गए थे। इस मामले में गांव के दबंग मुइनुद्दीन उर्फ जुम्मू ने गांव के इरफान व उसके साथियों के ऊपर आरोप लगाया है कि जब वह अलाव देखकर अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में इरफान ने अवैध तमंचे से उसके ऊपर फायर किया। वही इरफान की मां नूरजहां ने भी कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि दबंग जम्मू से उसके पुत्र ने जनवरी में दुकान खोलने के लिए 10000 ब्याज में लिए थे। जबकि वह उसके ब्याज स्वरूप 50000 जम्मू को अदा कर चुका है। लेकिन वह उसके बावजूद भी अभी 50000 और मांग रहा है। मंगलवार की रात जब उसका पुत्र अलाव देखकर घर आ रहा था तभी रास्ते में जम्मू व उसके दो साथियों ने उसे जान से मारने की नियत से फायर किया। जिससे इरफान बाल बाल बच गया। फिलहाल कोतवाली पुलिस इस घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी अभी जांच पड़ताल पर लगी हुई है। कोतवाली प्रभारी रामआसरे सरोज ने बताया की मामले जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप



उपमुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### उपमुख्यमंत्री को बताई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की समस्याएं

**मौदहा( हमीरपुर )।** निजी कार्यक्रम से लौट कर राजधानी जा रहे उपमुख्यमंत्री को बीजेपी के मंडल अध्यक्षों ने कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त समस्याओं को बताते हुए उनके समाधान की मांग की। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य विभाग की भी जिम्मेदारी निभा रहे ब्रजेश पाठक एक निजी कार्यक्रम से महोबा से अपने काफिले के साथ लखनऊ जा रहे थे। जिनका कस्बे के भाजपाइयों और मंडल अध्यक्षों ने बड़े चौराहे पर जोरदार स्वागत किया। साथ ही कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को लिखी जा रही बाहर की दवाओं, प्रसूताओं से मांगी जा रही घूस को बंद करने के साथ ही अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन और पेयजल के लिए नलकूप लगवाने की मांग की है। इस दौरान सैकड़ों भाजपाई मौजूद रहे।

### बच्चों को शिक्षा देने के लिए चलाए जा रहे संस्कार केंद्र

**राठ ( हमीरपुर )।** कस्बे के सरस्वती शिशु मंदिर पर चल रहे संस्कार केंद्र आचार्य वर्ग के चौथे दिन कानपुर प्रांत के प्रदेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद ने आचार्यों को बाल के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की। उन्होने कहा कि समाज में ऐसे बच्चें को विद्या भारती शिक्षा के मुख्य धारा में जोड़ने के लिए प्रत्येक नगर गांव बस्ती में संस्कार केंद्रों का संचालन कर रही है। समाज में उपेक्षित क्षेत्रों के बच्चों के पठन पाठन का कार्य हमारे शिशु मंदिर गोद लेकर संस्कार केंद्रों का संचालन कर रहे हैं। कहा कि इसमें समाज के लोगों का सहयोग भी मिल रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रांत संयोजक शिवसिंह, संभाग निरीक्षक शिवकरन सिंह, प्रधानाचार्य जयवीर सिंह समेत अनेक लोग रहे। प्रशिक्षण का संचालन जगमोहन ने किया।



प्रशिक्षण को संबोधित करते अयोध्या प्रसाद।

### आज 12 से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी कस्बे की बिजली

**राठ( हमीरपुर )।** बिजली व्यवस्था में सुधार को लेकर 19 व 20 जुलाई को 33 केवीए पावर स्टेशन में कार्य होगा। इसकी जानकारी अवर अभियंता वीके पांडेय ने दी। बताया कि पावर स्टेशन में 5 एमवीए का एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित होना है। बताया कि अभी दो ट्रांसफार्मरों से आपूर्ति की जाती थी। बताया कि दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक कस्बे की आपूर्ति पूरी तरह से बंद रहेगी।

### बिजली गिरने से महिला झुलसी, अस्पताल में भर्ती

**राठ( हमीरपुर )।** जरिया थाने के परछा गांव में तेज चमक और गरज के बीच बिजली गिरने से एक महिला चपेट में आकर झुलस गई। घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। गुरुवार की दोपहर परछा गांव निवासी कुसमा देवी पत्नी दयाराम कुशवाहा अपनी मकान के छत पर बने कमरे में भरे पानी को साफ कर रही थी। तभी अचानक उसी दौरान तेज गरज और चमक के साथ गिरी बिजली की चपेट में आने से वह झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसके बाद मौके पर मौजूद परिजनों ने तत्काल महिला कुसमा देवी को इलाज के लिए सीएचसी ले गए।

### बिजली गिरने से 13 बकरियों की मौत

**मौदहा ( हमीरपुर )।** गुरुवार की दोपहर बाद तड़तड़ाहट के साथ बिजली गिर जाने से एक ही गांव की सात बकरियां की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और तीन बकरियां गंभीर रूप से घायल हो गई सूचना पर पहुंचे डॉक्टरों की टीम ने घायल बकरियों का उपचार किया। विकासखंड के मदारपुर गांव में गुरुवार की दोपहर बाद बूंदाबांदी एवं तड़तड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिर जाने से खेत में चर रही सात बकरियों की मौत मौके पर हो गई। वहीं बकरियां चरा रहे चरवाहा बाल बाल बच गए। मरने वाली बकरियों में पांच बकरियां चुनूबाद, एक बकरी बुद्धू, एक बकरी निजामुद्दीन पुत्र शहीदा की थी। तीन बकरियां गंभीर घायल हो गई। सूचना पर पांच डॉक्टरों का पैनल घटनास्थल पर पहुंचकर घायल बकरियों का उपचार किया। ग्राम प्रधान अब्दुल्ला ने बताया दोपहर बाद बिजली गिरने से 7 बकरियों की मौत हो गई। वहीं बिवांर (हमीरपुर)के जल्ला मजरे में मलखान कुशवाहा अपनी 8 बकरियां खेत में चरा रहा था। तभी गड़गड़ाहट के साथ बारिश शुरू हो गई। उसकी बकरियां जामुन के पेड़ के नीचे खड़ी हो गईं। इसी दौरान बिजली गिरने से 6 बकरियों की मौत हो गई।

### दो पक्षों में गालीगलौज के बाद जमकर मारपीट

**कुरारा( हमीरपुर )।** थाना क्षेत्र के कुसमरा गांव दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पीड़ित पक्ष ने थाने में दो लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है Imकुसमरा गांव निवासी राहुल पुत्र छोटेलाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते बुधवार को घर के बाहर बैठा था। तभी मोहल्ले का बबलू पुत्र लल्लू मुझे देखकर अकारण गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करने लगा और शोर सुनकर उसका साथी बउवा पुत्र देवलाल आकर एक राय होकर मारपीट करने लगे। लोगों के एकत्र होने पर जान से मारने धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# खराब रैंकिंग पर जिलाधिकारी ने अफसरों पर चलाया 'चाबुक'

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग के संबंध में जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने विभागवार समीक्षा की। जिसमें खराब रैंकिंग पर डीसीएनआरएलएम एवं परियोजना निदेशक का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश दिए। सहायक निदेशक मत्स्य को शासन से पत्राचार करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास में खराब प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए। सभी विभाग किए गए कार्यो एवं प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पोर्टल पर समय से फीड करें। जनपद की किसी भी पैरामीटर में रैंक प्रभावित न होने पाए। सभी विभाग योजनाओं, कार्यक्रमों का सही क्रियान्वयन करें। बैठक में जिलाधिकारी ने उद्योग विभाग, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पंचायती राज, बेसिक शिक्षा, पशुपालन, कन्या सुमंगला, प्रोजेक्ट अलंकार, पीडब्ल्यूडी आदि की समीक्षा कर प्रगति में सुधार करने के निर्देश दिए।

# बिजली व्यवस्था को लेकर सपाइयों ने दिया ज्ञापन

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बिजली की अघोषित कटौती को लेकर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। गुरुवार को दर्जनों की तादाद में सपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के पास पहुंच कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

गौरतलब है कि कस्बे की चरमराई बिजली व्यवस्था से लोग इस भीषण उमस भरी गर्मी में परेशान हैं। जिसके चलते गुरुवार को सपा की राजपूत चंद्रवती वर्मा के नेतृत्व में दर्जनों सपा कार्यकर्ताओं ने रोष प्रकट करते हुए तहसील पहुंचे। जहां पर एसडीएम विपिन प्रकाश



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

शिवहरे को ज्ञापन सौंपा बिजली व्यवस्था दुरस्त कराने की मांग की। इस दौरान राजपूत चंद्रवती वर्मा ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि राठ तहसील में बिजली कटौती से आम जनमानस परेशान हो चुका है। इसके अलावा गांवों में रहने वाले किसान भी परेशान हैं। बताया कि बारिश न होने से किसानों के खेत में खड़ी खरीफ की फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गईं हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पूरी बिजली मुहैया कराने, बंद पड़े राजकीय नलकूपों को सही कराने और नया पावर स्टेशन बनाने की मांग की। विधान सभा अध्यक्ष गोकुल प्रसाद, ब्लॉक अध्यक्ष ईश्वर दास, मानवेंद्र यादव, मनप्यारे निषाद, जगदीश लोधी, सपा नगर अध्यक्ष मेराज राइन, लोहिया वाहिनी के नगर अध्यक्ष मुलायम लोधी, प्रताप लोधी, चरन सिंह, सुरेंद्र राजपूत, नरेश राजपूत, मोतीलाल, डा.शमीम, फिरोज, जगदीश, धर्मेंद्र राजपूत, दीपक यादव आदि कार्यकर्ता रहे।

## कानपुर-मानिकपुर मेमू 22 तक निरस्त

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** आगामी 22 जुलाई तक कानपुर से मानिकपुर के मध्य चलने वाली मेमू ट्रेन दोहरीकरण कार्य के चलते स्थगित रहेगी। वहीं अन्य यात्री ट्रेनें यथावत चलेगी। भीमसेन एवं खैरार जंक्शन के मध्य रेलवे के दोहरीकरण का कार्य होने के कारण पूर्व में 14 से 17 जुलाई के मध्य इस रूट की सभी ट्रेनों को निरस्त किया गया था। 18 जुलाई को कानपुर चित्रकूट इंटरसिटी को दोपहर में चलाया गया। यह शाम को अपने निर्धारित समय पर कानपुर के लिए वापस हुई। वहीं कानपुर से मानिकपुर के मध्य चलने वाली मेमू ट्रेन को 22 तक स्थगित कर दिया गया है। इसके अलावा खजुराहो कानपुर पैसेंजर ट्रेन भी 18 जुलाई को स्थगित रही।

टीबी से जंग — लगातार दो वर्ष तक टीबी मुक्त रहने वाली पंचायत को दी जाएगी सोने की प्रतिमा

# ग्राम पंचायत टीबी मुक्त हुई तो प्रधान को चांदी की प्रतिमा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायतों को स्वस्थ और खुशहाल बनाने के लिए पहले उन्हें टीबी मुक्त बनाया जाना है। इसके लिए टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान चलाया जा रहा है। पंचायत टीबी मुक्त हुई तो दूसरे वर्ष प्रधान को महात्मा गांधी की चांदी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया जाएगा। जबकि पहले वर्ष टीबी मुक्त हुई 13 पंचायतों को अभी तक पीतल की प्रतिमा नहीं मिल सकी है। जबकि लगातार दो वर्ष तक टीबी मुक्त पंचायत को सोने की प्रतिमा



मिलेगी।

केंद्र सरकार ने वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य दिया है। जिले में करीब 735 टीबी मरीजों का इलाज चल रहा है। इनमें लगभग 87 एमडीआर ( मल्टी ड्रग रेजिस्टेंस ) के मरीज शामिल हैं। 735 को पोषण किट दी जा रही है।

### इन बिंदुओं पर की जाएगी समीक्षा

जांच में प्रति हजार एक या उससे कम मरीज में टीबी की पुष्टि हो। कुल मरीजों में से 60 प्रतिशत का स्टेबिलिटी टेस्ट ( बीमारी के अनुरूप इलाज चलना ) जरूरी। गांव में पहले से मौजूद टीबी मरीजों में 85 फीसदी का सही होना जरूरी। गांव में टीबी संदिग्धों में 30 या इससे अधिक मरीज होना जरूरी। निक्षय पोषण योजना में सभी मरीजों को कम से कम एक किस्त ( एक हजार रुपये ) उनके खाते में पहुंचना जरूरी। अपनी सहमति साझा किए मरीजों को किसी व्यक्ति, कर्मचारी या संस्था द्वारा गोद लेकर पोषण किट दिया जाना।

प्रत्येक टीबी मरीज को हर महीने 500 रुपये मिलते हैं। अब ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य है। इसके लिए शासन स्तर पर प्रशिक्षण भी कराया गया है। दो मास्टर ट्रेनर बनाए गए हैं।

इनमें एक गोहांड व दूसरा सुमेरपुर का शामिल है। यह मास्टर ट्रेनर अपने-अपने ब्लॉक में प्रधानों और सीएचओ ( कम्युनिटी हेल्थ अधिकारी ) को प्रशिक्षण देंगे। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.बीपी सिंह ने बताया कि जिस पंचायत को टीबी मुक्त किया जाएगा, उससे पहले राज्य व केंद्र की टीम पहुंचकर शासन से निर्धारित बिंदुओं पर समीक्षा करेगी। इसके बाद जो भी ग्राम पंचायत टीबी मुक्त होगी। उस ग्राम पंचायत के प्रधान को प्रधानमंत्री महात्मा गांधी की चांदी की प्रतिमा व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे।

बताया अगर कोई ग्राम पंचायत लगातार दो वर्ष तक टीबी मुक्त रहती है तो उस ग्राम प्रधान को सोने की प्रतिमा दी जाएगी। बताया कि पहले वर्ष 14 में से 13 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हुई थी। जिन्हें पीतल की प्रतिमा सहित प्रशस्ति पत्र दिया जाना था। जिसकी रिपोर्ट बनाकर शासन स्तर को भेजी जा चुकी है।

# एआरटीओ ने 35 बसों का पंजीयन किया रद

## अवैध संचालन पर एआरटीओ ने की सख्त कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● कार्रवाई के चलते अवैध वाहन संचालकों में मचा हड़कंप

**अमृत विचार।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी महोबा दयाशंकर द्वारा बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के सड़कों पर दौड़ रही 35 बसों का रजिस्ट्रेशन निलंबित कर दिया गया है। खास बात यह है कि इन सभी बसों का मालिक करमचंद्र जैन जोधपुर राजस्थान का रहने वाला है ,जबकि सभी बसें केयर ऑफ के रूप में पुष्पेंद्र सिंह मवईखुर्द थाना खन्ना महोबा के नाम से पंजीकृत हुई हैं। एआरटीओं द्वारा एक साथ 35 बसों का पंजीयन निरस्त कर देने के बाद से बिना फिटनेस के चलने वाली बसों के वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया है।

जिले में सड़कों पर बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के दौड़ रही बसों पर एआरटीओ (सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी) दयाशंकर द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है।



इस कार्रवाई के तहत 35 बसों के पंजीयन को निलंबित कर दिया गया है। इन सभी बसों का पंजीयन जोधपुर, राजस्थान के करमचंद जैन के नाम पर है, जबकि ये महोबा निवासी पुष्पेंद्र के देखरेख में संचालित हो रही थीं। विभाग द्वारा बार बार फिटनेस प्रमाण पत्र खत्म होने की सूचना देने के बावजूद भी बसों का फिटनेस प्रमाण पत्र नहीं बनवाया गया, जिसके चलते एआरटीओ द्वारा यह कार्रवाई की गई है। जिले में इस कार्रवाई के बाद से अवैध रूप से बसों का संचालन करने वालों में हड़कंप मच गया है।

एआरटीओ ने बताया कि यह कार्रवाई सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की गई है और भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कहा कि महोबा जिले में किसी भी प्रकार के अवैध वाहन संचालन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग ने सभी वाहन मालिकों को अपने वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र समय पर बनवाने की अपील की है, जिससे इस प्रकार की कार्रवाई से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि यूपी95टी-4002, यूपी95टी-4154, यूपी 95टी-4264, यूपी95टी-4770, यूपी95टी-4413, यूपी 95टी-4727, यूपी95टी-4155 सहित 35 बसों का अवैध संचालन किए जाने पर तत्काल प्रभाव से पंजीयन निलम्बित की कार्रवाई अमल में लाई गई है।

# गौशालाओं में अव्यवस्था मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई

**कालपी(जालौन)।** गौशालाओं में गेवंशों की सुविधाओं एवं संरक्षण को लेकर प्रशासन तथा राजस्व विभाग के द्वारा कवायत तेज कर दी गई है। गुरुवार को ग्राम विकास अधिकारियों तथा लेखपालों की मौजूदगी में आयोजित बैठक में एसडीएम ने कहा कि गौशाला में अव्यवस्था पाई गई, तो जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

तहसील सभागार में आयोजित बैठक में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, खंड विकास अधिकारी कदौरा प्रतिमा शुक्ला, खंड विकास अधिकारी महेवा संदीप मिश्रा, पशु पशु चिकित्साधिकारी एस.के पटेल की मौजूदगी में एसडीएम ने कहा कि बरसात के मौसम में गौशालाओं में किसी भी जल भराव या कीचड़ के हालात न बनने पाएं तथा गांवों में अन्ना पशुओं का विचरण किसी भी सूरत में नहीं होना चाहिए। इसके अलावा गौशाला में स्वच्छता के पुख्ता इंतजाम रखे जाएं।

# लड़की पक्ष के लोगों ने दूल्हे के चाचा सहित चार को पीटा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● दुल्हन के भाई ने बार बालाओं के साथ डांस करने से किया मना तो हुआ विवाद

**अमृत विचार।** थाना पनवाड़ी के ग्राम जखा में एक शादी समारोह में बाल बालाओं के साथ डांस करते समय वर व वधू पक्ष के लोगों में विवाद हो गया, विवाद इतना बढ़ गया कि वधू पक्ष के लोगों ने बारातियों को जमकर पीट दिया, जिससे दूल्हे के चाचा व तीन चचेरे भाई समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। विवाद की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों पक्षों को समझा कर मामला शांत कराते हुए विवाह कार्यक्रम को संपन्न कराया।

कोतवाली श्रीनगर के ग्राम पवा निवासी रामआसरे पुत्र अनिल की बारात थाना पनवाड़ी के ग्राम जखा गई थी, जहां पर बारातियों के स्वागत के लिए मंच बनाकर बाल बालाओं का डांस कार्यक्रम आयोजित किया गया, इसी बीच दूल्हे के चचेरे भाई हेमंत, नितिन और मंगल अन्य बारातियों के साथ शराब के नशे में बार बालाओं के साथ डांस करने लगे, तभी दुल्हन के भाई व अन्य लोगों को जबरन डांस करने के लिए मजबूर करने लगे, मना करने पर बाराती शराब के नशे में उत्पात मचाने लगे। इस पर वधू पक्ष के लोगों ने शांत होकर विवाह संपन्न होने की बात कही, लेकिन वह नहीं माने और दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई और लड़की के भाई और पिता सहित अन्य लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया, जिससे दूल्हे के चाचा अवधेश अहिरवार और उनके तीनों पुत्र घायल हो गए। मारपीट की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामल शांत कराते हुए चारों घायलों को सीएचसी पनवाड़ी पहुंचाया। जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस की मौजूदगी में विवाह समारोह संपन्न हुआ, इसके बाद पूरे मामले की शिकायत था पनवाड़ी में दी गई। थाना प्रभारी का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है, इसके बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### अज्ञात कारणों के चलते 6 दुकानों में लगी आग

**उरई।** कस्बा व कोतवाली जालौन के पं. दीनदयाल उपाध्याय चौराहा के पास अज्ञात कारणों के चलते आधा दर्जन दुकानों में आग लग गयी। भीषण आग की चपेट में आने से दुकानदारों का लगभग दस लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड व कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के आग पर काबू पाया। वहीं फायर ब्रिगेड कर्मियों ने दुकान के अंदर रखे गैस सिलेंडर को फटने से बचा लिया वरना बहुत बड़ा हादसा हो सकता था।



धू धूकर जलतीं दुकानें।

### हत्यारोपियों की गिरफ्तारी न होने पर आक्रोश

**उरई।** 10 जुलाई को संतोष कुमार की गयी हत्या के आरोपियों को गिफ्तार किये जाने की मांग को लेकर बसपा नेताओं ने मृतक के परिजनों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच कर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन भेंट कर आरोपियों को गिरफ्तार किये जाने की मांग उठाई है। इस मौके पर प्रमुख रूप से डॉ. बृजेश जाटव झांसी मंडल प्रभारी, जितेन्द्र अनुरागी जिलाध्यक्ष बसपा, उदयवीर दोहरे, रामसनेही बाबू जी, संजय गौतम पूर्व जिलाध्यक्ष, कीरत दोहरे, सुरेश कुमार गौतम,राममिलन गौतम, सीताराम निरंजन, मनोज याज्ञिक जिला पंचायत सदस्य, भगवती शरण पांचाल सहित आदि लोग मौजूद रहे। बसपा नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल को बताया कि संतोष कुमार अहिरवार की हत्या निरभय सिंह, राधा, राजकुमार, आकाश, कार्तिक ने डकोर गांव जाने के बहाने ले जाकर कर दी, जिसका मुकदमा डकोर थाने में आरोपियों के खिलाफ दर्ज है। इसके बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गयी है जिससे पीड़ित परिवार दूसरी घटना से भयभीत है। क्योकि अपराधियों द्वारा उन्हें धमकियां मिल रही हैं। बसपा नेताओं ने हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने की मांग उठाई है जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।




व्यापारियों को जीएसटी के बारे जागरूक करते अधिकारी। अमृत विचार

### व्यापारियों को जीएसटी के प्रति किया जागरूक

**उरई (जालौन)।** राज्य कर विभाग के जीएसटी के बारे में शहर के मुहल्ला शिवपुरी में कैम्प का आयोजन कर अधिकारियों ने व्यापारियों को जीएसटी के बारे जागरूक किया। इस मौके पर सहायक आयुक्त आशीष मिश्रा ने उपस्थित व्यापारियों को बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की अपेक्षाओं के अनुरूप व्यापारियों को कर/रिर्टन जमा करने के बारे में जनपद में जागरूकता अभियान विभाग द्वारा चलाया जा रहा है। उन्होंने व्यापारियों को समझाया कि माल की खरीदारी करते समय उसका बिल जरूर लें। उन्होंने बताया कि समाधान व्यापारियों को जीएसटी रिर्टन/कर समय से जमा करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि शून्य खरीद, बिक्री का रिर्टन जमा करने वाले व्यापारियों के प्रति जांच की कार्रवाई की जायेगी। ऐसे व्यापारी जो दुकानों पर खरीद व बिक्री कर रहे है परंतु रिर्टन के माध्यम से कर जमा नहीं कर रहे है ऐसे व्यापारियों को चिह्नित किया जा रहा है। इस दौरान अवनीश मिश्रा राज्य कर अधिकारी, राजीव तिवारी राज्य कर अधिकारी ने भी उपस्थित ब्यापारियों को जीएसटी से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर प्रमुख रूप से शमशाद अहमद, राघवेंद्र रावत, अभिषेक वर्मा राज्य कर विभाग से मौजूद रहे तथा ब्यापारियों में यूसुफ अंसारी, अनवर अंसारी, सतीश वर्मा, गुड्डू, सईद, आलिम अंसारी, यामीन अंसारी, आमिर, हबीब, एहसानुल, अयान, कयूम, लाला, आसिफ आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### यमुना का जलस्तर कम होने से लोगों ने ली राहत की सांस

**कालपी (जालौन)।** यमुना नदी का जलस्तर इस सप्ताह कम हो जाने से तटवर्ती ग्रामों के लोगों ने राहत की सांस ली है। गुरुवार एफसीर को कालपी में यमुना नदी का जलस्तर 95 .5 मीटर दर्ज हुआ है, जबकि इस वर्ष बरसात में जलस्तर 98 .5 मीटर तक पहुंच चुका है। केंद्रीय जल आयोग केंद्र प्रभारी रुपेश कुमार ने बताया कि कालपी में यमुना नदी का खतरे का निशान 108 मीटर है, बरसात के पहले जलस्तर 93 .5 मीटर पर था। विगत दिनों हुई बरसात से जलस्तर में थोड़ी बहुत बढोतरी तो हुई लेकिन जलस्तर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा। मालूम हो कि कोटा बैराज से पानी छोड़ने के बाद यमुना नदी के उफनाने तथा बाढ़ की संभावना बढ़ जाती हैं। वहीं सम्भावित बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन तथा राजस्व विभाग के द्वारा यमुना नदी के तटवर्ती अलग-अलग ग्रामों में बाढ़ राहत चौकियां स्थापित कराई जा चुकी है।



यमुना नदी का गिरता जलस्तर। अमृत विचार

### ग्राम विकास अधिकारी और सुपरवाइजर हुए नामित

**महोबा।** समाज कल्याण विभाग ने शासन के निर्देश पर पारिवारिक लाभ योजना के लिए आवेदन स्वीकृति एवं विरण इंटरनेट आधारित प्रणाली के माण्ध्यम से किया जाना है, जिसके लिए उपजिलाधिकारी द्वारा नामित सत्यापनकर्ता लेखपाल के स्थान पर ग्राम विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए तथा नकदी क्षेत्रों के लिए सुपरवाइजर को नामित किया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी महोबा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सभी आवेदनकर्ता समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत आवेदन करने से पूर्व आवेदक अपने बैंक खाता में आधार सीडिंग, डीबीटी, केवाईसी आदि समस्य आवश्यक कार्य पूर्ण करा ले साथ ही बैंक खाता चालू रखे। बताया कि बैंक खाता चालू न होने पर आवेदन का पीएफएमएस से रिस्पांस प्राप्त न होने एवं रिजेक्ट होने की दशा में आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा।

### 2 दिनों में जलापूर्ति सही कराने का दिया आश्वासन

**कालपी (जालौन)।** नगरीय क्षेत्र में बिगड़ी पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुधारने के लिए जल संस्थान तथा नगर पालिका के अधिकारियों के बीच बैठक उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान अधिशासी अभियंता ने भरोसा किया कि दो दिनों के अंदर पेयजल व्यवस्था को ठीक कर दिया जाएगा। गुरुवार को उपजिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पेयजल संबंधित जो समस्याएं आ रही हैं उसका निस्तारण तत्काल प्रभाव से किया जाए। अधिशासी अभियंता विकास चौहान ने स्वीकार किया कि नगर के अलग-अलग स्थानों में पोल गाड़ने तथा केबिल बिछाने की वजह से मेन पाइप लाइनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। अभियान के तहत क्षतिग्रस्त पाइप डालने को ठीक कर दिया जाएगा। इसी प्रकार नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में 527 हैंडपम्प लगे हुए हैं, जो भी हैडपम्प खराब है, उसे दो दिनों के अंदर ठीक कर दिया जाएगा। बैठक में अवर अभियंता आलोक कुमार श्रीवास्तव, मनोज चतुर्वेदी, सलीम अंसारी, कैफ रजा मंसूरी, रोहिणी शर्मा, दीपू चौहान, अंकित गुप्ता सहित सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आबकारी ठेकेदारों ने किया प्रदर्शन

**उरई।** आबकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते आबकारी ठेकेदार जिला अस्पताल के सामने स्थित आबकारी कार्यालय के बाहर ठेकेदारों ने जमकर प्रर्दशन करते हुए भांग की निरस्त हुई दुकानों के रिटेंडर को गोपनीय कराये जाने का आरोप आबकारी विभाग पर लगाया। आबकारी ठेकेदारों ने आरोप लगाया कि जिला आबकारी अधिकारी व बाबू की मिली भगत से आबकारी ठेकेदारों को टेंडर नहीं दिया जा रहा है।

### बिजली न मिलने से ग्रामीणों ने लगाया जाम

**उरई।** बिजली कटौती तथा बिजली न मिलने से जनपद का किसान बहुत परेशान है। जिससे नलकूप नहीं चल पाने के कारण धान की फसल की सिंचाई नही हो पा रही है। बिजली की समस्या से पीड़ित लगभग आधा दर्जन गांवों के किसानों ने कोंच रोड ग्राम गढर पर जाम लगा दिया। सैकड़ों की संख्या पहुंचे किसानों ने प्रदर्शन करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। जाम लगाये आक्रोशित किसानों का कहना था कि बिजली न आने से धान की फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है तथा समय पर फसल की सिंचाई न होने के कारण फसलें सूख गयी है। किसानों द्वारा जाम लगने की जानकारी मिलते ही उप जिलाधिकारी सुरेश कुमार मौके पर पहुंचे और आक्रोशित किसानों को समझा बुझा कर जाम को खुलवाया।

# चोरों ने अधिवक्ता के घर से जेवरात समेत नकदी उड़ाई

संवाददाता, कुलपहाड़ महोबा

● गृहस्वामी परिवार सहित अपने रिश्तेदार के यहां गया हुआ था

**अमृत विचार।** कस्बा कुलपहाड़ के मोहल्ला गोविंद नगर में बुधवार की रात्रि चोरों ने एक अधिवक्ता के सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर फरार हो गए। गृहस्वामी जब सुबह लौटा तो जानकारी हो सकी।

नगर के मोहल्ला गोविन्द नगर निवासी अजय विक्रम सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि दो दिन पूर्व वह परिवार सहित घर पर ताला डालकर अपनी रिस्तेदारी में कस्बे से बाहर गया हुआ था। बीती रात्रि मकान में ताला लगा देखकर चोरों ने ताला तोड़कर अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात समेत सत्तर हजार रुपये की नकदी चोरी कर के ले गये।

कोतवाली में दि गई तहरीर मे बताया कि जब वह अपने परिवार सहित गुरुवार को आया तो मकान का ताला टूटा देख वह आनन फानन में अंदर गया और कमरे में जाकर देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा और अलमारी भी खुली थी, उसने अलमारी में देखा तो उसमे रखे सोने चांदी के आभूषण और नकदी गायब मिली, यह नजारा देखकर परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। पीड़ित ने बताया कि घर पर निर्माण कार्य में लगे मजदूरों और करीगर द्वारा इस चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने जांच शुरु कर जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।



खुली अलमारी और बिखरा पड़ा सामान।

# ग्राम धवर्रा में जल्द बनेगा अस्पताल : ब्रजेश पाठक

कार्यालय संवाददाता महोबा

● उपमुख्यमंत्री ने रेडक्रॉस सोसाइटी के जनपद सभापति से जनहित के मुद्दों पर की चर्चा

● मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जल्द से जल्द प्रस्ताव बनाकर भेजने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** पंडित गणेश प्रसाद मिश्रा की जन्मशताब्दी के अवसर पर समृद्ध किसान और समृद्ध बुंदेलखंड सम्मेलन का आयोजन ग्राम धवर्रा में उनके पैतृक आवास पर किया गया।

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि ग्रामीणों की मांग पर ग्राम धवर्रा में अस्पताल खुलवाया जाएगा। जिससे मध्य प्रदेश की सीमा पर बसे इस गांव के लोगों को जिला अस्पताल में 50 किलोमीटर दूर न जाना पड़े। उन्होंने इसका प्रस्ताव बनाकर भेजने के सीएमओ को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसान प्राकृतिक खेती को अपना कर अपनी आय बढ़ा सकता हैं। बदलते जमाने के साथ किसानों को भी अपने कृषि कार्य को नई तकनीक से करके अधिक उत्पादन पैदा करना चाहिए।

इस मौके पर मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रकाश ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र में पानी की समस्या अधिक रहती है उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में पानी की 500 पाठशालाएं चलाई जाएगी, जहां पर स्कूली बच्चों के अलावा किसानों को भी पानी बचाने, पानी का सदुपयोग करने और जल संरक्षण के गुर सिखाए जाएंगे। इस मौके पर प्रबंध कार्यकारिणी समिति के सदस्य अंचल सोनी, आजीवन सदस्य नितिन नामदेव,पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत, सदर विधायक राकेश गोस्वामी आदि लोग रहे।



कार्यक्रम में मौजूद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

# तमंचा समेत चार अभियुक्त गिरफ्तार

**महोबा।** श्रीनगर, चरखारी व कबरई पुलिस ने दो वांछित सहित चार अभियुक्तों को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया। निरीक्षक श्रीनगर शिवपाल सिंह द्वारा गठित की गई पुलिस टीम क्षेत्र का गश्त कर रही थी। तभी थाने में पंजीकृत अभियुक्त हिमांशु को एक तमंचा 12 बोर और दो कारतूस सहित भंडरा तिराहा प्रतीक्षालय के पास से गिरफ्तार कर लिया। इसी प्रकार थानाध्यक्ष चरखारी द्वारा गठित की गई टीम के उपनिरीक्षक राजनाराण, श्याम सिंह वाहन चेकिंग व संदिग्ध व्यक्ति की तलाश कर रहे थे, तभी वांछित अभियुक्त राहुल वर्मा (21) को एक तमंचा व एक कारतूस सहित गिफ्तार कर लिया। वहीं प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई द्वारा गठित की गई प्रथम टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सुकौरा के पास से अभियुक्त अजय (24) को व एक कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी पुलिस टीम ने अभियुक्त अंश सिंह (19) को तमंचा सहित गिरफ्तार किया है।

# गमगीन माहौल में ताजियों को किया गया सुपुर्द-ए-खाक

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन की याद में मोहर्रम की दस तारीख को रात में ताजिये निकालने और एक दूसरे ताजियों से मिलाप के बाद गुरुवार को सुबह मैदान ए कर्बला में ताजियों को नम आंखों से सुपुर्द ए खाक कर दिए। इस दौरान कर्बला में मौजूद लोगों की आंखों से आंसू निकल रहे थे घर लौटते समय लोग इमाम हुसैन की याद में गमगीन दिखाई दिए।

बुधवार की रात को शहर के सभी इमामबाड़ों से ताजिये निकाले गए। सभी ताजिये देर रात काजीपुरा मैदान पहुंचे। जहां पर ताजियों का जलसा हुआ। इसके तड़के सुबह काजीपुर मैदान में एक दूसरे से मिलाप करने के सभी ताजिये सुबह कर्बला की जानिब चल दिये और गुरुवार की सुबह आठ बजे कर्बला के मैदान में सभी ताजियों को नम आंखों से सुपुर्द ए-खाक किया गया।

मोहर्रम को लेकर दस दिन तक चलने वाले अलम जुलूस, ढोल जुलूस, बुर्राक मेहंदी जुलूस और ताजिया जुलूस निकाले गये। मोहर्रम की दस तारीख को रात आठ बजे शहर के मोहल्ला भटीपुरा मकनियापुरा के ताजिए भीतरकोट होते हुए काजीपुरा मैदान पहुंचे। वहीं दरियापुरा, मुकेरीपुरा सहित अन्य के ताजिए रात करीब ग्यारह बजे पठानपुरा के इमामबाड़े पहुंचे, जहां दो घंटे हुए जलसे के बाद सभी ताजिए कतारबद्ध तरीके से मिल्कीपुरा इमाम चौक होते हुए देर रात करीब दो बजे काजीपुरा मैदान पहुंचे, जहां पर एक दूसरे ताजियों से मिलाप करने के बाद सुबह छह बजे ताजिया जुलूस हवेली दरवाजा पहुंचा। हवेली दरवाजा प्रांगण में लोहान सुलगाने और फातहा दिलाने के बाद सभी ताजिये गमगीन माहौल में कर्बला की तरफ ले जाये गये। हसन हुसैन की याद में सिर्फ मर्सिये ही सुनाई दे रहे थे। सुबह आठ बजे कर्बला पहुंचने के बाद सभी ताजियों को कर्बला परिसर में गमगीन माहौल के बीच नम आंखों से सुपुर्दे खाक किया गया। इससे पूर्व इमाम चौक से आखिरी बार ताजियों के उठते ही महिलाएं इमाम चौक के चक्कर लगाते हुए अपने दुप्टे व अन्य कपड़ों से इमाम चौक को साफ करते हुए मन्नतें मांगने लगीं और रिवाज के मुताबिक ताजिये को अलविदा कहा गया ।



ताजियों का जलसा। अमृत विचार

### ढाल सवारियों को भी किया गया सुपुर्द-ए-खाक

मोहर्रम की दस तारीख को ढाल सवारियों ने शहर का भ्रमण किया और भीतरकोट के हजरत मुबारकशाह की दरगाह के कर्बला में ढालों को नम आंखों के साथ सुपुर्द-ए-खाक किया गया। सभी इमामबाड़ों से बुधवार की देर शाम निकाली गई ढाल सवारियों के साथ ढोल रब्बी में मातमी धुन बज रही थी। देर रात दहगाह की कर्बला में पहुंचकर नम आंखों के साथ ढालों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस मौक पर हजारों अकीदतमंदों की भीड़ मौजूद रही।

### मोहर्रम की दसवीं पर रात भर चला लंगर

मोहर्रम की दसवी तारीख को रात मे निकाले गये ताजिया जुलूस के दौरान जगह जगह पूरी रात लंगर का आयोजन चलता रहा। ताजियों में जाने वाले लोगों को जगह जगह लंगर खिलाया गया। लंगर खिलाने के अलावा मार्ग में जगह जगह लोगों ने ताजियादारों और ताजिया लेकर चलने वालों को लड्डू और गरी के गोले वितरित किये। इतना ही नहीं सभी लोगों के लिये शर्बत, पानी और चाय के स्टाल लगाए गए।

### पूरी रात सुनाई दी मर्सियों की गूंज

कर्बला के मैदान में ताजिये और ढाल जाने से पहले पूरी रात मर्सिये चलते रहे। महिलायें घर पर मर्सिये पढ़ती रहीं तो पुरुष ताजियों के साथ चलते समय मर्सिये पढ़ते दिखाई दिये। जिससे मोर्हरम की दसवीं तारीख मर्सिये से गूंजती रही और माहौल भी गमगीन दिखाई दिया। दिन रात बजने वाले ढोल और बजरोटी की भी कहीं से आवाज नहीं सुनाई दी। सुनाई दी तो सिर्फ मर्सियों की आवाज, जिससे शहर का वातावरण गमगीन हो गया।

छापामार अभियान | जिलाधिकारी के निर्देश पर एडीएम व अन्य अधिकारियों की टीम ने विभिन्न विभागों का किया औचक निरीक्षण

# अधिकारियों ने देखीं कार्यालयों की व्यवस्थाएं, दिये निर्देश

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

● विकास भवन, सब रजिस्ट्रार तहसील व सम्भागीय परिवहन विभाग आदि का किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक जुबेर बेग, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल व अतरिक्त उप जिलाधिकारी विशेश्वर सिंह आदि की टीम ने आज विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया ।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के आदेश पर सुबह करीब 10:20 बजे से विकास भवन, सब रजिस्ट्रार, तहसील व सम्भागीय परिवहन विभाग आदि विभागों का निरीक्षण कराया गया। वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति का सत्यापन, अभिलेखों का रख रखाव तथा साफ सफाई को परखा ।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने मुख्यालय पर निवास करें और प्रातः10 से 12 बजे तक अपने कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। जो जन समस्याएं उनके पास संदर्भित की जा रही है, उनकी समस्याओ को विधिपूर्वक सकारात्मक दृष्टिकोण से गम्भीरता पूर्वक सुना जाए तथा निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करते हुये फरियादी को अवगत भी कराया जाए। शिकायतकर्ता की संतुष्टि के बाद ही शिकायत का निष्तारण किया जाये।

एसडीएम तहसीलदार और खंड विकास अधिकारी नियमित रूप से अपने कार्यालयों में बैठें और भूमि विवाद पैमाईश चकरोड से अतिक्रमण हटाना वरासत के प्रकरण को जल्द से जल्द निपटायें।

अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर लोगों की शिकायतों का निस्तारण करें, वहीं जनप्रतिनिधियों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में बताया जाए, जिससे आम जनमानस को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि आम जन से जुडी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करना सुनिश्चित करें। इसमे किसी भी प्रकार की हीलाहवाली व लापरवाही पर सीधे सम्बंधित कार्यालय अध्यक्ष पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



विकास भवन का निरीक्षण करते अपर जिलाधिकारी। अमृत विचार

### एआरटीओ आफिस में छापेमारी से दलालों में हड़कंप

**संवाददाता उरई (जालौन)।** एआरटीओ कार्यालय में जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल ने अपनी टीम के साथ छापेमारी की, जिससे एआरटीओ कार्यालय के बाहर बैठने वाले दलालों में हड़कंप मच गया और तमाम दलाद वहां से रफूचक्कर हो गये वहीं एक दलाल को पकड़ लिया गया। सिटी मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल ने टीम के साथ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी उरई में छापेमारी की इस दौरान कुछ दलाल मौके से भागने में सफल हो गये जबकि मुन्ना पाल दलाल को मौके पर ही पकड़ लिया गया। छापामार टीम ने संदिग्ध लोगों के नाम व मोबाइल नम्बर दर्ज कर पूछताछ की। यह छापेमारी प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश व जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय निर्देशन पर सिटी मजिस्ट्रेट के द्वारा की गयी।

## एक नजर

### चार एआरटीओ का तबादला निरस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवहन विभाग में बीते 30 जून को होने वाले तबादलों में चार सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों के स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं। प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वर द्वारा गुरुवार को जारी निरस्ती आदेश में वाराणसी में एआटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी को पुन: प्रयागराज में एआरटीओ प्रवर्तन के पद पर भेज दिया गया है। इसके अलावा प्रयागराज के एआरटीओ बनी अलका शुक्ला को वापस सुल्तानपुर में एआरटीओ प्रशासन, सुल्तानपुर के एआरटीओ प्रशासन नंद कुमार को बुलंदशहर में एआरटीओ और बुलंदशहर में एआरटीओ राजीव कुमार बंसल को पुन: एआरटीओ प्रशासन इटावा के पद पर भेज दिया गया है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी दंत सर्जन की होगी तैनाती

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को दांतों के इलाज के लिए शहर या बड़े संस्थान के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्हें समीप स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) पर दांत संबन्धी संपूर्ण इलाज मिलेगा। इसके लिए राज्य सरकार ने प्रदेश की 63 सीएचसी पर दंत सर्जन के पद स्वीकृत कर दिए हैं, दंत चिकित्सक की नियुक्ति होने के साथ मरीजों को इलाज मिलने लगेगा। मालूम हो कि ग्रामीण क्षेत्रों स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त करने के लिए स्थापित 63 नए सीएचसी में दंत चिकित्सक का पद स्वीकृत न होने की वजह से मरीजों को दांत संबन्धी इलाज नहीं मिल रहा है। मानकनुसार, ग्रेड वेतन 5400 रूपए के आधार पर प्रति सीएचसी एक दंत सर्जन की नियुक्ति के लिए आदेश दिए गए हैं।

### अभियुक्त बीमार है तो थाने न लाएं: डीजीपी

**अमृत विचार, लखनऊ :** डीजीपी प्रशांत कुमार ने विभागीय कार्मिकों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति अथवा अभियुक्त को थाने पर पूछताछ के लिए लाने से पूर्व इस बात की पुष्टि कर ली जाए कि क्या वह पूर्व से किसी गम्भीर रोग से ग्रस्त तो नहीं है। गम्भीर रोग से ग्रस्त व्यक्ति अथवा गिरफ्तार अभियुक्त को थाने पर कदापि न लाया जाए। यदि किन्ही कारणोंवश थाने पर लाया गया व्यक्ति आकस्मिक रूप से बीमार हो जाता है, तो समीप के चिकित्सालय में तत्काल उपचार कराया जाए। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी के जानकारी के बिना थाने अथवा पुलिस चौकी में किसी व्यक्ति को न तो लाया जाए और ना ही बैठाया जाए।

# नहीं जुड़ा आधार, रुक गई तीन लाख महिलाओं की पेंशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पिछले वित्तीय वर्ष तक बैंक खाते में सीधे जाती थी पेंशन
- नए वित्तीय वर्ष से बदल गई है व्यवस्था

**अमृत विचार:** सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शी बनाने और गड़बड़ियां रोकने के लिए मानकों को सख्त किया जा रहा है। प्रदेश में बैंक खाते से आधार लिंक न कराने वाली तीन लाख महिलाओं की पेंशन रोक दी गई है। महिला कल्याण विभाग की ओर से इनको निराश्रित पेंशन योजना का लाभ आधार कार्ड लिंक होने के बाद ही मिलेगा।

महिला कल्याण विभाग की ओर से पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिलाओं को पेंशन दी जाती है। पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक लाख रुपये के हिसाब से दिए जाते हैं। पिछले वित्तीय वर्ष तक पात्र लाभार्थियों के बैंक खाते में तीन माह की धनराशि भेजी जा रही थी।

नए वित्तीय वर्ष में व्यवस्था बदल गई और पेंशन के लिए बैंक खाते से आधार लिंक को आवश्यक कर दिया गया। अप्रैल से जून 2024 तक प्रदेश के 75 जिलों में 26 लाख 12 हजार को पेंशन दी गई। जबकि तीन लाख महिलाएं बैंक खाते से आधार लिंक न होने के कारण पेंशन से वंचित रह गईं।

महिला कल्याण विभाग की निदेशक संदीप कौर ने बताया कि वंचित महिलाओं के आधार कार्ड को बैंक खाते से लिंक कराया जा रहा है। उनको जागरुक किया जा रहा है कि आधार कार्ड लेकर बैंक जाएं और उसे लिंक करा लें। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड खाते से लिंक होने के बाद पेंशन राशि दी जाएगी।

### पुराने पेंशनरों को अब स्वयं करना होगा आधार लिंक

**अमृत विचार :** पेंशन योजनाओं में गड़बड़ी रोकने के लिए समाज कल्याण विभाग ने आधार लिंक को अनिवार्य कर दिया है। पेंशनरों को अब स्वयं आधार लिंक करना होगा। समाज कल्याण विभाग से पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए नए ऑनलाइन आवेदन में आधार प्रमाणीकरण आवेदन के समय ही हो जाता है। आवेदक किसी भी साइबर कैफे जनसेवा केंद्र पर जाकर आधार प्रमाणीकरण करवा सकते हैं। इसके लिए मोबाइल नंबर पर ओटीपी आता है। पुराने डाटा बेस में दर्ज मोबाइल नंबर अगर सेवा में नहीं है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। लाभार्थी स्वयं आवेदक लॉगिन में जाकर अपना नया मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी प्राप्त कर सकता है। ओटीपी आने के बाद आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूरी कर सकता है। लाभार्थी जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में जाकर भी आधार प्रमाणीकरण करा सकते हैं। वहीं दूरस्थ क्षेत्रों में वृद्धजन के लिए जनसेवा केंद्र से आधार लिंक की प्रक्रिया कराना आसान है। आधार लिंक करवाने के लिए विभागीय वेबसाइट पर नोटिफिकेशन भी आ रहा है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि आधार लिंक न करने वालों की पेंशन अटक जाएगी। आधार लिंक करने के लिए लाभार्थियों को जागरुक किया जा रहा है।

# अक्टूबर में होंगी नर्सिंग और पैरामेडिकल की मुख्य परीक्षाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सितंबर दूसरे सप्ताह के बाद जारी होंगे प्रवेश पत्र, अक्टूबर के तृतीय सप्ताह में परीक्षाएं

**अमृत विचार:** नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण संस्थानों में अगस्त में प्रस्तावित परीक्षाएं अक्टूबर माह में होंगी। यह सूचना उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक कुमार ने सभी कॉलेज प्रबन्धकों व प्रधानाचार्यो को प्रेषित की है।

उन्होंने बताया कि, सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा जीएनएम, एएनएम व समस्त पैरामेडिकल प्रशिक्षणों की मुख्य परिक्षाओं की समय-सारिणी जारी कर दी जाएगी। इसके बाद सितंबर के दूसरे सप्ताह में छात्र-छात्राओं के प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। सचिव डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि अक्टूबर माह के तृतीय सप्ताह में लिखित परीक्षाएं और अंतिम सप्ताह में मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न होंगी।

# बहुरेंगे बंद सिनेमाघरों के दिन सरकार देगी प्रोत्साहन : योगी

## मुख्यमंत्री ने पुनर्संचालन के लिए योजना तैयार करने का दिया निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में बंद चल रहे सिनेमाघरों के दिन बहुरेंगे। राज्य सरकार इन सिनेमाघरों को प्रोत्साहन देगी। न्यूनतम सीटों की शर्त में बदलाव किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्याथ ने बंद सिनेमाघरों के पुनर्संचालन के लिए तैयार करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री गुरुवार को सरकारी आवास पर राज्य कर विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने बंद सिनेमाघरों के पुनर्संचालन, मल्टीप्लेक्स विहीन जिलों में मल्टीप्लेक्स निर्माण व एकल छविगृह निर्माण के लिए अनुदान योजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता के मनोरंजन के प्रमुख साधनों में सिनेमा की बड़ी भूमिका है। नए दौर में बदलती तकनीक के साथ प्रदेश में एकल स्क्रीन वाले पुराने सिनेमाघर या तो बंद हो गए हैं या उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। ऐसे सिनेमाघरों के पुनर्जीवन के लिए राज्य सरकार की ओर से प्रोत्साहन योजना लाई जानी चाहिए। इससे लोगों को मनोरंजन के साधन की सहज उपलब्धता तो होगी ही, निवेश और रोजगार सृजन की दृष्टि से भी यह उपयोगी होगा। उन्होंने कहा कि योजना ऐसी हो जिससे बंद या संचालित सिनेमाघरों के स्थान पर व्यवसायिक काम्पलेक्स व कम क्षमता के सिनेमाघरों का निर्माण, बंद सिनेमाघरों को यथास्थिति में पुनः संचालित करने, व्यवसायिक गतिविधि या गैर व्यावसायिक गतिविधि वाले एकल स्क्रीन सिनेमाघर का निर्माण के लिए निवेशकों को प्रोत्साहन मिले। उनके लिए अनुकूल अवसर तैयार हो सके। सिनेमाघरों के लिए निर्धारित न्यूनतम सीटों की संख्या की शर्त में व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए रियायत दी जानी चाहिए।



राज्य कर विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

- न्यूनतम सीटों की शर्त में होगा बदलाव
- 39 जिलों में नहीं हैं मल्टीप्लेक्स 10 में एक भी सिनेमाघर नहीं

### मल्टीप्लेक्स सिनेमाघरों के लिए निवेशकों को करें प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दौर में मल्टीप्लेक्स सिनेमाहॉल की संस्कृति तेजी से बढ़ी है। वर्तमान में प्रदेश के 39 जिलों में मल्टीप्लेक्स नहीं हैं, जबकि 10 जिले ऐसे भी हैं जहां कोई एकल स्क्रीन या मल्टीप्लेक्स सिनेमाघर नहीं है। नई योजना में ऐसे प्रावधान रखें कि मल्टीप्लेक्स निर्माण के लिए भी निवेशक प्रोत्साहित हों। निवेश प्रोत्साहन कार्यक्रमों की तरह सरकार द्वारा इन्हें भी अनुदान दिया जाना चाहिए। जिन जिलों में पहले से मल्टीप्लेक्स संचालित हैं, यदि वहां नए मल्टीप्लेक्स के इच्छुक निवेशक आते हैं तो उनके लिए भी अनुदान का प्रावधान रखा जास। मुख्यमंत्री ने राज्य कर विभाग को सम्बंधित सेक्टर के निवेशकों व अन्य स्टेक होल्डरों से संवाद करते हुए यथाशीघ्र प्रोत्साहन योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

### गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर का होगा सौन्दर्यीकरण

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखीमपुर स्थित गोला गोकर्णनाथ के पौराणिक शिव मंदिर व उसके परिसर का सौन्दर्यीकरण किया जाएगा, आकर्षक बनाने के लिए लाइट एण्ड साउण्ड शो की व्यवस्था की जायेगी। मंदिर व परिसर में यात्रियों की सुविधाओं का विस्तार लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन विभाग द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी गुरुवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

उन्होंने कहा, पर्यटन विभाग धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी प्राचीन मंदिरों को संवारने एवं सजाने का कार्य कर रहा है। अति प्राचीन गोला गोकर्णनाथ मंदिर में सालभर श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए आते रहते हैं। इस प्राचीन शिव मंदिर को छोटा काशी भी कहा जाता है। इस दृष्टिकोण से बुनियादी सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की जा रही है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि मंदिर परिसर में लाइट एण्ड शो के माध्यम से श्रद्धालुओं को यहां की पौराणिक मान्यताओं, परम्पराओं तथा मंदिर की महत्ता के बारे में जानकारी दी जाएगी। सावन के महीने और अन्य दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं का सतत विकास किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि यहां आने वाले पर्यटक सुखद स्मृति लेकर लौटें।

# आठ जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारी बदले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश के आठ जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बदल गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को आठ सीएमओ समेत 15 चिकित्साधिकारियों की नई तैनाती के दो आदेश जारी किये हैं।

स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार ने बताया कि मेरठ के सीएमओ डॉ.अखिलेश मोहन को गाजियाबाद का नया सीएमओ बनाया गया है। वहीं मेरठ जिला अस्पताल के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ.अशोक कुमार को वहां का सीएमओ बनाया गया है। इसके अलावा बस्ती के सीएमओ डॉ.अच्युत नारायण को प्रतापगढ़, देवरिया के अपर मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ.संजय कुमार को कौशाम्बी का सीएमओ नियुक्त किया गया है। प्रयागराज में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.तीरथ लाल को बागपत का सीएमओ, बलिया के एसीएमओ डॉ.अशोक कुमार को आजमगढ़ में सीएमओ, सहारनपुर जिला अस्पताल के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ.प्रवीन कुमार को उसी जिले में मुख्य चिकित्साधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा अयोध्या में एसीएमओ डॉ.दिलीप सिंह को महाराजगंज का सीएमओ नियुक्त किया गया है। दूसरी सूची में गाजियाबाद के सीएमओ डॉ.भवतोष शंखधर को मुरादाबाद मंडलीय चिकित्सालय में बतौर वरिष्ठ परामर्शदाता बनाया गया है। इसके अलावा प्रतापगढ़ के निवर्तमान सीएमओ डॉ.गिरेन्द्र मोहन शुक्ल को बस्ती के जिला चिकित्सालय, कौशाम्बी के सीएमओ डॉ.सुष्पेन्द्र कुमार को गाजियाबाद जिला चिकित्सालय, बागपत के सीएमओ डॉ.महावीर सिंह को आगरा, आजमगढ़ के सीएमओ डॉ.इंद्र नारायण तिवारी को भदोही जिला अस्पताल, महाराजगंज की सीएमओ डॉ.नीना वर्मा को लखनऊ के परिवार कल्याण महानिदेशालय में संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है।

### एटीएस ग्रुप पर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ ने एटीएस ग्रुप ऑफ कंपनीज के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। ग्रुप पर कम कीमत में अधिक मुनाफा देने की स्कीम के तहत मकान बेचने में धांधली करने की शिकायत मिली थी। अधिकारियों के मुताबिक पूरा घोटाला 3400 करोड़ रुपए का सामने आ रहा है। कंपनी ने निवेशकों को मनचाहे रिटर्न वापस करने का झांसा दिया।

ईडी अधिकारियों के मुताबिक एटीएस ग्रुप की ओर से बैंक के जरिए अच्छा रिटर्न वापस करने का वादा ग्राहकों और निवेशकों से किया गया था। ग्रुप ने रियल स्टेट मार्केट के जरिए निवेशकों से इन्वेस्टमेंट कराया। निवेश की स्कीम के तहत यह शर्त रखी गई कि 36 महीने के अंदर उनके अपार्टमेंट को प्रीमियम रेट पर कंपनी के द्वारा खुद खरीद लिया जाएगा। अगर वे अपार्टमेंट को बेचना चाहते हैं। इसके लिए सैकड़ों निवेशकों को पोस्ट डेटेड चेक भी कंपनी के द्वारा जारी किए गए, जो कि बाद में बाउंस हो गए। ग्रुप के खिलाफ अब तक ईओडब्ल्यू दिल्ली ने 04 और नोएडा पुलिस द्वारा 10 मामले दर्ज किए गए हैं।

# एप से होगी नस्लवार पशु गणना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केंद्र सरकार ने तैयार किया 21वीं पशुधन जनगणना एप
- घर हो या बाहर सभी बड़े-छोटे पशुओं की होगी गणना

**अमृत विचार :** प्रदेश में सितंबर से दिसंबर तक बड़े-छोटे सभी पशुओं की गणना पहली बार नस्लवार की जाएगी। चिकित्सक नस्ल की पहचान एप से करेंगे। इसके लिए केंद्र सरकार ने 21वीं पशुधन जनगणना एप बनाया है। जिस पर पशु की फोटो खींचकर अपलोड करते ही गुण के आधार पर नस्ल का पता चलेगा। जो भी विदेशी- देशी पशुओं की नस्ल होगी वह विवरण समेत एप पर फीड की जाएगी। इस बार घर हो या बाहर कोई भी पालतू व निराश्रित पशु गणना से नहीं छूटेगा। उपनिदेशक पशुगणना डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि गणना से कौन सी नस्ल के पशु कम हो रहे या बढ़ रहे यह पता चलेगा। संख्या निर्धारित होने पर विभाग पांच वर्ष की कार्ययोजना बनाएगा।

**2019 में हुई थी ऑनलाइन गणना%** पशु गणना हर पांच वर्ष में की जाती है। प्रदेश में 20वीं गणना 2019 में ऑनलाइन हुई थी लेकिन, नस्लवार नहीं थी। गणना के दौरान कई बाहरी नस्ल की पहचान मुश्किल रहती है। इस वजह से सही आकलन नहीं हो पाता है। जिसे देखते हुए यह एप बनाया गया है। इससे टीम के लिए नस्ल पहचानना आसान होगा। मौके पर फीडिंग के दौरान विवरण सीधे केंद्र के पोर्टल पर जाएगा। इसमें बदलाव नहीं कर पाएंगे न ही मनमानी चलेगी।

### 2019 में थे इतने पशु

- गोवंश - 190.20 लाख
- महिषवंश - 330.17 लाख
- भेड़ - 9.85 लाख
- बकरी - 144.80 लाख

### नोडल प्रशिक्षित, जिलों पर देंगे प्रशिक्षण

प्रदेश में 21वीं पशु गणना के लिए 16 जुलाई को 75 मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षित किए गए हैं। इसमें उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी अधिकारी व अन्य अधिकारी शामिल हैं। जो अपने जिलों पर चिकित्सकों को एप से गणना करने का प्रशिक्षण देंगे। जिलों पर जो टीम बनेगी उसमें नस्ल की पहचान करने वाले अनुभवी चिकित्सकों को शामिल किया जाएगा।

### एनएचएम में संविदा चिकित्सकों की वेतन विसंगति दूर हो : योगेश उपाध्याय

अमृत विचार। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत संविदा पर कार्यरत एमबीबीएस चिकित्सकों में व्याप्त विसंगति दूर करने के लिए संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ, उप्र. संगठन ने मांग उठायी है। प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय ने मुख्यमंत्री समेत एनएचएम निदेशक को पत्र लिखकर मांग की है। महामंत्री ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार, किसी भी विभाग में एक ही पद पर पुराने कार्मिकों का वेतन नवीन तैनात कार्मिकों के वेतन से कम नहीं हो सकता है।

# प्रश्नपत्र लीक मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चार महीने से तलाश रही थी एसटीएफ

**अमृत विचार:** एसटीएफ ने सिपाही भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक कराने के मामले में तीन आरोपियों को गोरखपुर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी परीक्षा केंद्रों में बायोमैट्रिक के माध्यम से साल्बरों का परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराते थे और अभ्यर्थियों की परीक्षा कराते थे। इन तीनों की शिनाख्त पूर्व में गिरफ्तार हुए आरोपियों से पूछताछ में हुई थी, तभी से एसटीएफ इन आरोपियों की तलाश कर रही थी। गिरफ्तार आरोपियों में पंकज कुमार सिन्हा, अमरेंद्र भारती व धनंजय मौर्या शामिल हैं।

डीएसपी डीके शाही ने बताया कि पंकज कुमार सिन्हा एवं अन्य से पूछताछ में पता चला कि पंकज को इनोवेटिव कंपनी से संबंधित सुधीर विश्वाटेक द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक कराने के लिए मैनपावर का टेंडर मिला था। इनके साथियों ने तभी योजना बनाकर यह निश्चित किया था कि जिस भी अभ्यर्थी की जगह साल्वर को बैठायेंगे, उस केन्द्र पर अभ्यर्थी की ही ड्यूटी बायोमेट्रिक में लगा देंगे। जिससे जब साल्वर परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश करेगा तब साल्वर की जगह अभ्यर्थी अपना फिंगर प्रिन्ट लगकार साल्वर को अंदर भेज देगा। इससे परीक्षा के अगले चरणों में फिंगर प्रिन्ट अभ्यर्थी के प्रमाणित हो सके। यह अपने साथियों के साथ मिलकर दिनांक 17 फरवरी 2024 को परीक्षा केन्द्र इस्लामिया कालेज आफ कामर्स, बख्शीपुर, गोरखपुर से मूल अभ्यर्थी के स्थान पर साल्वर अंजनी कुमार उर्फ मनीष सिंह (कुरवा चैनपुर, सिंधियाघाट स्टेशन, पूर्व मध्य रेलवे स्टेशन मास्टर) दुर्गेश यादव उर्फ अंकित के स्थान पर परीक्षा देने के लिए भेजा था।

## वर्ग पहेली-135

**बाएं से दाएं**

3. 1. किसी चीज़ को खाने या चबाने की क्रिया, ग्रसन 2. निगलना।
5. आश्चर्य, विस्मय।
6. विशेष रूप से, विशेषत:, ख़ासतौर से।
8. 1. शक्ति, सामर्थ्य 2. घोड़े की लगाम, वल्गा। [मु.] -बाग होना : बहुत ख़ुश होना। (मु.)-मोड़ना : किसी ओर घुमाना या लगाना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु का टूटकर या कट-छँटकर अलग हुआ कोई हिस्सा।
2. निगाह, दृष्टि।
4. नभ में गमन करने वाला, नभ में विचरने वाला।
5. गर्व से भरी चाल, अकड़ जताने वाली चेष्टा या भाव-भंगिमा, हेकड़ी, गरूर।
6. 1. पति, ख़सम, शौहर 2. स्वामी, मालिक।
7. 1. किसी वस्तु के दस अंग 2. दस प्रकार के सुगंधित द्रव्यों का मिश्रण।



### वर्ग पहेली -134 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जे | क | ■ | 2 मु | ■ | 3 क |
| ■ | ■ | 4 सो | हा | सि | त |
| 5 ग | ण | ■ | फ़ि | ■ | र |
| प | ■ | ■ | ज़ | ■ | ना |
| 6 क | लं | 7 कि | त | ■ | ■ |
| ना | ■ | रा | ■ | 8 ध | 9 म |
| ■ | 10 पि | या | र | ■ | य |

## सुडोकू -48

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 7 | | 2 | | | 3 | 6 |
| 2 | 3 | | | 9 | | 1 | | |
| | | 8 | | 3 | | | 5 | |
| | 4 | | 1 | | | | 8 | |
| | 5 | | | | | | 2 | |
| | 7 | | | | 6 | | 4 | |
| | 8 | | | 6 | | 3 | | |
| | | 3 | | 1 | | | 9 | 7 |
| 9 | 2 | | | 5 | | 4 | | 8 |

### सुडोकू -47 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 3 | 7 | 4 | 9 | 2 | 6 | 5 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 5 | 8 | 9 | 1 |
| 8 | 7 | 6 | 5 | 3 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 4 |
| 5 | 4 | 9 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 7 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 8 | 6 | 7 | 2 | 1 | 3 | 9 |
| 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 19.41 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग





दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र- मूल 20 जुलाई 02.55 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष:** आज आपके मन में आत्मसंतोष की भावना रहेगी। दूसरों की जिम्मेदारियां भी आपको उठानी पड़ सकती है। आपकी अपेक्षा के अनुसार सभी काम हो जाएंगे। निजी कंपनियों में जॉब कर रहे लोगों को पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृष:** आज हित शत्रु आपकी भावनाओं का नाजायज लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर जागरूक रहना चाहिए। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव की भावना कम हो सकती है। आवश्यक काम दूसरों के भरोसे कतई न छोड़ें।

**मिथुन:** आज वाद-विवाद और चर्चाओं में आप दूसरों के ऊपर भारी पड़ेंगे। आपके सामाजिक संबंध और प्रगाढ़ होंगे। दांपत्य जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। पहले की गई मेहनत का आपको सुखद परिणाम प्राप्त होगा। व्यापार में नए सहयोगी जुड़ सकते हैं।

**कर्क:** आज कानूनी अड़चनों से छुटकारा मिलेगा। बुरी संगत से आपको बचने की आवश्यकता है। अध्यात्मिक चर्चाओं से आपका दृष्टिकोण बदल सकता है। उच्च रक्तचाप के रोगियों को गुस्सा करने से बचना चाहिए। दूसरे लोगों के मामलों को लेकर ज्यादा सोच-विचार न करें।

**सिंह:** आज आप नव समाचारों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। प्रेम विवाह के मार्ग में बाधा आ सकती है। कटु भाषा का चयन करने से बचें। शोध क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। लोग आपकी कला व योग्यता को सम्मान देंगे।

**कन्या:** आज अधिकारियों का विश्वास आपके ऊपर से कुछ कम हो सकता है। शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में थोड़ी कमी रहेगी। व्यर्थ की बातों का तनाव न लें। अपने काम व जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। बड़ों के द्वारा दिया गया सुझाव आपके काफी काम आएगा।

**तुला:** आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। धार्मिक चर्चाओं के लिए दिन सर्वोत्तम रहेगा। आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। अपने स्वभाव में सकरात्मकता बनाए रखें। अविवाहित महिला जातक के विवाह की चिंता रहेगी।

**वृश्चिक:** आज जॉब इंटरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। प्रेमी जन से अपने दिल की बातें शेयर करने से मन हल्का होगा। गृह कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं। दूरस्थ परिजनों के साथ फोन पर बातें होंगी।

**धनु:** आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। नई संपत्ति खरीदने का विचार बनाएंगे। आप अपने आप में ही व्यस्त रहेंगे। अविवाहितों को प्रेम प्रस्ताव मिल सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। व्यापार में जबरदस्त उन्नति होगी।

**मकर:** आज सेहत के मामले में लापरवाही न करें। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। कार्यस्थल में आपका दबदबा घट सकता है। कोई नकारात्मक समाचार मिलने की संभावना है।

**कुंभ:** आज किसी नए काम को लेकर मन में विचार आएंगे। जीवनसाथी के साथ समय बहुत अच्छा रहेगा। संतान के करियर को लेकर समस्या दूर होगी। पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा। व्यवसाय को लेकर नया प्रयोग कर सकते हैं।

**मीन:** आज मार्केटिंग पर आपको काफी ध्यान देने की आवश्यकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त होगा। निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेंगे। टीमवर्क के माध्यम से उलझे मामलों को संभाल लेंगे।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | देवता | दोपहर : 12.30 |
| B4U Movies | परिवार | रात : 07.00 |
| &pictures | सीक्रेट सुपरस्टार | सुबह : 10.47 |
| &pictures | फराज | रात : 08.00 |
| Sony Pix | घोस्त राइडर | सुबह : 11.12 |
| Sony Pix | अनचार्टेड | रात : 09.00 |
| Zee Cinema | मिली | सुबह : 09.35 |
| Zee Cinema | ऑपरेशन जावा | रात : 08.00 |
| Colors Cineplex | कसक | सुबह : 09.36 |
| Colors Cineplex | कभी अलविदा ना कहना | शाम : 05.58 |

### आज की सुपरहिट फिल्म





कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू - इतना परेशान क्यों है?
गप्पू - अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे।
पप्पू - तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू - उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए।

भिखारी- कुछ दे दो साहब, लाचार हूं।
सिंटू- हट्टे-कट्टे तो दिख रहे हो। लाचार किस चीज से हो?
भिखारी- अपनी आदत से।

| बाजार | संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,343.46 | 24,800.85 |
| बढ़त | 626.91 | 187.85 |
| प्रतिशत में | 0.78 | 0.76 |

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2450–2460 आर.आर.21 2550–2600 गेहूंफारम 2600–2700 जौ 2300–2400 ज्वार 2000–4000 बाजरा 2100–2150 मकाई 2200–2400 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6300–6400 अरहर 9000–10000 मसूर 5500–5600 मटर 3700–3800 उड़दहरा 11000–11500 उड़दकाला 8000–9000 मूंग 8000–8200 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 16400–16500 अरहरस्पेशल 13900–14000 चनादाल 8000–8100 मटरदाल 4450–4550 मसूरमलका 7150–7225 मसूरदाल 7375–7425 उड़ददाल 9000–13300 उड़द धोवा 10000–13000 मूंगदाल 8100–9700 मूंग धोवा9700–11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800–4000 बासमती न01.10500–11000 सेला 3000–4000 बासमती न02.7000–8000 आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1460–1500 मैदा 1420–1470 सूजी 1480–1520 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1380–1420 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5600–5800 अलसी 4500–4600 अण्डी 4600–4700 तिल्ली 11000–11500 मूंगफली दानाशिवपुरी 9300–10800 बटाली 8600–10100 सेहुआं 4000–4500 तेल (प्रति क्वि.) सरसोंकोल्हू 12200–12300 अलसी 10100–10200 अण्डी 12800–13000 रिफाइण्ड (प्रति टिन)सोयाबीन 1570–1569 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2600–2650 अलसी 4900–5000 अण्डी 1400–1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1565–1564 मयूर 1565–1564 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौरलडडू 4900–4950

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 94300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 76125 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56750–56950 |

# गांवों में खर्च बढ़ने से मांग की स्थिति हुई बेहतर: आरबीआई

## 2024-25 की दूसरी तिमाही के दौरान अर्थव्यवस्था में तेजी के संकेत

**मुंबई, एजेंसी**

चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (जून-अगस्त) की शुरुआत अर्थव्यवस्था में तेजी के संकेतों के साथ हुई है। ग्रामीण क्षेत्र में खर्च में सुधार से मांग की स्थिति बेहतर हुई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को बुलेटिन में यह कहा।

आरबीआई के बुलेटिन में अर्थव्यवस्था की स्थिति शीर्षक से प्रकाशित एक लेख में कहा गया कि विकसित अर्थव्यवस्थाओं और उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) में वैश्विक आर्थिक गतिविधियां मजबूत हो रही है। साथ ही वस्तुओं तथा सेवाओं में वैश्विक व्यापार गति पकड़ रहा है।



- तीन महीनों की नरमी के बाद जून में उपभोक्ता मुद्रास्फीति में हुई वृद्धि
- सब्जियों और अन्य खाद्य उत्पादों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 5.08 प्रतिशत पर पहुंची थी

लेख में कहा गया कि भारत में 2024-25 की दूसरी तिमाही अर्थव्यवस्था में तेजी के संकेतों के साथ शुरू हुई है। कृषि परिदृश्य तथा ग्रामीण व्यय में सुधार, मांग बढ़ाने में प्रमुख बिंदु साबित हुए हैं। इसमें कहा गया कि लगातार तीन महीनों की नरमी के बाद जून 2024 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई है। इसकी मुख्य वजह सब्जियों की कीमतों में वृद्धि है।

उल्लेखनीय है कि सब्जियों और अन्य खाद्य उत्पादों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.08 प्रतिशत पर पहुंच गई। इससे पिछले महीने मई में यह खुदरा मुद्रास्फीति 4.8 प्रतिशत पर थी हालांकि, केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया कि बुलेटिन में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

## एल्युमीनियम कबाड़ आयात पर शून्य शुल्क की मांग

**नई दिल्ली।** बजट से पहले पुनर्चक्रण उद्योग निकाय एआई ने सरकार से एल्युमीनियम कबाड़ पर आयात शुल्क हटाने का आग्रह किया। मैटेरियल रिसाइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमआरएआई) के अनुसार, एल्युमीनियम कबाड़ की पुनर्चक्रण प्रक्रिया से प्रति टन उत्पादन पर केवल 3 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित होता है, जबकि स्मेल्टर से 1 मीट्रिक टन एल्युमीनियम के उत्पादन पर 14 टन कार्बन उत्सर्जन होता है। एआई ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे पत्र में कहा कि भारतीय एल्युमीनियम पुनर्चक्रण उद्योग के सामने सबसे बड़ी चुनौती 2.5 प्रतिशत आयात शुल्क है। सरकार को इसे तब तक शून्य करना चाहिए जब तक कि घरेलू बाजार में गुणवत्तापूर्ण सामग्री (कबड़ा) पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध न हो जाए।

# एफटीए से भारत-रूस वाणिज्य को बढ़ावा मिलेगा: जीटीआरआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

निर्यात बढ़ाने, स्थानीय मुद्रा व्यापार को व्यावहारिक बनाने और यूरेशियन आर्थिक संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) जैसे कदमों से भारत और रूस के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत को व्यापार घाटे को लेकर चिंतित नहीं होना चाहिए, क्योंकि उसे रूस से बाजार मूल्य से सस्ते दाम पर कच्चा पेट्रोलियम तेल मिल रहा है। इससे भारत का समग्र तेल आयात बिल भी कम हो रहा है।

2022 में यूक्रेन युद्ध तथा अमेरिका द्वारा रूस पर प्रतिबंध लगाने के बाद से भारत और रूस के बीच व्यापार संबंधों में काफी बदलाव आया है। रूस से आयात में तीव्र वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप व्यापार असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो गई है। 2020-21 और 2023-24 में निर्यात 59% बढ़ा, वहीं आयात में भी वृद्धि हुई है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि 2023-24 में मौजूदा द्विपक्षीय व्यापार 65.7 अरब डॉलर होने के साथ यह लक्ष्य हासिल हो सकता है। 2023-24 में रूस को भारत का निर्यात 4.3 अरब अमरीकी डॉलर था, जबकि कच्चे तेल से प्रेरित आयात 61.4 अरब अमरीकी डॉलर था।



- निर्यात में वृद्धि, स्थानीय मुद्रा में व्यापार और यूरेशियन संघ से हुए समझौते

# दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स के दो ब्लॉक दुनिया की 10 बड़ी खदानों में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एसईसीएल के गेवरा और कुसमुंडा ब्लॉक ने दूसरा और चौथा स्थान पाया

दुनिया की 10 सबसे बड़ी कोयला खदानों की सूची में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के गेवरा और कुसमुंडा ब्लॉक ने क्रमशः दूसरा और चौथा स्थान हासिल किया है। वर्ल्डएटलस डॉट कॉम ने उत्पादन मात्रा के आधार पर कोयले की सबसे बड़ी खदानों की सूची जारी की है।

एसईसीएल ने गुरुवार को कहा कि छत्तीसगढ़ के कोरबा स्थित दोनों खदानें सालाना 10 करोड़ टन से अधिक कोयला उत्पादन करती हैं। यह भारत के कुल कोयला उत्पादन का 10% है। वर्ल्डएटलस डॉट कॉम द्वारा जारी दुनिया की 10 सबसे बड़ी कोयला खदानों की सूची में गेवरा और कुसमुंडा खदानों को क्रमशः दूसरा और चौथा स्थान मिला है। एसईसीएल ने कहा कि गेवरा की वार्षिक उत्पादन क्षमता 7 करोड़ टन है। इस खदान ने 2023-24 में 5.9 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया। जबकि कुसमुंडा ने 5 करोड़ टन से अधिक कोयले का उत्पादन किया। एसईसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रेम सागर मिश्रा ने कहा कि यह गर्व की बात है कि दुनिया की पांच सबसे बड़ी कोयला खदानों में से दो छत्तीसगढ़ में हैं।

## जीडीपी वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान : फिक्की

**नई दिल्ली।** उद्योग संगठन फिक्की ने चालू वित्त वर्ष में औसत जीडीपी वृद्धि दर 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान जताते हुए सरकार से आम बजट में कराधान सुधार, रोजगार सृजन, नवाचार और सतत विकास पर ध्यान केंद्रित किये जाने की अपील की है। जुलाई 2024 में किसे गये सर्वेक्षण के आधार पर आज जारी फिक्की के आर्थिक दृष्टिकोण रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। इसमें कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए औसत वृद्धि दर 2024-25 के लिए 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। यह वर्ष 2023-24 में दर्ज की गई लगभग 1.4 प्रतिशत की वृद्धि दर की तुलना में सुधार दर्शाता है। सामान्य दक्षिण-पश्चिम मानसून की उम्मीद के साथ अल नीनो प्रभाव में कमी आने से कृषि उत्पादन के लिए अच्छा संकेत मिलने की संभावना है।

- बजट में रोजगार नवाचार और विकास पर ध्यान केंद्रित करने की अपील

# भारत सबसे बड़ा पॉम ऑयल बाजार : गनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भारत में चावल-चीनी जैसे उत्पादों के निर्यात पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने की मलेशियाई मंत्री ने की अपील

मलेशिया के पौधरोपण और कमोडिटी मंत्री वायबी दातुक सेरी जौहरी बिन अब्दुल गनी ने आम चुनाव के दौरान भारत में चावल और चीनी जैसे आवश्यक कृषि उत्पादों के निर्यात पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने की अपील करते हुए गुरुवार को कहा कि भारत उनके लिए बहुत बड़ा पॉम आयॅल बाजार है क्योंकि भारत में बढ़ता मध्यम वर्ग इस सबसे बड़ा खरीददार है।

गनी ने भारतीय वनस्पति-तेल उत्पादक संघ (आईवीपीए) द्वारा आईवीपीए ग्लोबल राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस के तीसरे संस्करण के शुभारंभ पर यह बात कही। कॉन्फ्रेंस की थीम- वेज ऑयल्स विजन 2030: अवसर और चुनौतियां थी। गनी ने कहा कि मलेशिया पर भारत के निर्यात प्रतिबंधों के प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। अगर भारत खुलता है, तो यह मलेशिया के लिए फायदेमंद होगा। भारत को पाम ऑयल का महत्वपूर्ण निर्यातक मलेशिया, भारत के सुरक्षात्मक उपायों से खुद को चुनौतीपूर्ण स्थिति में पाता है। पिछले वर्ष मलेशिया से भारत को पाम ऑयल और पाम ऑयल उत्पादों का निर्यात कुल 33 लाख टन था, जिसका मूल्य 3 अरब डॉलर था, जो मलेशिया के पाम ऑयल निर्यात का 13% था।

उन्होंने कहा कि 2023 में भारत में तेल और वसा की खपत 2.72 करोड़ टन था और इसमें पॉम ऑयल की हिस्सेदारी 36%थी। भारत में खाद्य और अखाद्य क्षेत्रों में पॉम ऑयल की मांग में तेजी आ रही है क्योंकि मध्यम वर्ग में वृद्धि हो रही है। अभी भारत में मध्यम वर्ग की आबादी 31% है, जिसके 2031 तक बढ़कर 38 % होने का अनुमान है और 2047 तक यह आबादी 60% हो जायेगी।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### प. बंगाल में किशोरी से दुष्कर्म, चार नाबालिगों सहित सात गिरफ्तार

**जलपाईगुड़ी, (प. बंगाल)**, प. बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में चाय बागान में 4 नाबालिगों समेत सात लोगों ने किशोरी से कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि किशोरी के परिवार ने जिन सात लोगों को नामजद किया है, उन्हें बीते तीन दिन में गिरफ्तार किया जा चुका है। सात आरोपियों में से 4 नाबालिग हैं और तीन वयस्क आरोपियों में से दो को पुलिस व एक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि नाबालिगों को किशोर गृह भेजा गया है। किशोरी एक आरोपी के अनुरोध पर दुआर्स क्षेत्र स्थित चाय बागान में सुनसान जगह गई थी। वह किशोरी का मित्र बताया जा रहा है। रविवार दोपहर बाद जब वह उस जगह पहुंची तो सात लोगों ने उससे दुष्कर्म किया और वीडियो बनाई।

### ट्रांसपोर्टर कार्यालय से 3.5 करोड़ लूटने के आरोप में 12 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में ट्रांसपोर्टर के कार्यालय से 3.5 करोड़ रुपये लूटने के आरोप में अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) मनोज कुमार मीणा ने बताया कि पिछले हफ्ते यहां किशनगंज इलाके में कुछ लोग ट्रांसपोर्टर के कार्यालय में घुस गए थे और बंदूक दिखाकर लूटपाट की थी। उन्होंने कहा कि लूटपाट के सिलसिले में बृहस्पतिवार को आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि चार लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। अधिकारी ने कहा कि हम जल्द ही (आरोपियों की) पहचान और लूटपाट के उनके तरीके का खुलासा करेंगे।

# कांग्रेस विधायक के ठिकानों पर ईडी का छापा

## 1,392 करोड़ रुपये के कर्ज से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के तहत हुई कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 1,392 करोड़ रुपये के कथित बैंक कर्ज धोखाधड़ी के मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के सिलसिले में कार्रवाई करते हुए देश के कई प्रदेशों सहित 15 स्थानों पर छापेमारी की और परिसरों की तलाशी ली। केंद्रीय एजेंसी ने मामले से जुड़े हरियाणा के कांग्रेस विधायक राव दान सिंह, एक धातु निर्माण कंपनी और उसके प्रवर्तकों के ठिकानों पर भी गुरुवार को छापेमारी कर तलाशी अभियान चलाया।

केंद्रीय एजेंसी के गुरुग्राम स्थित कार्यालय के अधिकारियों ने गुरुवार को बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मामले की जांच के तहत हरियाणा के महेंद्रगढ़, बहादुरगढ़, गुरुग्राम तथा दिल्ली और झारखंड के जमशेदपुर समेत 15 स्थानों पर तलाशी ली। कार्रवाई के दौरान ईडी की टीम के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों का एक दल भी था।

सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने जिन लोगों के ठिकानों की तलाशी ली, उनमें महेंद्रगढ़ क्षेत्र से 65 वर्षीय विधायक राव दान सिंह, उनका बेटा अक्षत सिंह, एलाइड स्ट्रिप्स लिमिटेड (एएसएल) कंपनी तथा उसके प्रवर्तक मोहिंदर अग्रवाल, गौरव अग्रवाल व अन्य लोग शामिल हैं। केंद्रीय एजेंसी ने राव दान सिंह के रेवाड़ी स्थित फार्म हाउस की भी तलाशी ली है। एएसएल स्टील रोल उत्पादों का निर्माण करती है। इस कंपनी पर 1,392 करोड़ रुपये के बैंक कर्ज धोखाधड़ी मामले में शामिल होने का आरोप है। जिसकी जांच के तहत केंद्रीय एजेंसी ने कार्रवाई की है।

**बैंक धोखाधड़ी मामला**



- हरियाणा, दिल्ली और झारखंड समेत 15 स्थानों की ली गई तलाशी

### सीबीआई ने 2022 में कंपनी के खिलाफ दर्ज किया था मामला, विधायक ने ली रकम नहीं की वापिस

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2022 में कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सूत्रों के मुताबिक, ऐसा आरोप है कि राव दान सिंह के परिवार और उनकी कंपनियों ने एएसएल से कर्ज लिया था, लेकिन कभी कर्ज की राशि को लौटाया नहीं और बाद में इस कर्ज की रकम को बट्टे खाते में डाल दिया गया, जिसकी जांच के तहत ईडी ने विधायक के ठिकानों की तलाशी के लिए और कंपनी से जुड़े कई स्थानों पर छापेमारी की है। सिंह ने कांग्रेस पार्टी के टिकट पर भिवानी–महेंद्रगढ़ सीट से हाल में लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन वह 41,000 से अधिक वोटों के अंतर से भाजपा के धर्मबीर सिंह से हार गए थे।

# मोदी के खिलाफ हिंसा भड़काने वाले बयानों का इस्तेमाल करती है कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने गुरुवार को कांग्रेस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अक्सर हिंसा भड़काने वाले बयानों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में शब्दों का चयन बेहद महत्वपूर्ण होता है।

उन्होंने कहा कि हिंसा और हत्या जैसे शब्दों से समाज में अनावश्यक तनाव पैदा होता है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पूर्व आईपीएस के लेख का हवाला देते हुए कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए बयानबाजी कई बार हिंसा को उकसाती है। उन्होंने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास का जिक्र किया। वैष्णव ने कहा कि विपक्ष को अपनी गरिमा को बनाए रखना चाहिए। त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी ने संसद में हिंसा और हत्या जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया और चुनाव प्रचार के दौरान मोदी के काफिले पर कुछ फेंके जाने की घटना पर कहा था कि अब मोदी से कोई नहीं डरता। पंजाब के कार्यक्रम के लिए गए प्रधानमंत्री की सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी जबकि उस समय वहां कांग्रेस की सरकार थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी जब कश्मीर और मणिपुर जैसे संवेदनशील स्थानों पर गए थे तो उनकी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।





- केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले- विपक्ष को अपनी गरिमा को बनाए रखना चाहिए
- भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पूर्व आईपीएस के लेख का दिया हवाला

# जो अपने पास से सेवा करते हैं, वे बड़े होते हैं : भागवत

**रांची, एजेंसी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत ने कहा कि विकास लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। अपने पास से जो लोगों की सेवा करते हैं, वे बड़े होते हैं। एकजुट होकर कार्य करने से सफलता पाई जा सकती है। उन्होंने गांव के विकास के लिए एक-दूसरे की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।

उन्होंने यह बात गुरुवार को झारखंड के गुमला जिले के विकास भारती बिशुनपुर में ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। कार्यक्रम की शुरुआत में भागवत सहित अन्य अतिथियों का आदिवासी परंपरा के अनुसार पत्ते की टोपी पहनाकर और भगवान जतरा टाना भगत की मूर्ति देकर स्वागत किया गया। भागवत ने कहा कि जिनके पास सब कुछ होता है और वह किसी की सेवा नहीं करते हैं। आदिवासी जनजाति बहुल क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो सका लेकिन एकजुट होकर कार्य करने से सफलता मिलेगी। वर्तमान में विश्वास में सेवा और विकास की आवश्यकता है।



- झारखंड में ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का संबोधन, लोगों ने भगवान जतरा टाना भगत की मूर्ति देकर किया गया स्वागत

## सूरत में 51.4 करोड़ के मादक पदार्थ सहित तीन लोग गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने सूरत के बाहरी इलाके में मेफेड्रोन निर्माण इकाई का भंडाफोड़ कर 51.4 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ और कच्चा माल जब्त किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि सुनील यादव, विजय गजेरा और हरेश कोराट को गिरफ्तार किया गया है।

जांच में पाया गया कि तीनों ने सूरत जिले के पलसाना तालुका के करेली गांव में 20,000 रुपये मासिक पर औद्योगिक इकाई किराए पर ली हुई थी जहां वे विभिन्न सामग्री का उपयोग करके मेफेड्रोन बनाने थे।

# अबू सलेम तलोजा जेल से नासिक के केंद्रीय कारागार स्थानांतरित

**मुंबई, एजेंसी**

- 17 अन्य हाई प्रोफाइल कैदी भी दूसरी जेलों में भेजे गए, इमारत की मरम्मत के चलते की गई व्यवस्था

अबू सलेम तथा तलोजा केंदीय कारागार में बंद 17 अन्य हाई-प्रोफाइल कैदियों को दूसरी जेलों में भेजा गया है या उन्हें सामान्य बैरक में ले जाया गया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

अबू सलेम गैंगस्टर एक्ट तथा 1993 मुंबई बम धमाकों का दोषी है जबकि एंटीलिया आतंकवादी मामले के आरोपी बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे के साथ ही एल्गार परिषद मामले के कई आरोपी इनमें शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि सलेम को नासिक सेंट्रल जेल स्थानांतरित किया गया है, जबकि वाजे को ठाणे जेल भेजा गया है और अन्य कैदियों को जेल की सामान्य बैरक में रखा गया है। उच्च सुरक्षा वाले कैदियों को आमतौर पर सुरक्षा उद्देश्यों के लिए अंडा सेल या अलग इमारत में रखा जाता है। तलोजा जेल अधिकारियों ने बताया कि पनवेल में लोक निर्माण विभाग के संरचनात्मक ऑडिट से पता चला है कि उच्च सुरक्षा वाली इमारत उपयोग के लिए असुरक्षित थी।

# यूट्यूबर 'सवुक्कू' शंकर को रिहा करने का आदेश

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने यूट्यूबर (सवुक्कू) शंकर (48) को रिहा करने का आदेश दिया। उसे कोयंबटूर पुलिस ने 4 मई को यूट्यूब चैनल को दिए साक्षात्कार में महिला पुलिस कर्मियों पर अपमानजनक बयान देने के आरोप में गुंडा अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। वह इस समय कोयंबटूर केंद्रीय कारागार में बंद हैं।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि पीठ शंकर की मां गुंडा अधिनियम के तहत उसकी हिरासत को चुनौती देने वाली दायर पर सुनवाई कर रही थी। वहीं चेन्नई पुलिस के अनुसार, शंकर के खिलाफ सात मामले लंबित हैं, जिनमें से तीन मामलों की जांच चल रही है। दो में आरोप पत्र दायर किए जा चुके हैं। शेष मामलों में सुनवाई लंबित है।

- शंकर की मां ने हिरासत को चुनौती देते हुए दायर की थी याचिका

## कर्नाटक सरकार को गिराना चाहती है भाजपा : गौड़ा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि भाजपा राज्य सरकार को गिराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है और कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार लोगों पर वरिष्ठ नेताओं के नाम लेने का दबाव डाल रही है।

राज्य के राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने दावा किया कि केंद्र सरकार कर्नाटक सरकार को गिराने का प्रयास कर रही है, जैसा उसने झारखंड, दिल्ली, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में किया था। उन्होंने कहा कि हमारे पास पुख्ता जानकारी है और हम इसे आपके साथ साझा करेंगे।

- राजस्व मंत्री बोले- केंद्रीय एजेंसियों का कर रही इस्तेमाल

# 7 घंटे में स्थानांतरित हुए जगन्नाथ मंदिर के रत्न

**पुरी, एजेंसी**

पुरी स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर के प्रतिष्ठित खजाने रत्न भंडार (कोषागार) में रखी गयी मूल्यवान सामग्री और आभूषणों को एक अस्थायी भंडार कक्ष में स्थानांतरित करने का कार्य गुरुवार को सात घंटों के भीतर पूरा हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि रत्न भंडार को इस सप्ताह दूसरी बार खोला गया ताकि बहुमूल्य चीजों को मंदिर परिसर के भीतर एक अस्थायी स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जा सके। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के प्रमुख अरविंद पाढ़ी ने बताया कि रत्न भंडार के आंतरिक कक्ष से सभी कीमती सामान को सफलतापूर्वक मंदिर परिसर के भीतर एक अस्थायी स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित कर दिया गया है। लकड़ी और स्टील की अलमारियों और संदूकों सहित सात कंटेनरों को स्थानांतरित करने की पूरी प्रक्रिया में सात घंटे लगे। मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के निर्देशों के अनुसार आंतरिक कक्ष और अस्थायी 'स्ट्रांग रूम' दोनों को बंद कर सील कर दिया गया है।



- मंदिर के भीतर अस्थायी स्ट्रॉन्ग रूम में रखा गया सामान

### 7 कंटेनरों में रखे गए कीमती सामान

पर्यवेक्षण समिति के अध्यक्ष एवं उड़ीसा हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश विश्वनाथ रथ ने कहा कि आंतरिक कक्ष के अंदर आभूषण और कीमती सामान सात कंटेनरों में रखे गए, जिनमें तीन लकड़ी की अलमारियां, दो लकड़ी की पेटियां, एक स्टील की अलमारी और एक लोहे की पेटी है। सभी सामान को नये कंटेनरों में रखा गया और बाद में मंदिर परिसर में अस्थायी स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित कर दिया गया। रथ ने कहा कि स्ट्रांग रूम को सील कर चाबियां पुरी जिलाधिकारी को दे दी गई। चाबियां खजाने में रखी जाएंगी। न्यायमूर्ति रथ ने कहा कि आंतरिक कक्ष के अंदर हमने जो देखा उसका विवरण गोपनीय है। इसे सार्वजनिक रूप से उजागर करना अनुचित होगा।

# न्यायमूर्ति कोटिश्वर और महादेवन सुप्रीम कोर्ट में बने न्यायाधीश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एन. कोटिश्वर सिंह ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पद की शपथ ली और वह मणिपुर से सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत होने वाले पहले न्यायाधीश बन गए हैं। मद्रास हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आर. महादेवन ने भी उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने उच्चतम न्यायालय परिसर में हुए एक समारोह में दोनों न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलायी। इसके साथ ही अब उच्चतम न्यायालय में सीजेआई समेत न्यायाधीशों की संख्या 34 हो गयी है जो कि पूर्ण है। उच्चतम न्यायालय में एक सितंबर 2024 को न्यायमूर्ति हिमा कोहली के सेवानिवृत्त होने तक 34 न्यायाधीश काम करेंगे। इसके बाद सीजेआई चंद्रचूड़ इस साल 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे।



## एक नजर

### नेपाल का भविष्य उज्ज्वल है: प्रधानमंत्री ओली

**काठमांडू।** नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने गुरुवार को कहा कि देश का भविष्य उज्ज्वल है, लेकिन लगातार राजनीतिक उथल-पुथल के बीच इसके वर्तमान परिदृश्य को बदलने की जरूरत है। द राइजिंग नेपाल अखबार के अनुसार, चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में सोमवार को शपथ लेने वाले ओली ने कहा कि देश का वर्तमान परिदृश्य अच्छा नहीं है। नेपाल को लगातार राजनीतिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ा है क्योंकि गणतंत्र लागू होने के बाद पिछले 16 वर्षों में देश ने 14 सरकारें देखी हैं।

### राफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने का प्रस्ताव खारिज

**रामल्लाह।** फिलिस्तीन ने इजरायल की वापसी के बिना राफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। आधिकारिक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्र के अनुसार पिछले सप्ताह मिस्र और गाजा पट्टी के बीच राफा सीमा क्रॉसिंग के संचालन की संभावना का पता लगाने के लिए फिलिस्तीन, अमेरिका और इजरायल के प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की गई थी।

### फ्रांस में आग दुर्घटना में सात लोगों की मौत

**पेरिस।** फ्रांस के नीस शहर में बुधवार रात लगी आग में सात लोगों की मौत हो गयी, जिसमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। फ्रांस के गृह मंत्री गेराल्ड डर्मेनिन ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर कहा, अग्निशमन विभाग की तत्काल कार्रवाई से कई और लोगों को हताहत होने से बचाया जा सकता था। उन्होंने कहा कि आग लगने के पीछे के कारणों की जांच जारी है। आग बुझाने में कुल 25 दमकल गाड़ियां और 72 दमकलकर्मी शामिल थे।

### दक्षिणी म्यांमार में बाढ़ के कारण 19 स्कूल बंद

**यांगून।** म्यांमार में दक्षिण के बागो क्षेत्र में स्थित पांडुंग टाउनशिप के 19 स्कूलों को अयेयारवाडी नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण बंद कर दिया गया है। सरकारी अखबार म्यांमार एलिन डेली ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है कि पांडुंग टाउनशिप में हाई स्कूल, मिडिल स्कूल और प्राइमरी स्कूल समेत 160 स्कूल हैं। निचले इलाकों के 19 स्कूलों को 16 जुलाई से नदी में आयी बाढ़ के कारण अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

### ऑस्ट्रिया में कला महोत्सव की शुरुआत

**वियना।** पश्चिमी ऑस्ट्रिया के शहर ब्रेगेंज में बुधवार को 2024 ब्रेगेंज़ फेस्टिवल, एक प्रमुख प्रदर्शन कला महोत्सव शुरू हुआ। जिसमें दुनिया भर से गणमान्य व्यक्ति और पर्यटक शामिल हुए। इस वर्ष के महोत्सव का मुख्य आकर्षण कार्ल मारिया वॉन वेबर का ओपेरा डेर फ्रीशयूट्ज़ रात को लेक कॉन्स्टेंस पर एक तैरते हुए मंच पर प्रीमियर हुआ। आयोजकों के अनुसार इस वर्ष के महोत्सव में ओपेरा और ऑर्केस्ट्रा संगीत कार्यक्रमों सहित 80 से अधिक कार्यक्रम शामिल हैं और बुधवार तक कार्यक्रम के 220,000 से अधिक टिकटों में से लगभग 85 प्रतिशत बिक चुके हैं।

# बाइडन फिर कोविड-19 से हुए संक्रमित : व्हाइट हाउस

मिलवाउकी, एजेंसी



• लास वेगास में उनका एक महत्वपूर्ण प्रचार अभियान बीमारी के कारण बाधित हो गया

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन एक बार फिर कोविड-19 से संक्रमित हो गए हैं। व्हाइट हाउस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इसके साथ, राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के महत्वपूर्ण मोड़ पर उन्हें अपना अभियान रोकना पड़ा है। बाइडन (81) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मैं बीमार हूं। बाइडन बुधवार को कोविड-19 से संक्रमित हो गए, जिसके कारण लास वेगास में उनका एक महत्वपूर्ण प्रचार अभियान बाधित हो गया।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने एक बयान में कहा, उन्हें कोविड-19 रोधी टीका लगा हुआ है और उन्होंने बूस्टर डोज भी ले रखी है। उनमें हल्के लक्षण नजर आ रहे हैं। बाइडन अपने आवास डेलावेयर लौट आये हैं, जहां वह एकांतवास में रहेंगे। हालांकि, इस दौरान वह अपने सभी दायित्वों का निर्वहन करेंगे। प्रेस सचिव ने कहा कि व्हाइट हाउस राष्ट्रपति की स्थिति के बारे में नियमित जानकारी उपलब्ध कराता रहेगा।

# भूस्खलन एक गंभीर प्राकृतिक आपदा



भारत में भूस्खलन एक गंभीर प्राकृतिक आपदा है जिसके भयानक परिणाम होते हैं। पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्रों में आबादी के बढ़ने के साथ ही भूस्खलन को समझना, सतत विकास और आपदा प्रबंधन के लिए महत्त्वपूर्ण हो जाता है। आइए भूस्खलन के विभिन्न पहलुओं को समझने का प्रयास करते हैं।

### भू-वैज्ञानिक घटना है भूस्खलन

भूस्खलन एक भू-वैज्ञानिक घटना है, जिसमें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव से चट्टान, मिट्टी या मलबे के एक बड़े हिस्से का अचानक और तेजी से ढलान पर नीचे की ओर खिसकना शामिल होता है। इसमें वृहद् स्तर पर पत्थरों का खिसकना, मिट्टी और हिमनदों का बहाव तथा पहाड़ियों का टूटना आदि को सम्मिलित किया जाता है।

### भारत में भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्र

भारत विश्व के शीर्ष पांच भूस्खलन संभावित देशों में से एक है। बर्फ से ढके क्षेत्रों को छोड़कर, भारत का लगभग 12.6 प्रतिशत भौगोलिक भूमि क्षेत्र भूस्खलन की संभावना वाला है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र भारत के कुल भूस्खलन संभावित क्षेत्रों का लगभग 50 प्रतिशत शामिल है। हिमालय में स्थित उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू और कश्मीर, पश्चिमी घाट के किनारे स्थित महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु और पूर्वी घाट के साथ आंध्र प्रदेश में अरकू क्षेत्र शामिल हैं।

### भूस्खलन के लिए संभावित क्षेत्र

- पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्र जैसी खड़ी ढलानों पर भूस्खलन की घटनाएं होना सामान्य बात है।
- ऐसे स्थान जहां चट्टानों में जोड़ और दरारें हों, वहां भूस्खलन की घटनाओं का खतरा अधिक होता है।
- जहां कमज़ोर और वायुदार मिट्टी मौजूद हो, वो भी भूस्खलन को बढ़ावा देती है।
- वनों में आग लगने से मिट्टी कमज़ोर हो जाती है, जिससे भूस्खलन का खतरा बढ़ जाता है।
- वनों की कटाई और निर्माण कार्य जैसी मानवीय गतिविधियों से भी भूस्खलन हो सकता हैं।
- नदियों और नालों के किनारे भी भूस्खलन-संभावित क्षेत्र होते हैं।
- जहां सतही जल जमा होता है या भूमि, जल से अत्यधिक संतृप्त हो जाती है, वहां भी भूस्खलन की आशंका अधिक होती है।

# बांग्लादेश में बाहर न निकलें भारतीय

## छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर भारतीय उच्चायोग ने परामर्श जारी किया

ढाका, एजेंसी



बांग्लादेश में अनिश्चितकाल बंद के दौरान तैनात सुरक्षाकर्मी।

• मिशन ने किसी भी सहायता के लिए 24 घंटे चालू रहने वाले कई आपातकालीन नंबर भी जारी किए

भारत ने बांग्लादेश में हो रहे विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर यहां रहने वाले अपने नागरिकों के लिए गुरुवार को परामर्श जारी करते हुए कहा कि वे यात्रा करने से बचें और कम से कम बाहर निकलें। सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शनों में हिंसा फैलने से देशभर में कम से कम छह लोगों की जान जा चुकी है। हिंसा के कारण सरकार ने मंगलवार देर रात बांग्लादेश में सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के साथ-साथ स्कूलों और कॉलेजों को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया तथा छात्रों से छात्रावास खाली करने को कहा गया।

भारतीय उच्चायोग ने यहां एक बयान में कहा, बांग्लादेश में मौजूदा हालात को देखते हुए बांग्लादेश में रहने वाले भारतीय समुदाय के सदस्यों और भारतीय छात्रों को यात्रा से बचने और अपने निवास स्थान से बाहर कम से कम आवाजाही की सलाह दी जाती है। मिशन ने किसी भी सहायता के लिए 24 घंटे चालू रहने वाले कई आपातकालीन नंबर भी जारी किए हैं। उच्चायोग की वेबसाइट के अनुसार बांग्लादेश में लगभग सात हजार भारतीय हैं। ये झड़पें सोमवार को शुरू हुईं, जब सत्तारूढ़ अवामी लीग के छात्र मोर्चे के कार्यकर्ता प्रदर्शनकारियों के सामने आ गए। प्रदर्शनकारी इस बात पर जोर दे रहे थे कि मौजूदा आरक्षण व्यवस्था सरकारी सेवाओं में मेधावी छात्रों के नामांकन को काफी हद तक रोक रही है।

प्रदर्शनकारियों ने सत्तारूढ़ पार्टी की छात्र शाखा, बांग्लादेश छात्र लीग पर पुलिस के समर्थन से उनके शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन पर हमला करने का आरोप लगाया। छात्र प्रदर्शनकारियों ने गुरुवार को राष्ट्रव्यापी बंद करने का निर्णय लिया है। मौजूदा आरक्षण प्रणाली के तहत 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के नायकों की संतानों और पौत्र-पौत्रियों के लिए 30 फीसदी नौकरियां, प्रशासनिक जिलों के लिए 10 प्रतिशत, महिलाओं के लिए 10 प्रतिशत, जातीय अल्पसंख्यक समूहों के लिए पांच प्रतिशत और दिव्यांगों के लिए एक प्रतिशत नौकरियां आरक्षित हैं। हर साल तीन हजार सरकारी नौकरियां के लिए चार लाख स्नातक छात्र आवेदन करते हैं। प्रदर्शनकारी इस व्यवस्था में बदलाव के लिए आवाज उठा रहे हैं और उनका कहना है कि मौजूदा व्यवस्था मेधावी छात्रों को प्रथम श्रेणी और द्वितीय श्रेणी की सरकारी नौकरियों से वंचित करती है।

### सरकार ने विरोधी छात्रों से बातचीत की इच्छा जताई

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने गुरुवार को देशभर में फिर से हिंसा भड़कने के बाद नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ बातचीत करने की इच्छा व्यक्त की। आधिकारिक समाचार एजेंसी बीएसएस ने बताया कि अधिकारियों ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजधानी सहित देश भर में बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के जवानों को तैनात किया है। कानून मंत्री अनीसुल हक ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ बातचीत के लिए बैठक करने का फैसला किया और यह जिम्मेदारी उन्हें तथा शिक्षा मंत्री मोहिबुल हसन चौधरी को सौंपी गई है। उन्होंने कहा, जब भी वे सहमत होंगे, हम बैठक करेंगे। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कानून मंत्री से उच्चतम न्यायालय में लंबित आरक्षण मामले की जल्द सुनवाई के लिए पहल करने को कहा है।

# नेपाल में भूस्खलन बस हादसे में अभी तक 19 शव बरामद

**काठमांडू।** नेपाल के चितवन जिले में पिछले सप्ताह दो बसों के भूस्खलन के मलबे के साथ नदी में बहने के बाद बचावकर्मियों ने अब तक 19 शव बरामद किए हैं, जिनमें चार भारतीय भी शामिल हैं। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

भूस्खलन की यह घटना शुक्रवार को चितवन जिले के नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर सिमलताल इलाके में हुई थी। 54 लोगों में से तीन लोग घटना के तुरंत बाद तैरकर सुरक्षित निकल गए। बीरगंज से काठमांडू जा रही पहली बस में सात भारतीय नागरिकों समेत 24 यात्री थे। काठमांडू से गौर जा रही दूसरी बस में 30 लोग सवार थे। भारी भूस्खलन की वजह से दोनों बसें त्रिशूली नदी में गिर गई थीं। दोनों बसों से जुड़े हादसे में दुर्घटना स्थल से अब तक 19 लोगों के शव बरामद किए गए हैं।

सशस्त्र पुलिस बल (एसएसबी) के सूत्रों के अनुसार, 19 में से चार शव भारतीय नागरिकों के हैं। पांच पुरुष शवों की अभी तक पहचान नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार नेपाल के स्थानीय अधिकारी बचाव कार्य के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश के भारतीय अधिकारियों के साथ समन्वय बना रहे हैं। खोज और बचाव कार्य गुरुवार को भी जारी रहा।

# विदेश में भारत का पहला जन औषधि केंद्र खुला



मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र के उद्घाटन के दौरान मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनौथ (बीच में) के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर।

पोर्ट लुई, एजेंसी

• विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉरीशस में उद्घाटन किया

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। जयशंकर 16 से 17 जून तक दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस में थे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ भारत के पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन दोनों देशों के बीच विशेष रूप से स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग का प्रमाण है। सभी को सस्ती जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री कुमार जगन्नाथ के साथ मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह औषधि केंद्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वादे के तहत शुरू किया गया है। उन्होंने कहा, भारत-मॉरीशस स्वास्थ्य साझेदारी परियोजना के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए किफायती, भारत में निर्मित दवाओं की आपूर्ति की जाएगी।

# उर्सुला वॉन डेर लेयेन यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष फिर चुनी गईं

**स्ट्रासबर्ग (फ्रांस)।** यूरोपीय संसद के सांसदों ने गुरुवार को उर्सुला वॉन डेर लेयेन को दूसरी बार पांच साल के लिए यूरोपीय संघ के कार्यकारी आयोग की अध्यक्ष के रूप में चुना। उर्सुला के फिर से चुने जाने से 27 देशों के इस समूह के नेतृत्व की निरंतरता सुनिश्चित हो गई है क्योंकि यूरोप यूक्रेन युद्ध से लेकर जलवायु परिवर्तन तक विभिन्न संकटों से जूझ रहा है। पिछले महीने 720 सदस्यीय यूरोपीय संसद के चुनाव में धुर दक्षिणपंथियों की संख्या बढ़ने से यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष पद का चुनाव दिलचस्प हो गया था। उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने उन्हें पद पर बनाए रखने के संबंध में यूरोपीय संसद में होने वाले मतदान से पहले संकट और ध्रुवीकरण के समय यूरोप के लिए एक मजबूत नेता बने रहने का संकल्प लिया था।

# छात्रा की मौत के बाद हंसने वाला पुलिसकर्मी बर्खास्त

न्यूयॉर्क/सिएटल, एजेंसी



• वाशिंगटन के नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी की भारतीय छात्रा की सड़क हादसे में मौत का मामला

अमेरिका में भारतीय छात्रा की मौत के बाद असंवेदनशील टिप्पणियां करने और हंसने वाले एक पुलिस अधिकारी को बर्खास्त कर दिया गया है। वाशिंगटन के नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी की छात्रा जाह्नवी कंडुला (23) जब 23 जनवरी को सड़क पार कर रही थी, तब पुलिस के एक वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। इस वाहन को केविन डेव नाम का अधिकारी चला रहा था और वह एक अन्य मामले की जांच के लिए तेजी से वाहन चलाते हुए जा रहा था। वाहन की टक्कर से कंडुला 100 फुट दूर जाकर गिरी थी।

सिएटल पुलिस विभाग द्वारा जारी बॉडीकैम फुटेज में अधिकारी डैनियल ऑडरर भीषण दुर्घटना पर हंसते हुए और यह कहते सुनाई दिया कि ओह, मुझे लगता है कि वह बोनट पर आ गिरी, आगे के शीशे से टकराई और फिर जब उसने (पुलिस वाहन के चालक ने) ब्रेक मारे तो कार से दूर जाकर गिरी... वह मर चुकी है। अनुशासनात्मक कार्रवाई रिपोर्ट में कहा गया कि ये असंवेदनशील टिप्पणियां करने के बाद ऑडरर चार सेकंड तक जोर-जोर से हंसा। सिएटल पुलिस विभाग की कार्यवाहक प्रमुख स्यू राह ने एक ई-मेल में कहा कि कंडुला के परिवार को जो पीड़ा पहुंची उसे दूर नहीं जा सकता।

# उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया की ओर गुब्बारे छोड़े

**सियोल।** दक्षिण कोरिया ने गुरुवार को कहा है कि उत्तर कोरिया ने उसकी ओर गुब्बारे छोड़े हैं, जिनमें कचरा हो सकता है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि गुब्बारे सियोल के उत्तरी इलाके के ऊपर उड़ रहे हैं जो सीमा से करीब एक घंटे की दूरी पर है। माना जाता है कि उत्तर कोरिया ने नागरिकों के लिए पर्चे गिराने के दक्षिण कोरिया के अभियान की प्रतिक्रिया में उसकी ओर गुब्बारे छोड़े हैं। उत्तर कोरिया ने मई के अंत में दक्षिण कोरिया की ओर अनेक गुब्बारे छोड़े थे जिनमें कचरा और सिगरेट के टोटे आदि थे। उत्तर कोरिया ने कहा था कि यह दक्षिण कोरिया की ओर से गुब्बारों के माध्यम से राजनीतिक पर्चे भेजे जाने की प्रतिक्रिया थी। इनमें कोई भी खतरनाक सामग्री नहीं मिली।

# चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने पूर्व विदेश रक्षा मंत्रियों को शीर्ष निकाय से हटाया

बीजिंग, एजेंसी

चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने गुरुवार को अपनी केंद्रीय समिति से बर्खास्त विदेश मंत्री किन गांग का इस्तीफा स्वीकार कर लिया तथा पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और दो अन्य शीर्ष जनरलों को पार्टी से निष्कासित करने के निर्णय का समर्थन किया। यह निर्णय गुरुवार को यहां संपन्न हुई पार्टी की केंद्रीय समिति की शीर्ष स्तरीय बैठक के दौरान लिया गया। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के तीसरे पूर्ण अधिवेशन नामक चार दिवसीय सत्र के अंत में जारी विज्ञप्ति के अनुसार, अर्थव्यवस्था में सुधार के उपायों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई बैठक में कॉमरेड किन गांग का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है।

किन (58) चीन के सबसे कम समय तक विदेश मंत्री रहने के बाद 2023 में अचानक सार्वजनिक तौर पर दिखना बंद हो गये थे। उनके पते-ठिकाने की भी जानकारी नहीं है। उनके इस्तीफे को स्वीकार करते हुए हालांकि केंद्रीय समिति ने अब भी किन को कॉमरेड (साथी) कहा है। इसके बाद किन का स्थान उनके पूर्ववर्ती वांग यी ने ले लिया जो पार्टी के उच्चस्तरीय पोलित ब्यूरो के सदस्य भी हैं।

तीसरे पूर्ण अधिवेशन में जनरल ली शांगफू और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के दो अन्य वरिष्ठ जनरलों ली यूचाओ और सन जिनमिंग को पार्टी से निष्कासित करने के पोलित ब्यूरो के पहले के फैसले की भी पुष्टि की गई।

### चीन में एक मॉल में आग लगने से 16 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के दक्षिण पश्चिम में सिचुआन प्रांत में एक शॉपिंग मॉल में आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। चीन के सरकारी मीडिया के अनुसार, बुधवार की शाम करीब छह बजे सिचुआन प्रांत के जिगोंग शहर के हाई-टेक जोन में स्थित 14 मंजिला इमारत में आग लग गई। तस्वीरों और वीडियो में इमारत से धुएं का गुबार उठता दिख रहा है, कई लोग बालकनी पर भी दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय अग्निशमन विभाग ने बताया कि बचाव अभियान बृहस्पतिवार को पूरा हो गया। इमारत के अंदर फंसे करीब 75 लोगों को बाहर निकाल लिया गया। खबर में कहा गया है कि प्राथमिक जांच के अनुसार आग निर्माण कार्य के कारण लगी थी।

# चंद्रमा पर लैंडर भेजने का नासा का मिशन रद

वाशिंगटन, एजेंसी



• लागत में वृद्धि और प्रक्षेपण में देरी होने के कारण लिया निर्णय

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा कि वह लागत में वृद्धि और प्रक्षेपण में देरी होने के कारण, पानी की खोज के लिए चंद्रमा पर रोवर भेजने के मिशन को रद कर रहा है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बुधवार को कहा कि वाइपर रोवर को एस्ट्रोबोटिक टेक्नोलॉजी द्वारा उपलब्ध कराए गए एक लैंडर के जरिये 2023 के अंत तक प्रक्षेपित किया जाना था लेकिन अतिरिक्त परीक्षण और लागत बढ़ने के कारण इस मिशन में देरी होती रही जिससे अन्य परियोजनाओं पर खतरा मंडराने लगा है।

नासा ने बताया कि रोवर का उद्देश्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर खोजबीन करना था। इसके विकास पर अभी तक करीब 45 करोड़ डॉलर खर्च किए जा चुके हैं। अपोलो 11 मिशन की 55वीं वर्षगांठ से कुछ दिन पहले यह घोषणा की गयी है। अपोलो 11 नील आर्मस्ट्रांग और बज आल्ड्रिन को लेकर 20 जुलाई 1969 को चंद्रमा पर पहुंचा था। नासा ने बताया कि उसकी योजना अन्य परियोजनाओं के जरिए चंद्रमा पर बर्फ की मौजूदगी का अध्ययन करना है। एस्ट्रोबोटिक की अब भी अगले साल के अंत तक अपने ग्रिफिन चंद्रमा लैंडर को प्रक्षेपित करने की योजना है।

खगोल विज्ञान | नासा के मून ऑर्बिटर द्वारा पता चली महत्वपूर्ण जानकारी

# चांद पर खोजा अंतरिक्ष यात्रियों के ठहरने का ठिकाना

संवाददाता, नैनीताल



चांद पर मिली सुरंग की तस्वीर।

**अमृत विचार:** चंद्रमा पर एक आश्चर्यजनक सुरंग का पता चला है। यह सुरंग ज्वालामुखी से निकले लावा के बाहर निकलने का मार्ग है। नासा के मून ऑर्बिटर द्वारा वैज्ञानिकों की अंतर्राष्ट्रीय टीम ने ये खोज की है। यह स्थान अंतरिक्ष यात्रियों के ठहरने के लिए उपयुक्त स्थान हो सकता है।

भले ही मानव समेत कई अंतरिक्ष मिशन चंद्रमा पर चलाए गए हों, लेकिन नई खोज बेहद महत्वपूर्ण है। इस खोज से संभावना व्यक्त की जा सकती है कि चांद की सतह हैरतअंगेज कई अन्य रहस्यों का पता चल सकता है। चंद्रमा की सतह पर मिली सुरंग को लेकर शोधकर्ताओं की अंतर्राष्ट्रीय टीम का कहना है कि चंद्रमा पर सुरंगनुमा लावा ट्यूब की पहली बार पुष्टि हुई है। यह लावा ट्यूब चांद के मारे ट्रैंक्विलिटैटिस नामक सतह के नीचे है। यह वही स्थान है, जहां 1969 में अपोलो 11 उतरा था। नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर के जरिए इसका पता चला है। यह लावा ट्यूब भविष्य की खोज के लिए एक रोमांचक लक्ष्य हो सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह सुरंग अंतरिक्ष यात्रियों के आश्रय के लिए उपयोग किया जा सकता है। कई दशक से वैज्ञानिक चंद्रमा पर लावा ट्यूबों के अस्तित्व पर बहस करते आ रहे हैं। इस लावा ट्यूब सतह के नीचे एक प्राकृतिक सुरंग है, जो बहते हुए लावा से बनी हुई है। 15 जुलाई को इटली के ट्रेंटो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय टीम ने इस सुरंग की पहली संभावित पुष्टि की है। शोध दल ने 15 जुलाई को नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में निष्कर्ष प्रकाशित किया है।

### मायावी रहे हैं लावा ट्यूब

**नैनीताल:** वैज्ञानिक पहले से ही जानते थे कि चंद्रमा की सतह पर सुरंगें हैं। जिसके चलते 50 वर्षों पहले चंद्र लावा ट्यूबों के अस्तित्व का सिद्धांत दिया गया था। चंद्रमा पर ज्वालामुखीय गतिविधि का एक सुस्थापित इतिहास माना जाता रहा है। ज्वालामुखी विस्फोट अरबों साल पहले हुए होंगे। मगर अब जाकर पहली बार यह ठोस सबूत मिला है। उम्मीद है कि यह मायावी सुरंगें और भी होंगी।

# पाकिस्तान में फेसबुक और इंस्टाग्राम पर बंदिशें

लाहौर, एजेंसी

• सरकार के इस कदम को सोशल मीडिया पर पूर्ण रोक की योजना के तौर पर देखा जा रहा

पाकिस्तान की सरकार ने सोशल मीडिया मंच एक्स को करीब छह महीने तक सफलतापूर्वक प्रतिबंधित रखने के बाद फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे मंचों को भी निशाना बनाया और आम लोगों तक इनकी पहुंच रोक दी है। सरकार के इस कदम को सोशल मीडिया पर पूर्ण रोक की योजना के तौर पर देखा जा रहा है।

पाकिस्तान में बुधवार से फेसबुक और इंस्टाग्राम पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे उपयोगकर्ताओं को विभिन्न इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) के सोशल मीडिया मंच तक पहुंच बनाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ उपयोगकर्ताओं को मेटा के स्वामित्व वाले अन्य ऐप, जैसे व्हाट्सऐप के साथ भी समस्याएं आ रही हैं। पाकिस्तान की सरकार ने आम जनता तक फेसबुक और इंस्टाग्राम की पहुंच रोकने के संबंध में अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। यह प्रतिबंध उच्च न्यायपालिका, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के बीच चल रही खींचतान के बीच लगाया गया है। दूरसंचार कंपनी नयाटेल ने गुरुवार को एक्स पर कहा, पिछले दो दिन से देश भर में सभी सेवा प्रदाताओं द्वारा मुहैया कराई जा रही फेसबुक और इंस्टाग्राम सेवाएं बाधित हैं।